CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 15°C

मुरादाबाद, रविवार 29 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 222 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 9 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अफसरों की लेट-लतीफी पर योगी के मंत्री असीम अरुण ने उठाए सवाल पेज 2



धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर खेल टाइम्स



अब अगला नंबर क्यूबा का: डोनाल्ड ट्रम्प पेज 11



अल्लू अर्जुन ने किया 23 साल का फिल्मी सफर पूरा बॉलीवुड

## संक्षिप्त समाचार

### नेपाल में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाल में पुलिस ने शनिवार सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया लिया। स्थानीय मीडिया के अनुसार यह कार्रवाई पिछले साल 8 और 9 सितम्बर को हुए 'जेन-जी' विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई कथित हिंसक कार्रवाई से जुड़ी है। इस आंदोलन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस की एक टीम ने शनिवार तड़के यह कार्रवाई की। उन्हें एक सुरक्षा घेरे में लेकर काठमांडू ले जाया गया। ओली सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बातचीत केवल मोदी और ट्रम्प के बीच थी: एलन मस्क

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच इस सप्ताह मंगलवार को टेलीफोन पर हुई बातचीत के दौरान ट्रम्प के साथ अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क की कथित उपस्थिति की मीडिया की रिपोर्ट के बीच भारत ने स्पष्ट किया है कि यह वार्ता केवल मोदी और ट्रम्प के बीच हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में शनिवार को कहा कि हमने पूरी रिपोर्ट देखी है। 24 मार्च को हुई टेलीफोन बातचीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच ही हुई थी। दोनों नेताओं की इस बातचीत के बारे में प्रवक्ता ने कहा कि जैसा कि पहले भी कहा जा चुका है, इससे पश्चिम एशिया की स्थिति पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिला।

### इंडिगो के विमान का एक इंजन खराब, दिल्ली में आपात लैंडिंग

**नई दिल्ली।** विशाखापत्तनम से शनिवार को दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट में एक इंजन खराब होने के कारण दिल्ली में पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर उसकी लैंडिंग कराई गई। सूत्रों के अनुसार, यह बोइंग बी737-800 विमान (पंजीकरण संख्या टीसी-सीओएन) था। इसमें 161 यात्री सवार थे। विमान की सुबह 10:54 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग हुई। इस दौरान फायर फाइटिंग की टीम, मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मियों की टीम पूरी तरह तैयार थी। यात्रियों को सुरक्षित उतारकर विमान की जांच की जा रही है। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च को उड़ान संख्या 6ई 579 विशाखापत्तनम से दिल्ली आ रही थी। दिल्ली में उतरने से कुछ समय पहले तकनीकी खामी का पता चला। प्रवक्ता ने बताया कि सावधानी बरतते हुए पायलट ने प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग की अनुमति मांगी। सभी संबंधित एजेंसियों को घटना की जानकारी दे दी गई है और विमान की जरूरी जांच की जा रही है।

# विकसित उप्र की 'उड़ान' का प्रतीक बना नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण का भव्य शुभारंभ करते हुए इसे विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश अभियान का मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर उन्होंने एयरपोर्ट के कार्गो टर्मिनल का लोकार्पण किया और 40 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाली अत्याधुनिक एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) सुविधा का शिलान्यास भी किया।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह एयरपोर्ट केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना नहीं, बल्कि उत्तर भारत के लिए लॉजिस्टिक गेटवे के रूप में कार्य करेगा, जिससे निवेश, व्यापार और निर्यात को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह एयरपोर्ट आगरा, मथुरा, अलीगढ़, मेरठ, गाजियाबाद और बुलंदशहर समेत पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए विकास का नया द्वार खोलेगा। इससे किसानों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा युवाओं को व्यापक अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने स्थानीय किसानों के योगदान को सराहते हुए कहा कि उनकी भूमि के कारण ही यह परियोजना साकार हो सकी है और अब कृषि उत्पाद वैश्विक बाजारों तक आसानी से पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि जेवर एयरपोर्ट मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी का उत्कृष्ट उदाहरण होगा, जहां सड़क, रेल और हवाई परिवहन का निर्बाध समन्वय सुनिश्चित किया गया है। कार्गो हब प्रारंभिक चरण में 2.5 लाख मीट्रिक टन वार्षिक क्षमता के साथ कार्य करेगा, जिसे भविष्य में 18 लाख मीट्रिक टन तक बढ़ाया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान में भारत के लगभग 85 प्रतिशत विमान एमआरओ सेवाओं के लिए विदेश भेजे जाते हैं, जिससे भारी व्यय होता है। जेवर में बनने वाली यह सुविधा देश को इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाएगी और हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एयरपोर्ट नेटवर्क का तेजी से विस्तार हुआ है और अब यह देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। वर्ष 2003 में स्वीकृत यह परियोजना लंबे समय तक लंबित रही, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से इसे गति मिली और आज यह धरातल पर उतर सकी है।

**विकसित भारत-विकसित उप्र अभियान को मील का पत्थर बताया**

## यूपी बनेगा ग्लोबल कनेक्टिविटी का केंद्र : योगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के प्रथम चरण के उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए इसे नए उत्तर प्रदेश की नई पहचान बताया।

उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जहां देशभर में उत्साह का माहौल है, वहीं वैश्विक स्तर पर अस्थिरता और संकट की स्थिति बनी हुई है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें दुनिया में बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में आपूर्ति सुचारू है और कीमतें नियंत्रित हैं। उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शासनकाल में उत्तर प्रदेश विकास में बाधा बना हुआ था, लेकिन डबल इंजन सरकार के बाद राज्य ने तेज गति से विकास किया है और अब बॉटल नेक से ब्रेकथ्रू की ओर बढ़ रहा है।

# भारत के दो और जहाज होर्मुज से हुए सुरक्षित पार

## जंग के कारण ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण इस क्षेत्र से विभिन्न ऊर्जा उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित होने के बीच राहत की खबर है कि पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारत के दो और व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश आ चुके हैं।

सूत्रों के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों से लदे भारतीय ध्वज वाले दो व्यापारिक जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को सुरक्षित पार कर लिया है। भारतीय नौसेना के क्षेत्र में तैनात युद्धपोत जरूरत पड़ने इन जहाजों की सुरक्षा के लिए तैयार रखे गए हैं। हालांकि इन जहाजों के नाम और इनमें लदे उत्पादों तथा इनमें सवार लोगों के बारे में पुष्ट जानकारी नहीं दी गई है। ईरान कई बार यह बात कह चुका है कि वह भारत सहित कुछ मित्रों के जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से बिना रुकावट के गुजरने देगा। भारत पश्चिम एशिया संकट के बाद से क्षेत्र में फंसे अपने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित निकासी के लिए अलग-अलग स्तर पर संबंधित पक्षों के साथ निरंतर संपर्क बनाए हुए है और इसी का परिणाम है कि भारतीय जहाज धीरे-धीरे इस क्षेत्र से निकलने में सफल हो रहे हैं। इस बीच बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को एक ब्रीफिंग के दौरान पुष्टि की थी कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक दल सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा था कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी क्षेत्र में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या नाविकों से संबंधित कोई घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। 20 जहाजों पर सवार सभी 540 नाविक सुरक्षित हैं। महानिदेशक नौवहन के संचार केंद्र जो 24 घंटे सक्रिय रहता है ने 98 कॉल और 335 ईमेल का निपटारा किया तथा 25 भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की। भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर शिवालिक, नंदा देवी, पाइन गैस और जग वसंत पहले ही होर्मुज स्ट्रेट को पार कर देश आ चुके हैं।

**इससे पहले भी भारत के एलपीजी से लदे चार टैंकर होर्मुज स्ट्रेट के मार्ग से स्वदेश पहुंच चुके**

### अबू धाबी में ईरान के मिसाइल हमले, पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी घायल

**अबू धाबी।** अबू धाबी में ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले का मलबा गिरने से शनिवार तड़के पांच भारतीय और एक पाकिस्तानी नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी प्रशासन ने इसकी पुष्टि की है। अबू धाबी मीडिया कार्यालय के अनुसार, खलीफा इकोनॉमिक जोन्स अबू धाबी (केजाड) के आसपास हुई घटना के संबंध में की गई समीक्षा के तहत यह पुष्टि हुई है कि इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों को हल्की चोटें आई हैं। कार्यालय ने बताया कि वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक अवरोधित किए जाने के बाद गिरा मलबा तीन स्थानों पर आग लगने का कारण बना। इस घटना में एक पाकिस्तानी नागरिक भी घायल हुआ, जिससे कुल घायलों की संख्या छह हो गई है।

# ईरान जंग में हूती विद्रोही भी हुए शामिल

## इजरायल पर 2000 किमी से बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन/सना।** यमन में हूती बलों ने कहा है कि उन्होंने ईरान, लेबनान, इराक और फलस्तीनी क्षेत्रों पर हमलों के जवाब में इजरायल के सैन्य ठिकानों पर 2000 किमी की दूरी से बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं।

संघर्ष शुरू होने के बाद यह इजरायल पर उनका पहला हमला है। हूती के हमले ऐसे समय हुए हैं जब अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष तेज हो गया है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सरी ने अल-मसीरा टीवी के हवाले से कहा कि हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक घोषित उद्देश्यों को हासिल नहीं किया जाता और प्रतिरोध के सभी मोर्चों पर आक्रमण बंद नहीं होता। इजरायली सेना ने कहा कि उसने एक मिसाइल को मार गिराया। ये हमले ब्रिगेडियर सरी के उस बयान के बाद हुए, जिसमें उन्होंने संकेत दिया था कि हूती इस संघर्ष में शामिल होंगे। उन्होंने कहा था कि संवेदनशील इजरायली सैन्य ठिकाने उनका निशाना होंगे। रात के दौरान बीर शेबा सहित कई इलाकों और इजरायल के प्रमुख परमाणु अनुसंधान केंद्र के पास सायरन बजे, जबकि ईरान और हिजबुल्लाह ने इजरायल पर हमले जारी रखे। हूती 2014 से यमन की राजधानी सना पर नियंत्रण रखते हैं और अब तक अमेरिका-इजरायल संघर्ष से मोटे तौर पर बाहर रहे थे। इजरायल की सेना ने कम से कम एक मिसाइल को रोकने की पुष्टि की है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध में हूती हस्तक्षेप से लाल सागर के पास एक नया मोर्चा खुलने की आशंका बढ़ गई है।



**कहा: मकसद पूरा होने तक हमला जारी रहेगा**

### अलगाववादी नेता शब्बीर को मिली बेल

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने शनिवार को कश्मीरी अलगाववादी नेता शब्बीर शाह को मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश (एनआईए) प्रशांत शर्मा ने उन्हें एक लाख रुपये के जमानत बॉन्ड और एक लाख रुपये की सिक्योरिटी बॉन्ड पर रिहा किया। शब्बीर शाह 2019 से हिरासत में थे।

# मैनाठेर बवाल मामला: डीआईजी पर हमले में 16 दोषियों को उम्रकैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में वर्ष 2011 के चर्चित मैनाठेर बवाल मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए डीआईजी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एडीजे द्वितीय कृष्ण कुमार की अदालत ने शनिवार को यह निर्णय सुनाया।

शासकीय अधिवक्ता बृजराज सिंह के अनुसार, 23 मार्च को सभी 16 आरोपियों को दोषी करार दिया गया था, जबकि सजा सुनाने की तिथि 27 मार्च निर्धारित थी, लेकिन अवकाश के कारण शनिवार को सजा सुनाई गई। यह घटना 6 जुलाई 2011 को मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव में हुई थी। एक युवती से छेड़खानी के आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पहुंची पुलिस टीम का ग्रामीणों ने विरोध किया। महिलाओं द्वारा कुरान के अपमान का आरोप लगाए जाने के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया और देखते ही देखते भीड़ ने उग्र रूप धारण कर लिया। उग्र भीड़ ने तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार सिंह (वर्तमान में एडीजीपी) को घेर लिया। उनकी पिस्टल छीन ली गई और उन्हें बेरहमी से पीटा गया। जान बचाने के लिए डीआईजी पास के पेट्रोल पंप के कमरे में छिपे, लेकिन भीड़ ने दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाल लिया और हमला जारी रखा। इस घटना में डीआईजी सहित 10 पुलिसकर्मी और कुल 18 लोग घायल हुए थे। उपद्रवियों ने पुलिस वाहनों और चौकी में तोड़फोड़ कर आगजनी भी की थी। पुलिस ने इस मामले में 33 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिनमें से 25 को गिरफ्तार किया गया। तीन आरोपियों की सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी है, जबकि छह नाबालिगों के मामले अलग चल रहे हैं। लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद अदालत ने 16 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाए जाने के बाद अदालत परिसर में भावुक माहौल देखने को मिला।

**उग्र भीड़ ने डीआईजी अशोक कुमार को पिस्टल छीनकर बेरहमी से पीटा था**

# 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर की होगी आपूर्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक घटनाक्रम में सरकारी खरीद पोर्टल (जीईएम) के माध्यम से अपना पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया है जिसे रक्षा अधिग्रहण में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार 'भारतीय खरीदो' श्रेणी के अंतर्गत इस अनुबंध में मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से 25.90 करोड़ रुपये की लागत पर 93 टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद की जाएगी। यह खरीद सेना की अधिग्रहण प्रक्रिया में एक परिवर्तनकारी बदलाव को दर्शाती है, जिसमें पूंजीगत खरीद के लिए जीईएम पोर्टल का इस्तेमाल किया गया है। इस पहल से खरीद प्रक्रिया के समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही निर्धारित प्रक्रियाओं का पूर्ण पालन और प्रक्रियात्मक अखंडता भी सुनिश्चित होगी। इस पारदर्शी, कुशल और प्रौद्योगिकी-सक्षम मार्ग को अपनाकर, भारतीय सेना ने महत्वपूर्ण उपकरणों की तेज और अधिक सुव्यवस्थित खरीद के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। यह कदम जीईएम के माध्यम से इसी प्रकार की खरीद प्रक्रियाओं को अपनाने के लिए व्यापक संस्थागत महत्व भी रखता है। व्यापक स्तर पर, यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार के प्रयासों को सुदृढ़ करता है और सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करने में भारतीय उद्योग की अधिक भागीदारी को बढ़ावा देता है। इन टेलीस्कोपिक हैंडलर्स की खरीद से विभिन्न परिचालन परिस्थितियों में भारतीय सेना की लॉजिस्टिक्स और सामग्री प्रबंधन क्षमताओं में और वृद्धि होगी।

**सेना ने ऐतिहासिक घटनाक्रम में जीईएम पर पहला पूंजीगत खरीद अनुबंध किया**

## भारतीय सेना नई मारक शक्ति से लैस

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने शनिवार को प्रहार लाइट मशीन गनों (एलएमजी) की पहली खेप सेना को सौंप दी। 7.62 मिमी कैलिबर की इन आधुनिक मशीन गनों का निर्माण ग्वालियर स्थित कंपनी के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में मेक इन इंडिया पहल के तहत किया गया है।

इस मौके पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्रालय के डीजी (अधिग्रहण) ए. अंबरासु, अदानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अंबरासु ने सेना के लिए तैयार की गई पहली खेप करीब 2,000 एलएमजी को लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आशीष राजवंशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की यात्रा बोली प्रक्रिया से शुरू होकर करीब छह साल में पूरी हुई है और कंपनी ने तय समय से 11 महीने पहले डिलीवरी कर दी है। उन्होंने कहा कि मूल समयसीमा सात साल से अधिक की थी, लेकिन कंपनी अगले तीन वर्षों में पूरे ऑर्डर को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।



**डिलीवर हुई प्रहार लाइट मशीन गन की पहली खेप**

# बंद मकान से लाखों की चोरी

## विदेशी मुद्रा व कीमती सामान चोरों न किया पार, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम नवादा चौहान में एनआरआई के बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर चोर अमेरिकी डॉलर, इंडोनेशियाई मुद्रा और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम नवादा चौहान निवासी चंद्र प्रकाश चौहान पूर्व में विदेश में कार्यरत थे। वर्तमान में वह सपरिवार धामपुर में रहते हैं। नवादा चौहान स्थित उनका पैतृक मकान पिछले कुछ समय से बंद था।



बीती रात चोरों ने मकान के पिछले दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने घर के कमरों और अलमारियों की तलाशी ली।

चोरी हुए सामान में 300 अमेरिकी डॉलर, लगभग 20 हजार रुपए मूल्य की इंडोनेशियाई मुद्रा, एक गैस सिलेंडर, रसोई के अन्य कीमती सामान और चांदी की पाजेब व अन्य आभूषण शामिल हैं। चोरी की जानकारी शनिवार दोपहर करीब 12 बजे मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित परिवार से तहरीर लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बंद मकानों को निशाना बनाने वाली घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इलाके में असुरक्षा का माहौल बताया है।

कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि जल्द ही चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल, चोरों का सुराग लगाने के लिए आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# फुफेरी बहन की शादी में आये युवक से मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर के एक बैंकेट हॉल में आयोजित शादी समारोह के दौरान फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने आए युवक के साथ कुछ युवकों ने जमकर मारपीट की। घटना की वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

स्थानीय नई बस्ती निवासी जीशान पुत्र इकरामुद्दीन ने शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 26 मार्च 26 को अपनी फुफेरी बहन की शादी में ताल पैलेस बैंकेट हॉल गया हुआ था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए जमकर

### घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

मारपीट की। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एक युवक को पकड़ कर पूछताछ के लिए थाने ले गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी अपने कब्जे में ले ली है। पीड़ित युवक ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शहर कोतवाल का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### विहिप ने की कड़ी कार्यवाही की मांग



**नांगल सोती।** ग्राम कामराजपुर निवासी सुमित कुमार के साथ गांव के ही मोहम्मद नईम की बुधवार को कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया था। बाद में सुमित कुमार अपने तहेरे भाई शिवम के साथ रात्रि में तिसोतरा जा रहा था। इसी दौरान नईम ने अपने साथियों के साथ मिलकर सुमित और शिवम के साथ मारपीट की थी। जिसमें वह दोनों घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छह आरोपियों को जेल भेज दिया था। शनिवार को पीड़ित पक्ष के साथ विहिप के प्रांत गोरक्षा प्रमुख कैलाश उपाध्याय, सिंधुराज, शिवध्यान सिंह, सुधीर भुईयार, संदीप एड., दीपक देशवाल, विनीत कुमार, विकास कुमार, अंकित बजरंगी आदि कार्यकर्ता नांगल थाने पहुंचे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि दोनों युवक गंभीर घायल है। जिनका मेडिकल कराने में लापरवाही बरती गई है। उन्होंने पुलिस से घटना में शामिल फरार चल रहे आरोपियों कि जल्द गिरफ्तारी की मांग की। उधर, थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने मामले में आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी करने और कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### सरस्वती विद्या मन्दिर का परीक्षाफल घोषित

**नगीना।** रामलीला बाग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्साहपूर्वक घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनिल कुमार चौहान (जीएम, द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज) व जितेंद्र कुमार (शाखा प्रबंधक एसबीआई) ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय का कुल परिणाम शत-प्रतिशत रहा। मेधावियों में जानवी (97.6 प्रतिशत) और विधि चौहान (83.2 प्रतिशत) ने शानदार प्रदर्शन किया। जबकि विराज मिश्रा (91.2 प्रतिशत) और वंदना (88.3 प्रतिशत) ने अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आदित्य शर्मा ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ बाजी मारी। शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए इशिका और निकिता को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक डा. संदीप शर्मा व प्रधानाचार्य महेश सिंह ने सभी सफल भैया-बहिनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रबंध समिति के पदाधिकारी व अभिभावक मौजूद रहे।

### घटतौली के आरोप निराधार



**नांगल सोती।** जांच में उत्तम शुगर मिल का कांटा शुद्ध तौल करते पाया गया। इसके विपरीत ग्राम कमराजपुर का धर्मकांटा अशुद्ध तौल करते पाया गया। जांच के बाद किसानों द्वारा उत्तम शुगर मिल पर लगाए गए घटतौली के आरोप निराधार निकले। आज क्षेत्र के कुछ किसान भगवती देवी पत्नी नरेश कुमार निवासी हरचंदपुर की ट्रैक्टर ट्राली को ग्राम कमराजपुर के एक धर्मकांटे पर तौल कर उत्तम शुगर मिल बरकतपुर गन्ना तौलने पहुंचे। जिसके बाद किसानों ने उत्तम शुगर मिल के कांटे पर तौलने के लिए ट्रैक्टर ट्राली को चढ़ा दिया। किसानों ने आरोप लगा दिया कि कमराजपुर धर्मकांटे की अपेक्षा मिल के कांटे में 35 किलो का अंतर पाया गया है, और हंगामा शुरू करते हुए जांच की मांग पर अड़ गए। किसानों की मांग पर बाट माप निरीक्षक दीप्ति श्रीवास्तव, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बरकतपुर, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक नजीबाबाद और खांडसारी निरीक्षक जांच के लिए पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों के सामने कई बार अलग-अलग वजन के बाट डालकर मिल के कांटे की जांच की, लेकिन मिल का कांटा हर बार शुद्ध तौल करते पाया गया। जिसके बाद किसानों ने कमराजपुर जाकर उस धर्मकांटे की जांच की। जिस पर किसान गन्ना तौलकर लाए थे, तो धर्मकांटा अशुद्ध तौल करते पाया गया। जांच में किसानों द्वारा मिल पर लगाए गए घटतौली के आरोप निराधार पाए गए।

### महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक



**बिजनौर।** जनपद के नांगल थाना क्षेत्र में 'मिशन शक्ति अभियान 5.0' के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम 28 मार्च 2026 को मौहल्ला जोशियान, ग्राम नांगल में आयोजित किया गया। महिला आरक्षी पूजा (नंबर 723) और महिला आरक्षी शिल्पा (नंबर 67) ने इस जागरूकता अभियान का नेतृत्व किया। अभियान के दौरान, महिलाओं और बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना और कन्या सुमंगला योजना शामिल थीं। इन योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। इनमें 1090 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 102 गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशु के लिए एम्बुलेंस, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन और 1930 साइबर फ्रेंड हेल्पलाइन शामिल थे। इन नंबरों से संबंधित जानकारी वाले पंपलेट भी बांटे गए।

# भाकियू का धरना समाप्त



**बिजनौर।** बिजली घर बुखारा नंबर 9 पर कल से चल रहा भारतीय किसान यूनियन टिकैत का धरना समाप्त हो गया। विद्युत सब स्टेशन पर तैनात जेई द्वारा न्यू कॉलोनी में किसान सतपाल सिंह से बिजली का खंभा हटाने के नाम पर 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी गई थी। जेई की इस हरकत का पता भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं को चला तो उनमें रोष व्याप्त हो गया। विरोध में भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था। आज बिजली विभाग के अधिकारी धरना स्थल पर पहुंचे और जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान से घरना समाप्त करने का अनुरोध किया। साथ ही किसान की समस्याओं का शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा किसी भी किसान से कोई रिश्वत नहीं मांगी जाएगी और भविष्य में किसी भी किसान को परेशान नहीं किया जाएगा। अधिकारियों के आश्वासन पर जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने धरना स्थगित करने की घोषणा की। धरने पर अरुण चौधरी, कोमन सिंह, रजनी अहलावत, दीपक तोमर, नीतू चौधरी, दिनेश कुमार, सतपाल सिंह, मोनू प्रधान आदि किसान मौजूद रहे।

# पालिका में संचारी रोग नियंत्रण पर बैठक

## ईओ ने सफाई, जागरूकता और एंटी-लार्वा छिड़काव के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बैठक की अध्यक्ष कर रहे पालिका ईओ ओम गिरी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान मुख्य उद्देश्य संचारी रोगा, जैसे डेंगू और मलेरिया के प्रसार को रोकना है। ईओ ने कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और जलभराव वाले क्षेत्रों में एंटी-लार्वा दवाओं का छिड़काव करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। ईओ ने इस बात पर जोर दिया



गया कि संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी कर्मचारियों का सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

ईओ ने चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने सभी कर्मचारियों से अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देने की अपील की। नहटौर नगर पालिका का यह कदम संचारी रोगों के खतरे को कम करने और शहरवासियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

# थाना परिसर में समाधान दिवस

## फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार समाधान दिवस में दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें भूमि विवाद, आपसी रंजिश, रास्ते के झगड़े और राजस्व संबंधी मामले प्रमुख रूप से सामने आए। समाधान दिवस के दौरान प्रशासन की सक्रियता और सजगता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

थाना अध्यक्ष ने एक-एक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से भूमि से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व विभाग के लेखपालों की मौजूदगी ने प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बना दिया।

पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर ही दो भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण कर मिसाल पेश की। दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुना गया और आपसी सहमति के आधार पर विवाद का समाधान कराया गया। जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली। इस त्वरित कार्रवाई से न केवल फरियादियों के चेहरे पर संतोष दिखाई दिया, बल्कि प्रशासन के प्रति उनका विश्वास भी मजबूत हुआ।

थाना अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आम जनता को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का शीघ्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि समाधान दिवस जैसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो शिकायतें मौके पर निस्तारित नहीं हो सकीं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द हल किया जाए और फरियादियों को समयबद्ध तरीके से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समाधान दिवस के सफल आयोजन से स्थानीय नागरिकों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला। लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार पारदर्शी और त्वरित कार्यवाही जारी रहेगी, जिससे आमजन को राहत मिलती रहे। कुल मिलाकर, शेरकोट थाना परिसर में आयोजित यह समाधान दिवस शासन की जनहितकारी नीतियों को जमीन पर उतारने की दिशा में एक प्रभावी कदम साबित हुआ।

# सड़क दुर्घटना में घायल की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** तीन दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल ग्राम मानियावाला निवासी व्यक्ति की आज इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मानियावाला निवासी उदरेश सिंह (52 वर्ष) पुत्र हरकेश सिंह 26 मार्च को शाम 5.30 अपने पिता के अंत्येष्टि स्थल से पूजा कर अपने भांजे अनित के साथ बाइक द्वारा वापस घर लौट रहा था कि गांव के समीप बहने वाली बनेली नदी के पुल के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मारी दी। जिस कारण उदरेश के सर में गंभीर चोट आई। जिसे परिजनों द्वारा तत्काल पीएचसी कासमपुर गढ़ी ले जाया गया। वहां से सीएचसी

### परिजनों में मचा कोहराम

अफजलगढ़ भेज दिया गया। चिकित्सक द्वारा गंभीर अवस्था देखते हुए उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। तब परिजनों ने उदरेश को काशीपुर (उत्तराखंड) स्थित सहौता अस्पताल भर्ती कराया। जहां आज सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था। शाम शव घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में मृतक के भाई सौ सिंह पुत्र हरकेश सिंह द्वारा मुकदमा दर्ज कराए मुकदमे के बाद पिकअप की तलाश शुरू कर दी गई है।

### रामनवमी पर एक लाख दीपों से जगमग हुआ रामलीला मैदान



**बिजनौर।** रामनवमी पर कल नगर का रामलीला मैदान एक लाख दीपों से जगमगा उठा। रामलीला समिति की ओर से दीपोत्सव मनाया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने दीप जलाकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिनमें महिलाओं की संख्या उल्लेखनीय रही। दीपोत्सव से पूर्व रामलीला समिति की ओर से नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। दीपों की रोशनी से पूरा रामलीला मैदान प्रकाशित हो उठा। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर रामलीला समिति के मुख्य संरक्षक संजय गुप्ता, अध्यक्ष अचल अग्रवाल, महामंत्री राहुल शर्मा, संयोजक नीरज शर्मा सभासद समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# गन्ना विकास समिति की वार्षिक बजट बैठक

## प्रदेश में प्रथम स्थान आना समिति किसानों का सम्मान : तपराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गन्ना विकास समिति लिमिटेड की वार्षिक बजट बैठक आज समिति के सभापति ब्रजकुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड को कार्यों में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर प्रबंध समिति व किसानों का सम्मान बताया। प्रगतिशील किसानों की एक कमेटी गठित करने के उपरांत उनके अनुभव का लाभ उठाते हुए कृषि यंत्र में दवाई खरीदी जाए। जिससे किसानों को लाभ हो, जबरन एजेंट द्वारा समिति पर थोपे जाने वाले कृषि यंत्र व दवाई खरीद कर बजट या राशि का दुरुपयोग न किया जाए। साथ ही किसानों को प्रशिक्षण की व्यवस्था भी की जाए। इसका प्रावधान बजट में किया गया है।

बैठक में गन्ना समिति के सचिव द्वारा इतिहास 26-27 हेतु सभी माधो हेतु प्रस्तावित बजट राशि



प्रस्तुत की। जिसमें कृषि यंत्रों, खाद भवन निर्माण, किसान प्रशिक्षण कर्मचारी, प्रशिक्षण व अन्य मदों को कई गुना बढ़ाकर पास किया गया है। जिससे समिति के होने वाले लाभ का फायदा समितियों के किसानों को मिल सके।

समिति के सभापति बृज कुमार सिंह द्वारा बैठक के अंत में सभी उपस्थित किसान प्रतिनिधियों का धन्यवाद दिया। किसान हित में ईमानदारी से कार्य करने हेतु शपथ ली।

बैठक में ग्राम प्रधान राहुल हुड्डा, समिति के संचालक सुधीर कुमार, चरणजीत सिंह, रोहित कुमार एड., बृजराज सिंह और चीनी मिल उपाध्यक्ष सुनील चौधरी, बागराज सिंह, राघव प्रताप एड. उपस्थित रहे।

# मत्स्य कोष को 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर की अतिरिक्त सहायता

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया ने विश्व व्यापार सगठन (डब्ल्यूटीओ) के मत्स्य कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान किया है। यह जानकारी डब्ल्यूटीओ की आधिकारिक वेबवाइट पर एक ताजा रिपोर्ट में दी गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है, आस्ट्रेलिया की सरकार ने डब्ल्यूटीओ फिश फंड (मत्स्य पालन वित्तपोषण तंत्र) में 20 लाख अस्ट्रेलियाई डॉलर का अतिरिक्त योगदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसका उद्देश्य विकासशील और सबसे कम विकसित सदस्य देशों को 'मत्स्य पालन सब्सिडी समझौते' को लागू करने में सहायता प्रदान करना है। आस्ट्रेलिया ने इससे पहले मई 2023 में इस कोष में 20 लाख आस्ट्रेलियाई डालर का योगदान किया था। डब्ल्यूटीओ के 2022 के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में मत्स्य उद्योग-व्यापार पर एक आंशिक समझौता अपनाया गया था, जिसमें गैर-कानूनी, बेहिंसाब और अनियमित मछली पकड़ने पर सब्सिडी पर रोक लगाने का प्रावधान है। इसमें किसी एक समुद्री क्षेत्र से मछली पकड़ने की अतिशय क्रियाओं का आंशिक समाधान भी शामिल है। क्षमता से अधिक गतिविधियों और जरूरत से ज्यादा मछली पकड़ने से जुड़ी सब्सिडी पर बातचीत अभी भी चल रही है, जहां भारत अपने छोटे मछआरों के हितों को लेकर चिंतित है। भारत का कहना है कि विकासशील देशों को उस समस्या के लिए सजा न दी जाए, जिसे ज्यादातर विकसित देशों ने पैदा किया है।

# न्यायपालिका पर 'सेटिंग' का आरोप लगाने के लिए माफी मांगें रेखा गुप्ताः आप

**नई दिल्ली, वार्ता**

आम आदमी पार्टी ने न्यायपालिका के लिए 'सेटिंग' जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल करने के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को देश से माफी मांगने की मांग की है। आप की वरिष्ठ नेता राखी बिडलान ने कहा कि देशवासियों को भारतीय न्यायपालिका पर अटूट विश्वास है और श्रीमती गुप्ता ने 'सेटिंग' का आरोप लगाकर इस विश्वास का कत्ल किया है। जब अदालत में भाजपा के झूठे षड्यंत्र का नकाब उतर गया तो बौखलाहट में वह न्यायपालिका पर आरोप लगाने लगीं।

उन्होंने कहा कि श्रीमती गुप्ता मुख्यमंत्री पद के योग्य नहीं हैं, लेकिन भाजपा के शीर्ष नेताओं से सेटिंग के चलते वह मुख्यमंत्री बन गई हैं। उन्होंने भाजपा से

### अदालत में भाजपा के झूठे षड़यंत्र का नकाब उतर गया

पूछा कि क्या भाजपा मुख्यमंत्री के बयान से सहमत है और क्या अदालत से सेटिंग कर आप नेताओं के खिलाफ फैसले कराए गए? उन्होंने कहा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने एक संवैधानिक पद को संभालते हुए अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना बात कही और देश की न्यायपालिका तथा सीबीआई की विशेष अदालत के खिलाफ 'सेटिंग' जैसे शब्द का प्रयोग किया, जिसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए। न्यायपालिका के संदर्भ में इस शब्द का प्रयोग करने के लिए मुख्यमंत्री को शर्म आनी चाहिए और उन्हें इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। देश की न्यायपालिका पर 140 करोड़ लोगों का अटूट विश्वास है। भारत की न्यायपालिका बहुत ही गहनता और बारीकी के साथ हर एक मामले पर विचार-विमर्श करके अपना फैसला सुनाती है। आप नेता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं, लेकिन उनमें से श्रीमती गुप्ता को ही मुख्यमंत्री पद के लिए चुना गया। उनके पास तीन या चार बार विधायक होने का कोई अनुभव नहीं है। पार्षद रहते हुए भी उन्होंने कोई ऐसा ऐतिहासिक काम नहीं किया, जिससे उन्हें दिल्ली- एनसीआर या देश में भारी लोकप्रियता मिली हो। वे भाजपा के किसी शीर्ष पद पर भी आसीन नहीं थीं। इसका सीधा मतलब है कि भाजपा में उनकी पूर्ण रूप से सेटिंग थी। इसी वजह से इतने वरिष्ठ नेताओं को पीछे छोड़कर उन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# अप्रैल में बिजली उपभोक्ताओं पर फिर बढ़ेगा बोझ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को अप्रैल माह में एक बार फिर झटका लगने के आसार हैं।

ईंधन अधिभार शुल्क (फ्यूल सरचार्ज) में 2.14 प्रतिशत की वृद्धि के चलते प्रदेश के उपभोक्ताओं पर लगभग 142 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि मार्च में ईंधन अधिभार शुल्क में 2.42 प्रतिशत की कमी की गई थी, जिससे उपभोक्ताओं को करीब 141 करोड़ रुपये की राहत मिली थी, हालांकि अब अप्रैल में यह राहत खत्म होती दिख रही है।



उन्होंने बताया कि पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जनवरी 2026 के लिए लागू ईंधन अधिभार शुल्क को अप्रैल 2026 के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा, जिसकी दर 2.14 प्रतिशत तय की गई है। इससे प्रदेश के उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। उपभोक्ता परिषद ने ईंधन अधिभार वसूली के फार्मूले पर सवाल उठाते हुए विद्युत नियामक आयोग से इसकी जांच कराने की मांग की है।

# प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड के चारों अभियुक्त बरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेंद्र कुमार ने प्रॉपर्टी डीलर सुशील हत्याकांड के चारों अभियुक्तों को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता के अनुसार सुशील कुमार उर्फ टोनी पुत्र रामदिया चांदपुर रोड प्रॉपर्टी डीलर का काम करता था। मृतक सुशील ने अपनी नौ बीघा से अधिक जमीन मौहल्ला खत्रियान निवासी हसीन पुत्र नफीस अहमद, मिर्दगान निवासी वसीम पुत्र फखरुद्दीन, अतुल चौधरी पुत्र आदित्यवीर, नईमुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन, शुभम चौधरी पुत्र सतेन्द्र चौधरी और अरनव चौधरी को तीन करोड़ 90 लाख में मौखिक एग्रीमेंट किया था। सभी ने सुशील को 40 लाख रुपए एडवांस दे दिए थे। इन लोगों ने बिना पैसे दिए बैनामा करने का दबाव सुशील पर बना रहे थे। इन लोगों ने शूटर बुलाकर सेंट मैरिज चौराहे के पास 29 मई 24 को नजीबाबाद रोड पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने सबको 120 बी के तहत सभी को जेल भेज दिया था।

इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेन्द्र कुमार ने संदेह का लाभ देकर सभी अभियुक्तों को बरी कर दिया।

# मारपीट कांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

## 13 मार्च को दर्ज हुआ था मामला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** पुलिस ने मारपीट के एक गंभीर मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इस मामले ने उस समय गंभीर रूप ले लिया था, जब घायल वादी के पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई, जिसके बाद मुकदमे में गंभीर धाराएं बढ़ा दी गईं।

मामला 13 मार्च का है, जब टीकम पुत्र रामपाल, निवासी ग्राम हुसैनपुर औरंगाबाद, थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर ने नजीबाबाद थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम के ही धर्मवीर, मोनू और मोहित ने उनके और उनके पिता के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट की।

घटना में टीकम और उनके पिता रामपाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान रामपाल की मौत हो गई, जिससे मामला और गंभीर हो गया। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105/3(5)/191(2) बढ़ा दी।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर इस मामले में सोनू कुमार पुत्र छोटू सिंह, निवासी ग्राम शेखपुर लाला का नाम भी सामने आया। इसके बाद पुलिस ने उसे भी अभियुक्त बनाते हुए तलाश शुरू की। इस मामले में मुख्य आरोपी धर्मवीर को पुलिस ने 16 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके बाद से पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त मोनू उर्फ मनमोहन और सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नरेंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल सोमपाल, कांस्टेबल विवेक और पुष्पेंद्र शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है और शेष आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।

# शराबी नेता ने नमाजी को ताजपोशी से रोकने के लिए बताया अय्याश

## त्रिमूर्ति दिखा रही औकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक प्रमुख पार्टी में पद की लड़ाई में त्रिमूर्ति ने नीचता की हदें पार कर दी है। सूत्रों के मुताबिक शराबी नेता ने अपने गुर्गे को महत्वपूर्ण पद पर बैठाने के लिए पहले तो अटैची चोरों को इस्तेमाल किया और जब इससे भी बात नहीं बनी तो दौड़ में आगे चल रहे नमाजी नेता की छवि खराब करने के लिए उसे अय्याश बताना शुरू कर दिया। मगर शराबी नेता के द्वारा त्रिमूर्ति के साथ मिल कर रची गई साजिश का खुलासा होने और उलेमाओं तक यह बात पहुंचने से अब जमकर फजीता हो रहा है।

गौरतलब है कि एक प्रमुख पार्टी में पद को लेकर लड़ाई चल रही है। पद को हासिल करने के लिए ऐसे-ऐसे दावेदार सामने आ रहे है, जो वार्ड मैम्बरी और प्रधानी का चुनाव भी नहीं जीत सकते है। वह अपने स्तर से हर संभव प्रयास कर रहे है। एक-दूसरे को कमजोर दावेदार दिखाने के लिए बिल्कुल ही निराधार व फर्जी आरोप लगाए जा रहे है। इस बीच एक नया मामला साने आया है। सूत्रों के मुताबिक एक शराबी नेता ने अपने गुर्गे को पद दिलवाने के लिए शुरू में अटैची चोरों को इस्तेमाल किया। मगर सरेआम फजीहत हो गई। इसके बाद शराबी नेता ने नया दांव चला और त्रिमूर्ति के साथ मिल कर पद के करीब पहुंच चुके नमाजी नेता की छवि खराब करने के लिए उस पर दिल्ली में जा कर अय्याशी करने का आरोप लगा दिया। नमाजी नेता पर कई तरह के आरोप भी लगाए गए। आरोप तो बंद कमरे में लगाए गए थे, मगर इसकी चर्चा अब राजनीतिक गलियारों में हो रही है। शराबी नेता के द्वारा खिलाए गए गुल भी अब सभी की जुबान पर चर्चा है। कहा जा रहा है कि चर्चित शराबी नेता को इतनी गंदी हरकत नहीं करनी चाहिए थी। पहले खुद उसे अपने गिरेबा में झांक कर देखना चाहिए था। शराबी नेता के साथ सुर मिलाने वाले नेताओं के बारे में भी उलेमाओं और जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को पता चल गया है। कार्यकर्ताओं के द्वारा आपसी चर्चा में कहा जा रहा है कि सभी पदों पर इनका ठेका नहीं हो गया है। इनकी बात को बिल्कुल भी नहीं माना जाना चाहिए। यह खुद को पार्टी से बड़ा समझने लगे है।

# नामित सभासदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

## विकास कार्यों में निभाएंगे भूमिका, एम.एम. इंटर कॉलेज में आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय एमएम इंटर कॉलेज के प्रांगण में नगर पालिका परिषद के नवनियुक्त नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शासन द्वारा मना.ेनीत पांचों सभासदों ने पद और गोप. नीयता की शपथ ली और नगर के चहुंमुखी विकास का संकल्प दो. हराया।

समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान की मौजूदगी में एसडीएम विजय शंकर ने शासन की ओर से नामित सभासद नीरज विश्नोई, सोहन सैनी, मनोज टंडन, डॉ. भूपेश और विनोद अग्रवाल को विधिवत शपथ दिलाई। गौरतलब है कि नगर पालिका परिषद के 25 निर्वाचित वार्ड सभासदों के साथ अब यह पांचों नामित सदस्य भी परिषद की कार्यवाही और विकास योजनाओं में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने सभी नवनियुक्त सभासदों का स्वागत किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मनोनीत सदस्य अपनी कार्यकुशलता से नगर की स्वच्छता, पेयजल आपूर्ति और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में परिषद का सहयोग करेंगे। समारोह का सफल संचालन सचिन शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी और क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम एवं कार्यवाहक ईओ आशुतोष राम प्यारे जायसवाल, पूर्व विधायक सतीश कुमार गौतम, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, अरविंद गहलौत, सौरभ मित्तल, विकास राजपूत, प्रहलाद कुशवाहा, चौधरी दिग्विजय सिंह (डिग्गी), सरदार हरमीत सिंह मल्होत्रा, अरुण शर्मा, अब्दुल कय्यूम राईन, आलमग.ीर काजमी मौहम्मद अनवर, सय्यद उस्मान जैदी, कपिल पवार, राज. कुमार उर्फ जोनी, राजकुमार सेठी, महेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे। वहीं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती अंजलि मित्तल की मंच पर अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी हुई है।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि नामित सभासदों के आने से परिषद को नई ऊर्जा मिलेगी और शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में तेजी आएगी। समारोह के अंत में सभी वार्डों के निर्वाचित सभासदों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवागत सदस्यों को बधाई दी।

## एक नजर

### गुलदार पकड़ने को लगाया पिंजरा



**अफजलगढ़।** गुलदार के हमले में महिला की मौत के बाद वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की कवायद शुरू हो गई। गौरतलब है कि थाना क्षेत्र ग्राम जामुनवाला में ग्राम हिदायतपुर निवासी क्रांति देवी पत्नी रणजीत सिंह की गुलदार के हमले में दर्दनाक मौत हो गई थी। जिसको लेकर परिजनों व ग्रामीणों द्वारा शव कालागढ़ मार्ग पर रखकर मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया था। वन विभाग और पुलिस प्रशासन के अधिका. रियों के साथ वार्ता के बाद देर रात समाधान होने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया था। आज पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही महिला का शव घर पहुंचा परिजनों में कोहराम मच गया। उधर वन विभाग ने गुलदार को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। अलग-अलग टीमों द्वारा ड्रोन कैमरों की मदद से पूरे इलाके में निगरानी की जा रही है। साथ ही अलग-अलग स्थानों पर तीन पिंजरे लगाए गए हैं। विभाग ने जल्द ही गुलदार को पकड़ने का दावा किया है और अभियान लगातार जारी है।

### समाधान दिवस में तीन शिकायतें दर्ज



**अफजलगढ़।** थाने में आयोजित समाधान दिवस पर थाना अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने जन समस्याएं सुनीं। इस दौरान तीन शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष दो शिकायतों के निस्तारण के लिए लेखपालों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। थानाध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह राठी ने कहा कि पीड़ित को न्याय दिलाना प्रत्येक अधिकारी का कर्त्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी विवाद से शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका हो, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। अफजलगढ़ के एसएसआई श्रीपाल सिंह ने आश्वासन दिया कि समाधान दिवस में मिली शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा और पीड़ितों की हर समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर एसएसआई श्रीपाल सिंह के साथ कस्बा इंचार्ज मनीष कुमार, एसआई हरवीर सिंह, उपनिरीक्षक राजीव कुमार, उपनिरीक्षक जयवीर सिंह मौजूद थे। इनके अतिरिक्त, कानूनगो अफजलगढ़ योगेंद्र कुमार, कानूनगो कासमपुर गढ़ी नरेश कुमार, और लेखपाल गौरव चौहान, अनिरुद्ध चौहान, जितेंद्र प्रताप सिंह, ऋषिपाल सिंह, जितेंद्र कुमार, फूल सिंह, चंचल रानी, नागेंद्र सिंह, राकेश कुमार, संजीव कुमार, तेजपाल सिंह, दीपेन्दर कुमार तथा राखी चौहान सहित कई अन्य लेखपाल भी मौजूद रहे।

## महिलाओं को किया जागरूक



**बिजनौर।** पुलिस टीम ने ग्राम मंडावली पहुंचकर महिलाओं और बालिक. ाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, छात्रवृत्ति योजना और कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त, महिलाओं में सुरक्षा की भावना जागृत करने के लिए उन्हें कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 1090 (वीमेन हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1076 (सीएम हेल्पलाइन), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 101 (अग्निशमन सेवा), 102 (गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु सेवा), 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 181 (वीमेन हेल्पलाइन) शामिल थे। जागरूकता अभियान के दौरान मिशन शक्ति सह प्रभारी उपनिरीक्षक रुचि और अन्य कांस्टेबल मौजूद रहे।

# चौधरी राजेंद्र सिंह ने किया जनसंपर्क

## अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार चौधरी राजेंद्र सिंह ने अधिवक्ताओं के बीच पहुंच कर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं से समर्थन की अपील करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि यदि उन्हें अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलती है, तो अधिवक्ताओं की हर समस्या का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बार एसोसिएशन में ऐसे कार्य किए जाएंगे, जो पूरी तरह अधिवक्ताओं के हित में होंगे और उनके सम्मान व सुविधाओं को बढ़ाने का काम करेंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान यशपाल एड., विशाल एड., भाजपा के वरिष्ठ सभासद दीपक गर्ग मोनू, शुभम चौधरी एड., आर्यन चौधरी एड., आरके आर्य एड. सहित कई अधिवक्ता एवं समर्थक मौजूद रहे। सभी ने चौधरी राजेंद्र सिंह के समर्थन में एकजुटता दिखाई और उन्हें मजबूत उम्मीदवार बताया।

# डीएम-एसपी ने किया जेल का निरीक्षण

## सुरक्षा, सुविधाओं और स्वच्छता की जांच के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर द्वारा माननीय जिला न्यायाधीश के नेतृत्व एवं एसपी अभिषेक झा के साथ जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल की सुरक्षा, सुविधाएं एवं स्वच्छता की जांच करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

माननीय जिला न्यायाधीश, डीएम और एसपी ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण करते हुए उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की स्वास्थ्य सेवाएं, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन समीक्षा करते हुए जेल प्रशासन को सभी व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने महिला और पुरुष बंदियों के अस्पताल और बैरकों का सघनता से चेक किया। उन्होंने मेस में भोजन की गुणवत्ता और जेल परिसर की साफ-सफाई का भी जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप हों और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अंत में, उच्चाधिकारियों ने जेल प्रशासन से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और सुधारात्मक उपायों को शीघ्र लागू करने का आश्वासन दिया।

# चिल्ड्रंस एकेडमी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** स्थित चिल्ड्रंस एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा और उप प्रधानाचार्य गौरव गोयल ने संयुक्त रूप से परीक्षा परिणाम घोषित किया।

इस वर्ष कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। सफल विद्यार्थियों में से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय के संस्थापक एवं चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में मंडल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा पलक देवरा को भी प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डा. प्राज्ञ गोयल ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षकों और छात्रों की कड़ी मेहनत से विद्यालय भविष्य में भी उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा।

ईद उल फितर व नवरात्र की मुबारकबाद

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी

ग्राम पंचायत रेहड़



# आज के दौर में तालिम जरूरी : मुनकाद अली

## श्री सांई पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** श्री साई पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। बसपा के पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पश्चिम उ.प्र. प्रभारी बाबू मुनक. ाद अली, पूर्व सांसद गिरीश चंद ने कार्यक्रम का संयुक्त रूप शुभारंभ किया।

इस मौके पर बाबू मुनकाद अली ने कहा है कि आज के दौर में तालिम बहुत जरूरी है। तालिम के बगैर हर व्यक्ति अधूरा है। उन्होंने कहा है कि एक वक्त का खाना ना खाएं मगर अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। श्री साई पब्लिक स्कूल के चेयरमैन लोकेंद्र सिंह चौहान ने सभी अतिथियों को शाल ओढ़ाकर गर्मजोशी से सम्मानित किया। इस मौके पर मंडल कोऑर्डिनेटर नाजिम अल्वी, अकील अहमद अंसारी, नसीम अहमद अंसारी, काके रवि, बलवंत सिंह, मास्टर चरन सिंह, वरिष्ठ सपा नेत्री कुंतेश सैनी, देशबंधु उर्फ डैनी, परम सिंह प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष पिंटू, वरिष्ठ भाजपा नेता कविराज सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन मुजाहिद फारूकी ने किया। चेयरमैन लोकेंद्र सिंह चौहान ने सभी आतियों का शुक्रिया अदा किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# दुकान से बैटरी और इनवर्टर चोरी

## चोर सीढ़ी लगाकर घुसे, तीसरी बार हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान को निशाना बनाया। फायर स्टेशन के पास स्थित फारूकी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान में सीढ़ी लगाकर घुसे चोरों ने चार बैटरी, इन्वर्टर, सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और कुछ नकदी चुरा ली। यह दुकान बख्शीवाला निवासी फैज की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से से सीढ़ी लगाकर प्रवेश किया और कार्यालय का शीशा तोड़ दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर अपनी लाई हुई सीढ़ी मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित फैज ने बताया कि उनकी दुकान में चोरी की यह तीसरी घटना है। इससे पहले भी दो बार इसी दुकान में चोरी हो चुकी है, लेकिन हर बार चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देते रहे हैं।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने दुकान में लगे एक चिप कैमरे को अपने कब्जे में लिया है, जिसकी फुटेज के आधार पर चोरों तक पहुंचने की बात कही जा रही है। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।



उनका कहना है कि क्षेत्र में रात की गश्त लगभग बंद हो चुकी है, जिसका फायदा उठाकर चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात में नियमित गश्त शुरू करने, चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी केंद्र से राशन के दर्जनों बोरे चोरी

## चोरों का सीसीटीवी फुटेज वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्र से राशन के बोरे चोरी करने का मामला सामने आया है। चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र से राशन के दर्जन भर राशन के बोरे गायब कर लिए। खास बात यह है कि यह पूरा मामला आंगनबाड़ी केंद्र के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। चोरों के पास आंगनबाड़ी केंद्र की चाबी कैसे मौजूद थी यह सवाल उठने लगे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार बीती 19 मार्च को क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में शातिर चोरों ने राशन के बोरे गायब कर दिए। वहीं यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद चर्चा जोरों पर है कि बोरे गायब करने वाले इन शातिर लोगों के पास आंगनबाड़ी केंद्र की चाबी कैसे उपलब्ध हुई? वहीं कई ग्रामीणों ने आला अधिकारियों को फोन कर जब घटना की जानकारी दी, तो हड़कंप मच गया। जिसके बाद सुपरवाईजर ने ग्रामीणों के अंगूठे लगवाने शुरू कर दिए। सूत्रों का दावा है कि बच्चों का राशन मिल जाने की सहमति पाने के लिए ग्रामीणों को बरगला कर उनके अंगूठे लिए गए होंगे, ताकि शातिर तरीके से चोरी कराया गया माल पूरा हो सके। वहीं ग्रामीणों का दावा है कि उन्हें मालूम है कि चोरी कराया गया माल किस घर में रखा गया है। उनका यह भी दावा है कि इस घर में भी सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं यदि पुलिस जांच करें तो न केवल चोरी हुआ माल उस घर से बरामद हो जाएगा, बल्कि सीसीटीवी कैमरे में माल लाने की फुटेज भी पुलिस को बरामद हो जाएगी। भोले भाले ग्रामीणों ने मासूम बच्चों के राशन पर डाका डालने वाले इस पूरे गैंग पर कार्रवाई की जिला प्रशासन से मांग की है।

## पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया। सुरजन नगर रोड पर चलाए गए इस अभियान में एसआई राजीव कुमार और एसआई हरवीर सिंह ने सिपाहियों के साथ मिलकर वाहनों की जांच की।

अभियान में आने-जाने वाले सभी वाहनों की गहनता से जांच की गई। जिसमें विशेष रूप से पिकअप वाहन और बाइकें शामिल थीं। चैकिंग के दौरान जिन वाहन चालकों के पास आवश्यक दस्तावेज नहीं थे, उनके चालान काटे गए। हेलमेट न पहनने, बिना कागजात वाहन चलाने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई चालकों पर भी कार्रवाई की गई।

एसआई राजीव कुमार ने बताया कि यह अभियान आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है। एसआई हरवीर सिंह ने कहा कि नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और सभी वाहन चालकों को अपने कागजात पूरे रखने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

पुलिस ने अभियान के दौरान लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया और उनका पालन करने की अपील की। इस सघन चैकिंग से कई वाहन चालक रास्ता बदलते भी देखे गए। स्थानीय निवासियों ने ऐसे अभियानों को समय-समय पर जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनी रहे और लोग नियमों का पालन करें।

# गौजानी चौकी परिसर में प्रभाग दिवस कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा स्थानीय स्तर पर जन संवाद स्थापित करने एवं स्थानीय जनता के मध्य बैठक गोष्ठी आयोजित कर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से सुनने एवं उनके त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक रेंज अंतर्गत प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को प्रभाग दिवस आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

निर्देशों के क्रम में बिजरानी रेंज, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा गौजानी चौकी वन परिसर में प्रभाग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभाग दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय जनमानस और वन विभाग के मध्य समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का उचित समाधान किया जाना होता है। बैठक में नवीन चंद्र पांडे वन क्षेत्राधिकारी कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा सर्वप्रथम उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं जनमानस का कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु आभार व्यक्त किया गया तथा उन्हें इस विषयक बैठक के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बताया गया कि प्रभाग दिवस कार्यक्रम वन विभाग एवं स्थानीय जन मानस के मध्य



संवाद स्थापित करने का एक साधन है, जिसमें कि वन क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामवासी पहुंचकर अपनी समस्याएं रख सकते है और यथासंभव विभागीय अधिकारियों कर्मचरियों द्वारा उनका मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जाता है।

इस क्रम में प्रमुखता से चोरपानी, गौजानी एवं कानियों के ग्रामवासियों द्वारा जलौनी लकडी एवं चारे हेतु वनों पर निर्भरता के सम्बंध में अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। जिसके क्रम में विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को समस्याओं के निराकरण किए जाने हेतु नियमानुसार उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा बिजरानी रेंज, कार्बेट टाइगर रिजर्व के द्वारा चोरपानी, गौजानी, कानियों एवं हिम्मतपुर डोटियाल क्षेत्र में की गयी चेनलिंक फैसिंग के कार्य की सराहना की और अवगत कराया गया कि उद्र चेनलिंक फैसिंग के लगने से वन्यजीवों के आबादी क्षेत्र में आने के प्रकरणों में काफी कमी आयी है और फसल क्षति के प्रकरण भी काफी कम घटित हो रहे है।

वन क्षेत्राधिकारी, बिजरानी रेंज द्वारा वन क्षेत्रों के निवासरत ग्रामीणों से विशेष अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों के आस-पास कूड़ा न जलाये, क्योंकि कूड़े से उत्पन्न आग के वनों में फैलने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वनाग्नि काल में वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। वनाग्नि की कोई भी घटना घटित होने पर स्थानीय वन चौकी पर सूचित करने हेतु अनुरोध किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने भी वन संरक्षण एवं आग से बचाव के लिए विभाग को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। प्रभाग दिवस कार्यक्रम में श्रीमती मंजू नेगी ब्लॉक प्रमुख, संजय नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख, विक्रम भट्ट, एडवोकेट एवं सभासद, चोरपानी ग्राम, नीरज सती, ईडीसी अध्यक्ष, चोरपानी, नवीन चंद्र पांडे वन क्षेत्राधिकारी, भूपेंद्र सिंह चौहान उपराजिक, कुमारी मानसी अरोराइवन दरोगा, प्रमोद कुमार सत्यवली वन आरक्षी, मोहन उप्रेती, वन आरक्षी, कृष्ण चंद्र पन्त वन आरक्षी, संदीप सिंह वन आरक्षी आदि स्थानीय स्टाफ तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समापन करते हुये श्रीमती मंजू नेगी ब्लॉक प्रमुख, संजय नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख द्वारा उपस्थित जनमानस से वनाग्नि काल में वन विभाग को पूर्ण सहयोग देने की अपील की गई।

# गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप

## सैकड़ों उपभोक्ता परेशान, कई ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं के नाम पर सिलेंडर की कथित कालाबाजारी का मामला सामने आया है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया है कि उन्होंने महीनों से गैस सिलेंडर नहीं लिया, इसके बावजूद उनके मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवरी के मैसेज आ रहे हैं। इस खुलासे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और एजेंसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।



उपभोक्ताओं का कहना है कि जब वह गैस की किल्लत के बीच सिलेंडर लेने एजेंसी पहुंचे, तो उन्हें बताया गया कि उनके नाम से सिलेंडर पहले ही बुक होकर डिलीवर किया जा चुका है। यह सुनकर लोग हैरान रह गए। गोहावर जैत निवासी उपभोक्ता विरेंद्र कुमार ने बताया कि जब वह सिलेंडर बुक कराने पहुंचे तो उन्हें अप्रैल में आने को कहकर वापस भेज दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी में धांधली चल रही है और उपभोक्ताओं के नाम पर सिलेंडर बुक कर ब्लैक में बेचे जा रहे हैं।

कई अन्य उपभोक्ताओं ने भी इसी तरह की शिकायतें की हैं। उनका कहना है कि उन्होंने पिछले दो-तीन महीनों से गैस सिलेंडर नहीं लिया, लेकिन जब मार्च में सिलेंडर लेने गए, तो उन्हें बताया गया कि उनका सिलेंडर पहले ही उठ चुका है और अब अगले महीने ही मिलेगा। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी संचालक इस तरह सिलेंडर बुक कर उन्हें ब्लैक में ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं, जिससे अधिक मुनाफा कमाया जा सके। कुछ पीड़ित उपभोक्ताओं ने बताया कि मजबूरी में उन्हें 2000 से 2500 रुपये तक में ब्लैक में सिलेंडर खरीदना पड़ा। उनका कहना है कि गैस की किल्लत के इस समय में एजेंसी की यह कार्यप्रणाली आम लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रही है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री समन्वित शिकायत प्रणाली पर भी दर्ज कराई गई है। एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके मोबाइल पर 20 फरवरी 2026 को सिलेंडर बुकिंग का मैसेज आया, जबकि उसने पिछले दो महीनों से कोई सिलेंडर नहीं लिया था। जब वह एजेंसी पहुंचा, तो उसे अगले महीने आने को कहा गया। शिकायत दर्ज होने के बाद उसे जानकारी मिली कि 17 अप्रैल 2026 को डीएसओ बिजनौर द्वारा मामले की जांच की जाएगी। शिकायत के बाद एक और गंभीर आरोप सामने आया है। पीड़ित उपभोक्ता का कहना है कि इंडियन गैस एजेंसी के गैस बिक्री अधिकारी वेद प्रकाश सिंह और एजेंसी मैनेजर विशेष राणा द्वारा उस पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने दावा किया है कि उसके पास फोन कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्य मौजूद हैं, जो इस मामले की सच्चाई उजागर कर सकते हैं। इस बीच, एक अन्य उपभोक्ता ने इंडियन गैस कंपनी/कॉरपोरेशन को भी लिखित शिकायत दी है, जिस पर एजेंसी की गोपनीय जांच का आश्वासन दिया गया है। इस पूरे मामले में एजेंसी से लेकर जिले के गैस बिक्री अधिकारियों तक मिलीभगत के आरोप भी लगाए जा रहे हैं, जिससे मामला और गंभीर हो गया है।

वहीं, एजेंसी प्रबंधन ने इन आरोपों से इनकार करते हुए सफाई दी है। एजेंसी के मैनेजर विशेष राणा का कहना है कि कई बार होम डिलीवरी के दौरान रिक्शा या अन्य माध्यम से सिलेंडर भेजे जाते हैं, जिससे रिकॉर्ड में अंतर आ सकता है। इसके अलावा सॉफ्टवेयर की समस्याओं के कारण भी समय पर बुकिंग अपडेट नहीं हो पाती, जिससे भ्रम की स्थिति बनती है। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जा रही है और यदि किसी को समस्या है तो वह सीधे एजेंसी आकर संपर्क करे।

फिलहाल, इस पूरे मामले ने तूल पकड़ लिया है और उपभोक्ताओं ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए, तो एजेंसी में चल रहा कथित घोटाला सामने आ सकता है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# अधर में लटकी रस्में, प्रेमिका ने रुकवा दिए दूल्हे के फेरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक शादी समारोह उस समय हंगामे में बदल गया, जब दूल्हे की कथित प्रेमिका ने पहुंचकर फेरे रुकवा दिए। युवती ने दूल्हे पर धोखे का आरोप लगाया। जिसके बाद बारात थाने पहुंच गई और शादी की रस्में अधर में लटक गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांठ क्षेत्र के एक गांव से बारात नहटौर क्षेत्र के एक गांव में आई थी। बारात का भव्य स्वागत किया गया और चढ़त की रस्म भी धूमधाम से पूरी हुई। दोनों पक्ष शादी की खुशियों में व्यस्थ थे। विवाह की मुख्य रस्म, यानी फेरों की तैयारी शुरू हो रही थी। उसी समय एक युवती दूल्हे के घर जा पहुंची। उसने खुद को दूल्हे की प्रेमिका बताते हुए शादी का कड़ा विरोध किया और शोर मचाना शुरू कर दिया। दूल्हे के घर से दुल्हन के घर खबर आने पर हड़कंप मच गया। युवती का आरोप था कि दूल्हे के साथ उसके काफी समय से संबंध हैं और उसे धोखे में रखकर यह शादी की जा रही है। उसके इस खुलासे से विवाह स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। वधू पक्ष ने तुरंत फेरे रोक दिए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में हंगामा शुरू हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। दूल्हा पक्ष, वधू पक्ष नहटौर थाने पहुंचे। युवती भी दूल्हे के घर से नहटौर थाना पहुंच गई। इस घटना के बाद वधू पक्ष में भारी रोष है और शादी की रस्में फिलहाल रुकी हुई हैं। समाचार लिखे जाने तक थाने के बाहर पंचायत का दौर जारी था। कोतवाल रविन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## बेटी की बरामदगी की मांग

**अफजलगढ़।** ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 23 मार्च को परिवार सहित थाना शेरकोट क्षेत्र के ग्राम महमदाबाद में एक शादी में गया था। आरोप है कि 24 मार्च को प्रात: उसकी पुत्री को ग्राम निवासी बेगराज सिंह बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। परिजनों के मुताबिक युवती घर में रखे करीब 20 हजार रुपए नकद और सोने के आभूषण भी साथ ले गई है। घटना की जानकारी होने पर जब परिजनों ने आरोपी पक्ष से संपर्क करने का प्रयास किया, तो उनके साथ अभद्रता की गई और धमकी दी गई। पीड़ित ने आरोपी के परिजनों की संलिप्तता की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

# चावल खरीदने गए व्यक्ति पर जानलेवा हमला

## बेल्ट और बैट से बुरी तरह पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर की मंडी में चावल खरीदने गए एक व्यक्ति पर दबंगों ने अकारण हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर सख्त कानूनी कार्रवाई और डॉक्टरी परीक्षण कराने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार क्षत्रिय कॉलोनी निवासी मदन सैनी पुत्र हरी सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 26 मार्च की शाम करीब छह बजे चावल खरीदने के लिए मंडी गए थे। जब वह खरीदारी के बाद रिक्शा लेने के लिए मंडी के मेन गेट पर पहुंचे, तो वहां मौजूद तीन लड़कों ने उन्हें बिना किसी बात के धक्का दे दिया।

पीड़ित के अनुसार जब उन्होंने धक्का देने का विरोध किया, तो तीनों युवक गाली-गलौज पर उतारू हो गए। देखते ही देखते उन्होंने मदन सैनी पर बेल्ट और बैट से हमला कर दिया। हमले में मदन को काफी चोटें आई हैं। मौके पर मौजूद साहूवान निवासी पंकज कुमार और अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़ित की जान बचाई। मदन सैनी ने बताया कि हमलावर युवकों की पहचान दीपक और विशाल के रूप में हुई है, जो मंडी के पीछे आजाद कालोनी के रहने वाले हैं। तीसरा युवक उनका साथी था। जाते समय हमलावरों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर मांग की कि उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया जाए और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री डेशबोर्ड की बैठक आयोजित

## विभागीय रैंक में सुधार लाना सुनिश्चित करें अधिकारी : जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डेशबोर्ड की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा सीएम डेशबोर्ड के अंतर्गत प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों सहित सभी प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान डी एवं सी रैंक प्राप्त होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द सुधार करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उनमें तत्काल सुधार लाते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डेशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने उपायुक्त उद्योग विभाग तथा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में सीएम डेशबोर्ड पर खराब रैंक प्राप्त होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करते हुए विभागीय रैंक में सुधार लाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डेशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से लें और जो भी डाटा सीएम डेशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार गहनता के साथ जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डेशबोर्ड की मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और सीएम डेशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए जिले को सीएम डेशबोर्ड पर टॉप टेन जिलों में लाने के लिए विशेष प्रयास करें।

जिलाधिकारी ने बैठक में परिवहन विभाग, जीएसटी विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, आपदा विभाग आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की प्रगति बनाए रखें और किसी भी अवस्था में रैंक को न गिरने दें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए दिनकर भारती, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह, अधिशासी अभियंता आरईएस, पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जल निगम, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### बाबा श्याम के भजनों पर झूमे भक्त



**बिजनौर।** गत रात्रि श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में नुमाइश ग्राउंड में बाबा श्याम का भव्य संकीर्तन आयोजित किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने धर्मलाभ उठाया। बाबा श्याम के भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। संकीर्तन से बाबा श्याम की भव्य छवि के दर्शन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। चिराग भटनागर, शीतल पांडे द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। बीच-बीच में राहुल कुमार मुरादाबाद द्वारा सुंदर झांकियों का प्रदर्शन किया गया। सम्पूर्ण कीर्तन का लाइव प्रसारण खाटू प्रेम एक यूट्यूब चैनल पर किया गया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। नुमाइश ग्राउंड में महोत्सव जैसा माहौल रहा। बाबा श्याम की भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही। फूलों व रंग-बिरंगी लाइटों से सजे बाबा के दरबार की छवि देख श्रद्धालु गदगद हो उठे। इस अवसर पर क्षितिज वर्मा उर्फ चीनू, अनिल गंभीर, संजय गुप्ता, परवीन गंभीर, रचित गोयल, विनीत अग्रवाल, लालू, दुष्यंत शर्मा सीरे वाले, सभासद दीपक गर्ग मोनू, राजीव सिंह, अजित सिंह, डॉ. एच.एस. चौहान, सौरभ सिंघल, सभासद लक्ष्मी अग्रवाल, सुमित सिंघल, आकाश अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अरूण अग्रवाल आदि ने बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया है।

### पंचायती मंदिर पर भंडारा



**बिजनौर।** प्राचीन पंचायती मंदिर महादेव में नवरात्रों का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। नौवें नवरात्र पर मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना बड़े धूमधाम से की गई। मंदिर में हवन कर महारानी की आरती की गई। श्री राम बहादुर, राजेंद्र सिंह, दीपक गर्ग, वैभव गुप्ता, विपुल, अनुज कुमार, महेंद्र सिंह, मनु अग्रवाल आदि ने मां की आरती की तथा मंदिर पर माता रानी का विशाल भंडारा किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था बनाने में गौरव अग्रवाल एड., एडीसी सुभाष चंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष मंदिर समिति राम बहादुर अग्रवाल, राममूर्ति गौतम, डॉ. विजेंद्र, यशपाल एड., श्रीमती छवि, कुशल, श्रीमती रानी देवी, श्रीमती ममता अग्रवाल, रेखा गुप्ता, उमा गौतम, विदुषी गौतम आदि ने शुरू किया।

### खेल में विवाद, मुकदमा दर्ज

**कोतवाली देहात।** कस्बा निवासी नफीस पुत्र रमजानी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 26 मार्च को गिल्ली डंडा खेलने के दौरान विवाद हो गया था। जिसके बाद कस्बे के अल्फ़ैज, अनस, तालिब तथा अनस पुत्र मुरसलीन ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर ग्राम लकड़ा जाने वाले रास्ते पर नफीस के भांजे नाजिम को मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि सभी आरोपियों ने नाजिम को लाठी-डंडों और सरियों से बुरी तरह पीटा। जिससे सिर फटने के कारण काफी खून निकला। शोर सुनकर बचाने आई नफीस की पुत्री इकरा व पत्नी समर जहां के साथ भी मारपीट की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग आए, तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अल्फैज, अनस, तालिब, अनस पुत्र मुरसलीन सभी निवासी कस्बा कोतवाली देहात तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

### राजू राजपूत संयुक्त सचिव नियुक्त

**नजीबाबाद।** ताइक्वांडो के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से निरंतर सक्रिय राजू राजपूत (ब्लैक बेल्ट 5वीं डैन) को यूपी ताइक्वांडों का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से जनपद के खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है। यूपी ताइक्वांडों, जो कि वर्ल्ड ताइक्वांडों व इंडिया ताइक्वांडों से मान्यता प्राप्त संस्था है, उसके अध्यक्ष एवं महासचिव द्वारा राजू राजपूत के लंबे अनुभव व खेल के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए राजू राजपूत ने कहा उन पर जो विश्वास जताया गया है वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। पिछले 25 वर्षों से उनका मुख्य उद्देश्य जिले में ताइक्वांडों को बढ़ावा देना रहा है। प्रदेश व जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक अवसर प्रदान करना है।

### रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

**नगीना।** ग्राम मिलक जहांगीराबाद, थाना धामपुर निवासी शहजाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मार्च की सुबह करीब तीन बजे के बीच उसके पिता बुंदू, माता फरीदा, बहन शिम्मी उर्फ गजाला, भाई इरशाद और समीर पुत्र जाकिर नगीना से ई-रिक्शा द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे रामलीला गेट के पास पहुंचे, धामपुर की ओर से आ रही सहारनपुर डिपो की बस संख्या यूपी 78एसटी 5699 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनके रिक्शा में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में घायल शिम्मी उर्फ गजाला का बायां पैर बस की चपेट में आने से मौके पर ही कट गया। सूचना मिलते ही रामलीला चौकी पुलिस और राहगीर वसीम व शानू मौके पर पहुंचे और एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल नगीना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रैफर कर दिया गया। पीड़ित के अनुसार बहन की गंभीर स्थिति और इलाज में व्यस्त होने के कारण वे समय पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सके थे। पीड़ित शहजाद की तहरीर पर पुलिस ने मामला संज्ञान में ले लिया है और आरोपी बस चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रशासन से आरोपी बस चालक के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### श्री बालाजी जन्मोत्सव मनाया

**बिजनौर।** मंडावर के मौहल्ला मालियान स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में दो अप्रैल श्री बालाजी जन्मोत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बालाजी भक्त सेवा मंडल द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में दिनभर विविध कार्यक्रमों की धूम रहेगी। आयोजन समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, उत्सव की शुरुआत सुबह हवन-पूजन के साथ होगी। जागरण की रात को यादगार बनाने के लिए सुप्रसिद्ध भजन गायक श्रीकांत कोहली और नीरज चौरसिया अपनी सुमधुर आवाज में बाबा का गुणगान करेंगे। सुबह आठ बजे से हवन और पूजन, 11:30 बजे विशाल भंडारा, शाम 5:30 बजे बाबा को विशेष भोग अर्पण, शाम छह बजे महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा तथा रात आठ बजे से भव्य विशाल जागरण शुरु होगा।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरी पुत्री का सुकन्या समृद्धि योजना का अकाउन्ट आई.डी. नं. 4864331553 खुला हुआ है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम मनीषा रानी लिखा हुआ है, जो गलत है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम शानवी लिखा है, जो बिल्कुल सही है। सुकन्या समृद्धि योजना के अकाउन्ट में मेरी पुत्री का नाम मनीषा रानी के स्थान पर शानवी दर्ज कर संशोधन करने की कृपा करें। **राजीव कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला जमनावाला, हल्दौर, तहसील व जिला बिजनौर।**

# बस स्टैंड निर्माण को मिली मंजूरी

## बोर्ड की बैठक में 27 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये के प्रस्ताव पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर पंचायत झालू में नव मनोनीत तीन सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत सभागार का नाम डा. भीमराव अंबेडकर सभागार रखे जाने की घोषणा की गई। जिससे सामाजिक समानता एवं प्रेरणा का संदेश दिया गया।




शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत नगर पंचायत बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष, ईओ सहित समस्त सभासद मौजूद रहे। बैठक में नगर के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास को ध्यान में रखते हुए 27 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपए की लागत के विभिन्न विकास प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। इन प्रस्तावों को नगर के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

बैठक के दौरान सभासदों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। जिन पर गंभीरता से विचार करते हुए समाधान के लिए ठोस निर्णय लिए गए। स्वच्छता, जल निकासी एवं आधारभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए व्यापक योजनाएं तैयार की गई। प्रमुख प्रस्तावों में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करना, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराना, सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण तथा पथ प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाना शामिल है। इसके अतिरिक्त ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए सोलर लाइट एवं सोलर पार्क स्थापना के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। नगर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को प्रभावी बनाने, तालाबों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने तथा ट्रीटमेंट प्लांट (बायो रिमूवेशन) स्थापित करने का निर्णय लिया गया। नगर सीमा विस्तार (परिसीमन) का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया, जिससे भविष्य में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सुविधा प्राप्त होगी।

शिक्षा एवं खेल क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर में निर्मित हो रही डिजिटल लाइब्रेरी लगभग पूर्ण हो चुकी है, जो युवाओं के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। वहीं स्टेडियम से हाईटेंशन लाइन हटाने का प्रस्ताव पारित कर खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। विशेष रूप से लंबे समय से बंद पड़े एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर को पुनः संचालित करने का निर्णय लिया गया। इस केंद्र के माध्यम से कचरे का वैज्ञानिक पृथक्करण किया जाएगा, जिससे प्लास्टिक, कागज एवं धातु जैसे पुनर्चक्रण योग्य पदार्थों को अलग कर विक्रय किया जा सकेगा। इससे नगर पंचायत की आय में वृद्धि होने के साथ-साथ स्वच्छता व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी।

इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए छह नए ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस पहल से नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को गति मिलेगी तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण का लाभ प्राप्त होगा।

बैठक में रोडवेज बस स्टैंड निर्माण का महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी प्रस्तुत किया गया। जिस पर सभी सभासदों ने एकजुट होकर समर्थन प्रदान किया। यह प्रस्ताव नगर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन को सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस मौके पर नगर पंचायत के ईओ विजेंद्र सिंह पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी, नव मनोनीत सभासद, समस्त सभासद, वरिष्ठ लिपिक अनुज अग्रवाल, लिपिक अनिल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नगर पंचायत झालू अब योजनाबद्ध विकास एवं प्रभावी निर्णयों के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर दिखाई दे रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत द्वारा लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में नगर की आधारभूत सुविधाओं एवं विकास कार्यों में और अधिक तेजी आएगी।

## मंदिर में महिला की सोने की चेन चोरी

**नगीना।** एक महिला की सोने की चेन मंदिर परिसर से चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को सौंपी गई तहरीर में राजकुंवर पुत्र कालू सिंह ने बताया कि वह 19 मार्च की सुबह करीब 9 बजे अपनी पत्नी सविता देवी के साथ रामलीला मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गए थे। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने भीड़ का फायदा उठाकर उनकी पत्नी के गले से सोने की चेन पार कर दी।

पीड़ित के अनुसार, प्रसाद चढ़ाने के बाद जब उन्होंने देखा, तो गले से चेन गायब थी। हालांकि, तलाश करने पर सोने का लॉकेट पत्नी के कपड़ों में ही फंसा मिल गया, लेकिन चेन का कहीं पता नहीं चला। मंदिर परिसर और घर पर काफी खोजबीन करने के बाद जब चेन नहीं मिली, तो पीड़ित ने चोरी की आशंका जताते हुए पुलिस की शरण ली।

थाना प्रभारी अवनीत मान का कहना है पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की छानबीन की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी का पता लगाया जा सके।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक घुसी, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम नवादा तुल्ला नहर के पास बीती रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ, जब सड़क किनारे खड़े एक ट्रक का चालक पंक्चर टायर बदल रहा था और पीछे से आ रही बाइक ट्रक में जा घुसी।

प्राप्त समाचार के अ नुसार थाना कोतवाली शहर क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर दर्गा निवासी चतर सिंह (35 वर्ष) पुत्र धर्मपाल सिंह खासपुरा स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में ग्रंथी थे, जबकि नगीना के मौहल्ला बिश्नोई सराय निवासी वीर सिंह उसी गुरुद्वारे में सेवादार है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों बीती रात बाइक से बिजनौर एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बताया जाता है कि नवादा तुल्ला नहर के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक का चालक पंक्चर टायर बदल रहा था। इसी दौरान रात करीब नौ-दस बजे पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने चतर सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल वीर सिंह का उपचार जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### साथी गंभीर रूप से घायल

# विश्व भारती स्कूल में साक्षरता शिविर

### कानूनी, मनोवैज्ञानिक व सामाजिक सहायता की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षत्रिय नगर स्थित विश्व भारती पब्लिक स्कूल में 'बच्चों के लिए बाल-मैत्रीपूर्ण कानूनी सेवाएं' विषय पर एक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न कानूनी सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।



इस दौरान प्राविधिक स्वयं सेवक जयवीर सिंह ने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों, दिव्यांगों सहित जरूरतमंद व्यक्तियों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क कानूनी, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चा चाहे पीड़ित हो या आरोपी, दोनों ही परिस्थितियों में उसे सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने बताया कि सहायता के तहत मुफ्त वकील, बाल कल्याण समिति (CWC), किशोर न्याय बोर्ड (JJB) तथा विशेष शेल्टर होम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जो बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा एवं पुनर्वास के लिए कार्य करती हैं।

शिविर में यह भी बताया गया कि सहायता प्राप्त करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1098 व 15100 पर कॉल कर या ई-मेल के माध्यम से भी संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

इस अवसर पर पीएलवी राजीव कुमार, संजीव कुमार, अक्षय भाटिया, शाहिदा, अलीबाग, पूनम, कृति गुप्ता, नकुल चौहान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता के प्रति जागरूक किया गया, जिससे वे भविष्य में किसी भी समस्या का सामना करते समय सही मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

## मधुर मैमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सहसपुर रोड स्थित मधुर मैमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषणा के साथ ही विद्यालय परिसर में खुशी उत्साह एवं गौरव का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया




कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य मेराजुद्दीन प्रबंधक आलोक अग्रवाल तथा डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा एक से कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया कक्षा एक में स्वप्निल वत्स एवं मौहम्मद शरियान कक्षा दो में इनाया शहज़ाद एवं वैष्णवी भटनागर, कक्षा तीन में अक्षत शर्मा एवं मौहम्मद अफ्फान, कक्षा चार में आर्या चौधरी एवं ओमैरा अहमद, कक्षा पांच में अरण्या शर्मा एवं मौहम्मद उमैर, कक्षा सात में सायमा परवीन एवं आर्यन कुमार, कक्षा सात में ईशा एवं यश सिसोदिया, कक्षा आठ में गौरी विश्नोई एवं गर्व राजपूत तथा कक्षा नौ में फलक खान एवं समर्थ कुमार लोहिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग से दिशिका चौहान एवं वाणिज्य वर्ग से शीवाना परवीन ने शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया। इसी क्रम में छात्रा रिदा फातिमा, गौरी विश्नोई, सोफिया परवीन, चेतना सैनी तथा छात्र अदम्य गौड़ ने पूरे शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर अनुशासन और नियमित अध्ययन की। प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की विद्यालय के प्रधानाचार्य मेराजुद्दीन ने विद्यार्थियों की मेहनत लगन एवं अनुशासन की। प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ संस्कार अनुशासन एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देता है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग को विद्यार्थियों की सफलता का आधार बताते हुए सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की। कामना की डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम करते हुए उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि दिनांक 30 एवं 31 मार्च को विद्यालय परिसर में कक्षा एलकेजी से कक्षा 9 एवं कक्षा 11 तक नए प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## नजीबाबाद में लंदन सिटी नुमाइश मेले का शुभारंभ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** रायपुर चौराहा के पास लंदन सिटी नुमाइश मेले का शुभारंभ किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने 27 मार्च की रात फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर व्यापार संगठन के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ ने किया उद्घाटन

मेले में बच्चों के लिए खेल-खिलौनों की दुकानें लगाई गई हैं। आकर्षक झूले, बच्चों को विशेष रूप से लुभा रहे हैं। सर्कस और जलपरी को मेले का मुख्य आकर्षण बताया जा रहा है। इसके साथ ही, मेले में खाद्य पदार्थों की दुकानें भी हैं, जहां लोग विभिन्न व्यंजनों का आनंद ले रहे हैं। यह मेला परिवार के साथ मनोरंजन का अवसर प्रदान कर रहा है। आयोजक अमित कुमार और तनवीर जिम वालों ने जनता से अपील की है कि वह अपने परिवार के साथ आकर मेले का आनंद लें।

## डाक जीवन बीमा में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे आनंद कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** डाक अधीक्षक बिजनौर धर्मेश कुमार गगनैजा के निर्देशन में कार्यरत डाक जीवन बीमा (PLI) के विकास अधिकारी आनंद कुमार अधीक्षक डाकघर बिजनौर कार्यालय में तैनात रहते हुए अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से क्षेत्र में एक मजबूत और भरोसेमंद पहचान बना रहे हैं। उनके प्रयासों से न केवल डाक जीवन बीमा योजनाओं का दायरा बढ़ा है, बल्कि आमजन के बीच बीमा के प्रति जागरूकता भी विकसित हुई है।



### लोगों को सुरक्षा और भरोसे से जोड़ने में निभा रहे अहम भूमिका

आनंद कुमार द्वारा लोगों को डाक जीवन बीमा की विभिन्न योजनाओं की सरल, स्पष्ट और व्यवहारिक जानकारी दी जाती है, जिससे वे आसानी से इन योजनाओं को समझकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण और मध्यम वर्ग के लोगों को बीमा से जोड़कर उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना उनके कार्य का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि उन्हें डाक अधीक्षक का भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। जिसके चलते वे अपने कार्य को और अधिक प्रभावी ढंग से निभा पा रहे हैं। उनके नेतृत्व में कार्यरत एजेंट्स एवं कर्मचारीलगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है। वे टीमवर्क, पारदर्शिता और अनुशासन को प्राथमिकता देते हुए डाक विभाग के मूल मंत्र 'डाक सेवा, जन सेवा' को पूरी निष्ठा के साथ चरितार्थ कर रहे हैं।

# वर्धमान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

## संगोष्ठी के विषय 'विकसित भारत 2047' के उद्देश्य पर प्रकाश डाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज वर्धमान कॉलेज बिजनौर में 'विकसित भारत 2047 उपलब्धियां चुनौतियां एवं संभावनाएं' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ ।




संगोष्ठी में मुख्य अतिथि प्रोफेसर जे.के. जोशी, मुख्य वक्ता प्रो. प्रशांत घोष, महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना, संगोष्ठी के कन्वीनर प्रो. जे.के. विश्वकर्मा, कोऑर्डिनेटर प्रो. धर्मेंद्र कुमार, आयोजन सचिव चारु दत्त आर्य सभी ने मिलकर मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया। बीए 4जी सेमेस्टर के छात्र तरुण ने सरस्वती वंदना गाकर हृदय को भक्ति से भावविभोर कर दिया। संगोष्ठी की कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने संगोष्ठी के विषय विकसित भारत 2047 के उद्देश्य और भविष्य में होने वाली संभावनाओं पर प्रकाश डाला। साथ ही संगोष्ठी की कोर कमेटी के सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कुलपति प्रो. सचिन महेश्वरी ने संगोष्ठी में ऑनलाइन माध्यम से अपने उद्बोधन में शिक्षकों, छात्र छात्राओं को विकसित भारत के संभावनाएं, चुनौतियां एवं सफलताएं विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संगोष्ठी के आयोजन कर्ताओं को बधाई दी। अपने उद्बोधन में कहा कि जो विचारों के बीज बोते हैं वहीं दुनिया को बदलने की हिम्मत रखते हैं। शिक्षकों और छात्रों को हर क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सर्वप्रथम हम सभी को बौद्धिक ईमानदारी का प्रारंभ से ही प्रदर्शन करना चाहिए, जिससे स्वयं का विकास हो सके। साथ ही स्वयं के विकास के साथ-साथ विकसित भारत बनने की राह और भी आसान हो जाए। संगोष्ठी के संयोजक प्रो. जे. के. विश्वकर्मा ने इस संगोष्ठी के विभिन्न उद्देश्यों का विस्तार से वर्णन किया। शिक्षा जगत ,उद्योग और समाज को विकसित देश बनने वाला जो विजन है, उसको आकार देने का कार्य इस सेमिनार का उद्देश्य है। तत्पश्चात संगोष्ठी की शोध पत्रिका 'विद्या वार्ता ' का विमोचन सम्मानित अतिथियों द्वारा किया गया।

सह समन्वयक प्रो. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि भारत में पिछले कुछ वर्षों से बहुत विकास हुआ है । यूपीआई, चंद्रयान, हाईवे, मेट्रो, रेलवे, स्मार्ट सिटी इत्यादि के माध्यम से भारत का चहुमुखी विकास हुआ है। उन्होंने अपनी पंक्तियों 'रोशनी हर तरफ है मगर यह भी सच है कि कुछ कोने में अभी भी अंधेरा है'।

मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्व. विद्यालय से पधारे प्रो. पी.के. घोष ने जानकारी दी कि सिंदूर ऑपरेशन में उनके द्वारा ट्रेनिंग प्राप्त कैडेट्स ने भाग लिया था।

उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जब तक सभी चुनौतियों पर कार्य नहीं किया जाएगा तब तक भारत विकसित नहीं हो सकता। उन्होंने विभिन्न उदाहरण देकर विकसित भारत की परिभाषा को समझाने का प्रयास किया। देश तब तक सुरक्षित रह सकता है जब तक देश के चारों ओर की सीमाएं सुरक्षित हो अपने 16 बिंद. ुओं के माध्यम से देश की सुरक्षा में आने वाली चुनौतियों का विस्तार से वर्णन किया।

## एक नजर

### माता की चौकी का आयोजन



**धामपुर।** प्राचीन सिद्ध पीठ श्री बालाजी मंदिर में रामनवमी तथा माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के स्वामित्व महंत डा. अमित गिरी तथा महंत आदित्य गिरी ने मुख्य यजमान सुधीर अग्रवाल उर्फ मुन्ना बाबू के द्वारा प्रभु राम को सुंदर वस्त्र आभूषण व फूल मालाओं से सुशोभित कराया गया। पूजन कराकर भगवान को तिलक कराया गया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे से मंदिर में मां शेरावाली की चौकी का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत डा. अमित गिरी महाराज ने मुख्य यजमान हिमांशु शर्मा व रूपांशी शर्मा के द्वारा गौरी, गणेश, कलश, नवग्रह पूजन कराकर माता की जोत प्रज्वलित कराई गई। समता जोशी चलो बुलावा आया है, संगीता जोशी 'हारा हूं बाबा', पूर्वी जोशी ने 'साथी हमारा कौन बनेगा' रुक्मेश ने 'शेर पे सवार होके आजा शेरावाली', कंचन सुधा ने माता के भजन सुना कर मंदिर का माहौल भक्तिमय कर दिया। बाद में मंहत आदित्य गिरी व डा. अमित गिरी महाराज जी ने हिमांशु वह पूरे परिवार सहित मां शेरावाली की आरती कराई। बाद में हिमांशु व उनकी पत्नी रूपांशी ने कन्या पूजन मंदिर परिसर में किया। इस मौके पर मंदिर की पुजारन पूनम गिरी, स्नेहा गिरी, आशा देवी, संध्या चौधरी, मिस्टी, निक्कू, विमलेश, संगीता शर्मा, प्रभा, कोमल सैनी आकाश शर्मा तथा अनेक श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे।

### आलिया फातिमा ने किया नाम रोशन



**स्योहारा।** शिक्षा के क्षेत्र में मैरी एंड जीसस कांवेंट स्कूल की छात्रा आलिया फातिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। कक्षा 8 की छात्रा आलिया फातिमा ने न केवल अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, बल्कि पूरे विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया। आलिया की उपलब्धियां यहीं तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने पूरे शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर अटेंडेंस अवार्ड भी अपने नाम किया। विशेष रूप से उन्हें लगातार 10 वर्षों तक बिना एक भी दिन अनुपस्थित रहे। विद्यालय आने के लिए विद्यालय प्रशासन द्वारा विशेष सम्मान से नवाजा गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने आलिया की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और लगन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है वहीं अभिभावकों में भी खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। आलिया फातिमा की सफलता यह संदेश देती है कि मेहनत अनुशासन और निरंतर प्रयास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

### मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत




**धामपुर।** विश्व भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी में हुमरा परवीन, एलजी की अनुषा, कक्षा यूकेजी की शिविका, कक्षा फर्स्ट की खुफिया, कक्षा 2 इफरा, कक्षा तीन में मुस्कान, कक्षा चार में इलमा, कक्षा पांच में जोया, कक्षा छह में आयशा, कक्षा सात अलीशा, कक्षा आठ में कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कक्षा तीन की मुस्कान एवं कक्षा 8 की कृष्णा ने शतप्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में टॉप किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने सफल बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सभी शिक्षक मंतशा, रुबीना, फोजिया, कृति, पूनम, अलीशा, नकुल कुमार, साहिब, नाबिला, संध्या, अलीशा सुमबुल, आयशा, सचिन आदि का सहयोग रहा।

### होटल के कर्मचारियों से मारपीट

**नूरपुर।** एक होटल में दबंगों ने होटल के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दहशत फैला दी। पेट पूजा होटल के मालिक नीतू सिंह ने पुलिस को तहरीर में बताया है कि क्षेत्र के ग्राम मंडोरा निवासी सुमित गुर्जर अपने दो साथियों के साथ उनके होटल पर आया था। सुमित गुर्जर शराब के नशे में गाली-गलौच करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना और झगड़ा करने लगा। इसी दौरान नीतू सिंह अपने कर्मचारियों के साथ होटल के अंदर बंद हो गए। आरोपी दबंग सुमित गुर्जर शराब के नेश में होटल मालिक को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### मिल को पर्याप्त मात्रा में नहीं मिला गन्ना

**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स प्राइवेट लिमिटेड शुगर मिल इस बार लाख कोशिश के बावजूद क्षेत्र के गन्ना कृषकों को किसी भी प्रकार संतुष्ट नहीं कर पाई है। गन्ना सत्र 2025-26 में किसानों की गन्ना फसल भी ठीक नहीं हो पाई, लेकिन शुगर मिल किसानों को अच्छी प्रजाति का बीज उपलब्ध नहीं करा पाई। अलबत्ता सरकार की योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्रों को बेचने और बिकवाने में लग रहे। न ड्रोन व्यवस्था काम आई न ही छिड़काव काम आया। अधिकांश गन्ना फसल को रेड रोट तो कम लगा, मगर कई अन्य नए रोग गन्ने की फसल की बढ़वार को खत्म कर गए। यदि यह कहा जाए कि मिल प्रबंधक वर्ग भी किसानोंको नए-नए उपाए तो बताने में लगा रहा, लेकिन गन्ने की अच्छी प्रजाति का बीज उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हुआ। क्षेत्र में गत वर्ष गन्ना सत्र की अपेक्षा इस गन्ना सत्र में गन्ने की उपज कम होने से मिल को पर्याप्त मात्रा में गन्ना सप्लाई नहीं हो पाई। आज पीबीएस फूड्स शुगर मिल वाले कुछ अपनी कारगुजारियों और औछी रणनीति के तहत कार्य करते रहे और गन्ना किसानों को सरकारी मशीनरी खरीदने का दबाव बनाते रहे और अपना गन्ना सत्र पीटने में खरे उतरे। कभी 22-25 मई को बंद होने वाला गन्ना सत्र इस बार 27-28 मार्च भी पीबीएस फूड्स शुगर मिल को पार करना मुश्किल हो रहा है। कुल मिलाकर इस गन्ना सत्र में पीबीएस फूड्स शुगर मिल अच्छी प्रजाति का गन्ना बुवाई कराने में फेल रही। हालांकि चांदपुर गन्ना परिषद गन्ना किसानों के बीच कार्य करता रहा और किसानों को बेहतर विकल्प बनाए रहा।



# ईंट भट्टों पर कार्बन का किया जा रहा था प्रयोग

**○ नगर मजिस्ट्रेट ने छापामार कार्रवाई कर कार्बन किया बरामद**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** ईंट भटटों पर कार्बन जलाने की सूचना पर पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट को छापे में भारी मात्रा में कार्बन बरामद हुआ। नगर मजिस्ट्रेट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की इसकी सूचना दी।

शनिवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी शान ब्रिक वर्क एवं खालसा ईट उद्योग स्थित ग्राम कुरकावली थाना नखासा का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान दोनोंभट्टों पर टायर जलाने के उपरांत बचे अवशेष काले पाउडर का इस्तेमाल ईंधन के रूप में किया जाता है मिला। पूरी तरह से अवैध काला पाउडर से प्रदूषण फैलता है। इन हालातों में नगर मजिस्ट्रेट ने प्रदूषण विभाग को संबंधित ईट उद्योग के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने को निर्देश दिए। तत्पश्चात ग्राम मुजफ्फरपुर में स्थित हिलाल ईट कंपनी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय मौके पर लगभग 10 कुंतल टायर की राख मौजूद मिली। जिसका प्रयोग ईंधन के रूप में किया जा रहा था इसके विरुद्ध भी प्रदूषण विभाग को आवश्यक कार्रवाई को निर्देशित किया गया। नगर मजिस्ट्रेट के ईंट भटटों पर कार्बन को लेकर छापमार कार्रवाई और निरीक्षण से भटटा संचालकों में हड़कम्प मच गया। बताते हैं काफी भटटों पर कार्बन जलाकर ईंटे पकायी जाने का कार्य किया जा रहा हैं जिससे हवा में प्रदूषण दूर-दूर तक फैलने से तरह-तरह की बीमारियों का खतरा बन रहा है। जबकि छापे की भनक लगने पर अन्य भटटा संचालकों ने आनन-फानन में प्रदूषण फैलाने वाले कार्बन को हटाने का काम शुरू कर दिया। जबकि अन्य ईंट भटटा संचालकों के कान खड़े हो गए। बड़े पैमाने पर भटटों पर कार्बन मिलने से माना जाने लगा है कि भटटों की चिमनियों से निकलने वाला धुंआ प्रदूषित होने के सज्ञथ हवा में काफी सारी बीमारियां परोस रहा है।



सिरसी-कस्बा सिरसी में यौमे गम पर मातम ख्वानी करते सोगवार।

# आह: जन्नातुल बक़ी यौम ए गम

**○जन्नातुल बकी की कब्रों के निशानात मिटाने के सौ साल**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**सिरसी।** सऊदी अरब के मदीना में जन्नातुल बकी नाम का पुराना कब्रिस्तान अब से चौदह सौ साल पहले कब्रों, मकबरों से घिरा रहता था, लेकिन सन् 1925 में सऊदी सरकार ने कब्रों व मकबरों पर विध्वंस की कार्रवाई कर उनके निशानात मिटा दिए। इसी के विरोध में हर साल की तरह इस साल में यौम ए गम मनाया गया।

कस्बे के मौहल्ला शर्की स्थित इमामबारगाह जामे इमाम मेंहदी में हर साल की तरह इस साल भी आज आठ शव्वाल को एक मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें सोजख्वानी विकार मेंहदी ने की जबकि मजलिस को मोलाना शादाब मेंहदी जाफरी ने खिताब करते हुए जन्नातुल बकी के बारे में तफसील से बयान करते हुए कहा कि जन्नातुल बकी वो मुकददस जगह है जिसमें पैगम्बरे इस्लाम की बेटी जनाबे फातेमा, इमाम हसन, इमाम जैनुल आबेदीन, इमाम जाफरे सादिक व इमाम मौ. बाकिर आदि के अलावा पैगम्बरे अकरम के कई सहाबा-ए-इकराम की कब्रे हैं।सऊदी सरकार ने सभी कब्रों को ढहाकर निशान तक मिटा डाले। मौलाना ने आगे फरमाया कि हम सभी मुसलमानों का फरीजा है कि कब्रों की दोबारा तामीर की कोशिश के साथ दुआ भी करें। मजनिस के बाद शबीहे ताबूत हजरत फातेमा जहरा बरामद की गई। जिसकी ज्यारत कोअकीदतमंद मौजूद रहे। इस मौके पर मातमी अन्जुमनों ने नौहाख्वानी व मातम किया। ताबूत इमामबारगाह शर्की में नम ऑखे के साथ बढ़ा दिया गया। **किसी तरह दोज़ख के पैगम्बर छुड़ाऐंगे तुझे। क्यों नही कौशां है तू कैसा तेरा ईमान है।।**

# मुबारकपुर बंद में सरकारी भूमि पर मस्जिद मदरसा बने होने का आरोप

**○राजस्व प्रशासन की टीम ने पहुंचकर की नापजोख, बुल्डोजर कार्रवाई की सम्भावना**

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** शहर के तीर्थ और कुंआ खोजो अभियान के बाद शहर व ग्रामीण अंचल में ग्राम समाज की भूमि खोजकर उस पर बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई में जुटा राजस्व प्रशासन को एक और गांव में सरकारी जमीन पर मस्जिद मदरसा बनाया जाना खोज लिया है। गांव पहुंची तहसील प्रशासन की टीम ने मस्जिद मदरसे की पैमाइश की। चिन्हित की गई भूमि खेल व खाद के गडढों की जमीन पर अवैध कब्ज़ा कर धर्म स्थलों का निर्माण करने का आरोप है। तहसीलदार को रिपोर्ट देने के बाद बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई होना माना जाने लगा है।

शनिवार को तहसील प्रशासन की टीम असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारक बंद में पहुंची। टीम ने मस्जिद मदरसा और आठ दुकानें सरकारी भूमि पर बनी होना बताकर चिन्हित किया। जबकि एक सरकारी स्कूल भी सरकारी भूमि पर बना होना पाया गया। बताया जा रहा है कि अवैध निर्माण पर तहसील प्रशासन ने पहले नोटिस दिया था। जिसकी पैमाइश कराई गई। लगभग एक घंटे तक तहसील की पांच सदस्यीय टीम ने पुलिस की मौजूदगी में वीडियोग्राफी कराते हुए पैमाइश की। इस दौरान कानूनगो चंद्रपाल सिंह ने बताया कि साढ़े तीन बीघा सरकारी जमीन में मस्जिद मदरसा दुकानें और सरकारी स्कूल बना है. जिसकी रिपोर्ट तहसीलदार को दी जायेगा। माना जाने लगा है कि जल्द ही आदेश मिलने पर बुल्डोजर जस्टिस की कार्रवाई की जा सकती है। इस मौके पर कानूनगो चन्द्रपाल सिंह, मस्जिद के मुतवल्ली भूरे हाजी, बब्बू हाजी प्रधान के अलावा मस्जिद का कर्मचारी व ग्रामीण नुसरत अली आदि मौजूद रहे।




असमोली-मुबारकपुर बंद में ग्राम समाज की भूमि के चिंहांकन को कार्रवाई करती टीम।

## एक नज़र इधर भी



### रामनवमी प्रभुश्रीराम का जनमदिन: पार्थ

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर गुन्नौर में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के पुत्र पार्थ यादव ने कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन प्रेरणादायक है। उनके जीवन से एक कर्तव्य परायण पुत्र, स्नेहशील भाई, आदर्श पति, अच्छा राजा की प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके साथ ही उनके अन्य परिजनों का चरित्र भी प्रेरणादायक है।रामनवमी प्रभु श्रीराम का जन्मदिन है। इसे हम भव्य रूप से मनाते हैं। प्रत्येक वर्ष नगर गुन्नौर में शोभायात्रा निकाली जाती है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैंने पहली बार यहां आकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया है। आप सभी का स्नेह हम पर ऐसे ही बना रहे। ऐसी आपसे आशा है। इस दौरान गोविंद वार्ष्णेय, धर्मेन्द्र प्रजापति, कृष्णवीर आर्य, अमन, महिपाल बघेल संदीप, सुमित वार्ष्णेय, कौशल श्रृषिपाल सिंह, रविराज गुप्ता, सुभाषचंद्र, केशव, पुनीत यादव, नीरज, बीरेश, तुषार वार्ष्णेय आदि रहे।



बबराला- गंगाघाट राजघाट पर गंगा आरती करतें।

### समिति अध्यक्ष ने की मॉ गंगा की आरती

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गंगाघाट राजघाट के बबराला घाट पर मां गंगा समिति के अध्यक्ष ने मां गंगा की भव्य आरती व प्रसाद वितरण कर जन्मदिन मनाया। मां गंगा जन कल्याण समिति बबराला के अधयक्ष अतुल गोयल उर्फ भोला ने परिजनों के साथ गंगाघाट पर मां गंगा की भव्य आरती की। इससे पूर्व पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से मां गंगा का पूजन कराया। समिति अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि मां गंगा का हमारे जीवन व परिवार पर आशीर्वाद रहे। उनकी कृपा से गंगातट पर प्रतिदिन शाम को आरती की जा रही है। आरती के बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष अतुल गोयल के अलावा भगवान सिंह,श्रीकृष्ण भारद्वाज,कपिल गोयल उर्फ सोनू, कार्तिक गोयल, सात्विक, गर्वित गोयल, विजय वार्ष्णेय, विवेक वार्ष्णेय, रवि शर्मा, अनिल कुमार आदि मौजूद रह

# रन फॉर एम्पावरमेंट में दौड़ी छात्राएं और महिला पुलिस कर्मी

**○सीओ आलोक भाटी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** प्रदेशभर में संचालित 'मिशन शक्ति' फेज 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनपद स्तरीय 'रन फॉर एम्पावरमेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में छात्राओं, महिलाओं और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उपजिलाधिकारी/पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय परिसर से शुरू हुई रन फॉर एम्पॉवरमेंट का शुभारम्भ किया गया। रन फॉर एम्पावरमेंट में शामिली स्कूली छात्राओं और महिला पुलिस कर्मी दौड़ लगाते हुए मुरादाबाद मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हॉल पहुंची। सीओ आलोक भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 मार्च 2026 से प्रदेशभर में मिशन शक्ति का द्वितीय चरण चल रहा है, जिसके तहत अलग-अलग जनपदों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी देना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान महिलाओं को वुमन पावरलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, साइबर हेल्पलाइन 1930 और जनसुनवाई हेल्पलाइन 1076 के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। साथ ही, सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण योजनाओं से भी उन्हें अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम में मिशन शक्ति केंद्रों के कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और महिलाओं को विभिन्न योजनाओं तथा सहायता सेवाओं की जानकारी दी। इसके अलावा स्कूल की छात्राओं ने भी दौड़ में हिस्सा लेकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और समाज में जागरूकता फैलाने का आहवान किया गया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक राज सिंह, उप निरीक्षक अरूण कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



सम्भल- रन फॉ एम्पावरमेंट को हरी झंडी दिखाते सहायक पुलिस अधीक्षक/सीओ

## रात को मच्छर कर रहे हैं नींद हराम

शाह टाइम्स,संवाददाता

**असमोली।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।

मौसम में आए भारी परिवर्तन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है साथ ही इन उत्पादों की मांग भी एकदम से बढ़ने लगी है। नगर वासियो की महंगाई के इस दौर में अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है वहीं इन दवाईयो का मच्छरो पर लगभग कम ही असर या यूँ कहें कि अर्द्ध रात्री के बाद मच्छरो का आतंक फिर से शुरू हो जाता है।जिससे नगरवासी परेशानी में सो नही पा रहे है।

# नगर के चारों मार्गों पर सरपट दौड़ रहे डग्गामार वाहन

**○राजस्व को खुल्लम खुल्ला पहुंचा रहे हानि**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** नगर के चारों मार्गों पर हो रही डग्गामारी से राजस्व के साथ वैध परमिट के साथ संचालन कर रहे निजि बस संचालकों को भी भारी क्षति उठानी पड़ रही है।

शहर से जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर डग्गामार वाहनों का कब्ज़ा है। जिससे न केवल सरकार को हानि हो रही है,बल्कि परिवहन विभाग की अनुमति से संचालित हो रहे निजि वाहन संचालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करने के साथ हानि उठानी पड़ रही है। इसे लेकर निजि बस संचालक कई बार विरोध कर चुके हैं,लेकिन डग्गामार संचालकों के हाथ इतने मज़बूत हो गए हैं कि पुलिस हो या प्रशासन या फिर सम्भागीय परिवहन विभाग इन पर हाथ डालने से कतरा रहे हैं। सम्भल-चन्दौसी व सम्भल बहजोई मार्ग पर अवैध तरीके से छोटे एवं बड़े डग्गामार वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। अरटीओ और पुलिस की निगाह के सामने वाहनों का संचालन हो रहा है,लेकिन इन्हे देखकर आंखे मूंदी जा रही हैं। जबकि यह डग्गामार वाहन जबरन सवारियों को अपने वाहन में बैठाकर राजस्व का नुकसान कर रहे है और अपना गोरख धंधा मजे में चला रहे है। यह खेल सम्भल में ही नहीं,बल्कि जनपद के दूसरे शहरों में भी फल-फूल रहा है,लेकिन दिल्ली तक चलने वाली बसें और अन्य वाहन सम्भल से ही होकर गुज़ारी जा रही हैं। थानों और पुलिस चौकियों के सामने से डग्गा मार वाहन दिन हो या रात आसानी से गुज़र जाते हैं,परन्तु इन्हे रोकने अथवा हाथ डालने की हिम्मत परिवहन विभाग भी नहीं जुटा पाता है। ऐंसे में बड़े स्तर पर चल रहे डग्गामार वाहन जहां यातायात के नियमों का उल्लंघन कर कर चोरी कर रहे हैं,वहीं सवारियों के लिए भी खतरा बने हुए हैं।

# अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं दर्जनों मेडिकल स्टोर

**बखौफ होकर कर रहे हैं आर्थिक शोषण**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** झोलाछाप चिकित्सकों की तरह क्षेत्र में अवैध रूप से दर्जनों मेडिकल स्टोर चल रहे है। जिनमें से अधिकतर ऐसे भी हैं जिन पर नाबालिग काम कर रहे हैं।

कस्बे के साथ ही बराही, मुकर्रबपुर, भवांच, भमरौआ, हज़रत नगर गढ़ी आदि दर्जनो गांव ऐंसे हैं जहां अवैध रूप से मेडिकल स्टोर संचालित किये जा रहे है। इनमें से अनेक मेडिकल स्टोर संचालक चिकित्सीय कार्य भी कर रहे हैं। वहीं कुछ दवाइयों बेचने का काम कर रहे हैं। अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरो पर एक्सपायर व प्रतिबंधित दवाएं भी बैखौफ होकर बेची जाती है। औषद्यी प्रशासन स्वास्थ्य विभाग कभी-कभी दिखाने के लिए छापेमारी करता है,लेकिन किसी के भी विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई नही की जाती। जिस कारण अवैध मेडिकल स्टोर संचालक बैखौफ होकर मरीज़ों का आर्थिकव मानसिक शोषण कर जन-जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं,लेकिन स्वास्थ्य विभाग की क्वैक्स टीम मौनी बाबा बनी हुई है।हालांकि नगर मजिस्ट्रेट के अचानक छापामार कार्रवाई में एक दो मेडिकल स्टोरों को सील किया जा चुका है लेकिन आज भी काफी मेडिकल स्टोर अवैध रूप से मानकों के विपरीत संचालित हो रहे हैं।

## मिशन शक्ति की टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** मिशन शक्ति फेज-05 द्वितीय चरण विशेष अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम व थाना एचोडा कंबोह कुतुबपुर सक्ता,सकतपुर में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध , लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया।जबकि विभिन्न हैल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है के बारे में जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक गुलाम मोहम्मद, महिला कां.रीता थाना एचोडा कंबोह आदि शामिल रहे।

**चन्दौसी चौराहा से रोडवेज मार्गनाले पर पड़ा जाल हो चुका है जर्जर किसी भी समय हो सकता है बड़ा हादसा**

# चौराहों पर यात्रियों को होती है असुविधा

**○स्थानीय निकाय प्रशासन का नहीं कोई ध्यान**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मुख्य चौराहे पर यात्रियों को भारी असुविधा उठानी पड़ रही है। स्थानीय निकाय प्रशासन इस और कोई ध्यान नही दे रहा।

यूं तो सम्भल में मुख्य चौराहों पर यात्रियों की सुविधा के लिए कोई प्रबंध नही किये गए हैं इसीलिए सम्भल आने-जाने वाले सैकड़ों की संख्या में यात्रियों को कष्टों का सामना करना पड़ता है। चौराहों पर स्थानीय प्रशासन द्वारा किसी तरह की कोई सुविधाओं का इंतेज़ाम नही किया गया है। चौधरी सराय चौराहे को ही ले लीजिये इस चौराहे पर सबसे अधिक आवागमन रहता है,क्योंकि इस चौराहे से दिल्ली को अधिक यात्री-यात्रा करते हैं। जबकि बदांयू, इस्लाम नगर, अनूपशहर, अलीगढ़ समेत अनेको स्थाने को जाने वाली अधिकतर सरकारी अथवा गैर सरकारी वाहन उपलब्ध हैं। चौधरी सराय चौराहे पर स्थानीय प्रशासन की ओर से न तो कोई स्वच्छ पैयजल की व्यवस्था करायी है। इतना ही नही रोज़ान सफर करने वाले यात्रियों में बच्चे, बुजुर्गों एवं महिलाओं अथवा पुरूषों के लिए कोई टिन शेड भी नही लगवाए गए। इतना ज़रूर है कि इस गर्मी के मौसम में चौधरी सराय चौराहे पर किसी न किसी कारण यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। मुरादाबाद चन्दौसी चौराहे को देखा जाये तो यहां भी काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। दोनो चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था होने के बाद भी यात्रियों को जाम के झाम से जूझना पड़ता है। जबकि स्थानीय निकाय प्रशासन समेत सरकार के लोग बड़े-बड़े विकास कराने के वादे करते दिखायी पड़ते हैं। इसके अलावा चौराहे के चौड़ी करण को लेकर चल रहे कार्य से भी यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है। जबकि चौराहे से रोडवेज को जाने वाला मार्ग के बीचो बीच नाले पर पड़ा लोहे का जाल काफी जर्जर हो चुका है। जिस पर एक दो नहीं अनगिनत वाहन गुजर रहे हैं लेकिन नर पालिका प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। जर्जर हो चुके जाल की न तो मरम्मत की जा रही है और न ही जाल को बदला जा रहा है। जिससे किभी भी किसी समय बड़ा हादसा होने का पूरा खतरा बना हुआ है।

# गुन्नौर में निकली रामनवमी शोभायात्रा

**○शोभायात्रा में झांकियों ने मनमोहा**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर गुन्नौर में राम नवमी के अवसर पर शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी।शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव के पुत्र पार्थ यादव ने फीता काटकर किया। शोभायात्रा में काली अखाडा, दुर्गा मां, गणेश जी, शंकर जी, राम दरवार, हनुमानजी, शंकर जी का तांडव नृत्य, विष्णु भगवान की झांकियां निकाली गयी। महाकाल सेवा समिति गुन्नौर ने महाकाल बाबा का डोला निकला। जिसमें तुषार भोला अमन कौशल अभय यश क्रिस देव, तरंग,अन्नू ने आरती की। शोभायात्रा ब्लाक परिसर गुन्नौर से निकलकर सदर बाजार ,मोहल्ला सराय होते हुए चामुंडा मंदिर बिजली घर पर आकर समाप्त हुई। नगर के लोगों ने झांकियों व मां काली का स्वागत किया गया।इस मौके पर गोबिंद वार्ष्णेय, अमन वार्ष्णेय, धर्मेन्द्र प्रजापति, कल्लू वार्ष्णेय, सुमित वार्ष्णेय, संदीप वार्ष्णेय,कौशल, केवी आर्य,श्रृषिपाल सिंह,महिपाल सिंह,बीरेश,केशव आदि मौजूद रहे।



बबराला-रामनवमी पर शोभायात्रा में शामिल झांकियां।

# खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की ली गई बैठक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली की अपेक्षानुसार जनपद स्तर पर गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक के अंतर्गत सहायक आयुक्त/खाद्य अभिहित अधिकारी मानवेंद्र सिंह द्वारा बैठक के प्रमुख एजेंडा बिंदुओं के विषय में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। बैठक में अर्न्तगत धारा 64 के अंतर्गत की गई कार्रवाइयों एवं इससे संबंधित प्रमुख बिंदुओं के विषय में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जानकारी प्राप्त की गई जिसमें सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि अगर कोई व्यक्ति खाद्य सुरक्षा के मानक के विपरीत बारम्बार कार्य करता है तो उसके लिए डबल पेनल्टी का प्रावधान है और उन्होंने बताया कि जनपद में 18 वाद दायर हैं जिसमें से 8 वाद में न्यायालय द्वारा डबल पेनल्टी लगायी गयी है। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट द्वारा मावा में मिलावट को लेकर लोगों को जागरूक करने को लेकर संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठकों तथा अन्य व्यापार से संबंधित बैठकों में मावा मिलावट के संबंध में लोगों को जागरूक करें। मुख्य विकास अधिकारी ने खाद्य सुरक्षा विभाग की तरफ से जागरूकता के लिए क्या-क्या कार्य किया जा रहे हैं उसके विषय में जानकारी प्राप्त की। सहायक आयुक्त ने बताया कि जनपद में फूड सेफ्टी से संबंधित फूड सेफ्टी वैन (मोबाइल लैब) भी चलाई जाती हैं तथा समय समय पर खाद्य सुरक्षा से संबंधित फूड सेफ्टी वैन जनपद में लोगों को जागरूक करती है। अभी जनपद में कोई जनपद की फूड सेफ्टी वैन नहीं है। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के लिए फूड सेफ्टी वैन के लिए एक पत्र शासन स्तर पर भिजवाया जाए।


**नाम परिवर्तन**

पूर्व में मुझे मौहम्मद सलीम के नाम से जाना जाता था जबकि मेरी पुत्री को सुबहाना सलीम के नाम से जाना व पहचाना जाता था। अब मैने अपना नाम बदलकर मौ. सालिम कर लिया है। जबकि पुत्री का नाम सुबहाना सालिम कर लिया है। भविष्य में मुझे मौ. सालिम ओर मेरी पुत्री को सुबहाना सालिम के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**मौ. सालिम पुत्र मौ. इब्राहीम**
नि. मौ. नखासा तह. व जिला सम्भल।



**आवश्यक सूचना**

सिरसी गैस एजेन्सी, सिरसी के सभी उपभोग्ताओ को सूचित किया जाता है कि गैस एजेन्सी पर किसी भी तरह की गैस वितरण मे कोई समस्या नहीं है पूर्व की तरह ही गैस वितरण की जा रही है। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और पैनिक बुकिंग न करें और गैस वितरण मे एजेन्सी का सहयोग करे व डिलीवरी मैन से गलत व्यवहार न करें

धन्यवाद सिरसी गैस एजेन्सी सिरसी

# लाइनपार इलाके में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट वीडियो वायरल, पुलिस ने 11 लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। राम तलैया चौकी इलाके में हुई इस घटना में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और सड़क पर ही जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। अचानक हुई इस मारपीट से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी सुरक्षा के लिए इधर-उधर भागने लगे।जानकारी के मुताबिक, विवाद की शुरुआत एक महिला पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से हुई थी। बात बढ़ते-बढ़ते इतनी गंभीर हो गई कि दोनों पक्षों के लोग एकत्र हो गए और एक-दूसरे पर हमला कर दिया। इस दौरान कई लोग घायल हो गए, जिनमें दोनों पक्षों के सदस्य शामिल हैं।घटना के समय मौके पर मौजूद स्थानीय लोग भयभीत हो गए और कई लोगों ने खुद को घरों में बंद कर लिया। वहीं कुछ महिलाएं बीच-बचाव करने की कोशिश करती नजर आईं, लेकिन गुस्साए लोगों ने उनकी एक नहीं सुनी और झगड़ा जारी रहा। इस पूरी घटना का वीडियो भी आसपास के लोगों ने बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की। अधिकारियों के अनुसार, इस प्रकरण में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मारपीट में शामिल आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और मामले की जांच जारी है।



# सीएचसी में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम सम्पन्न, अभिभावकों ने बच्चों के साथ लिया सक्रिय हिस्सा



**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) बिलारी पर एएनएम आशा सैनी द्वारा समस्त स्वास्थ्य स्टाफ के सहयोग से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों को निर्धारित समय पर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां आयु अनुसार आवश्यक टीके लगाए गए। टीकाकरण प्रक्रिया के दौरान एएनएम आशा सैनी सहित स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि निर्धारित समय पर लगने वाले टीके बच्चों को गंभीर व घातक बीमारियों से सुरक्षित रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यक्रम पूरे अनुशासन और व्यवस्था के साथ संचालित हुआ, जिसमें बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही अगली टीकाकरण तिथि की जानकारी भी अभि भावकों को उपलब्ध कराई गई।

## एक नजर

### प्राथमिक विद्यालय ढकिया जदीद में तनाव प्रबंधन व व्यक्तित्व विकास कार्यशाला हुई आयोजित



**बिलारी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** प्राथमिक विद्यालय ढकिया जदीद में शुक्रवार को प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापकों की देखरेख में तनाव प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में सीएचसी की टीम ने बच्चों को तनाव के लक्षण, उससे निपटने की तकनीकें, पढ़ाई के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय और सकारात्मक सोच विकसित करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया। विशेषज्ञों ने बताया कि छात्रों को छोटी परेशानियों पर घबराना नहीं चाहिए और किसी भी तनाव की स्थिति में अभिभावकों व शिक्षकों से खुलकर बातचीत करनी चाहिए। टीम ने मोबाइल और सोशल मीडिया के सीमित उपयोग तथा नियमित दिनचर्या में सकारात्मक आदतें शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को बताया गया कि मुस्कुराकर दिन की शुरुआत करने से तनाव कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है। कार्यशाला में विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा, जिनमें मुख्य रूप से सीमी सदफ , अजरा शाहीन, अगम स्वरूप, शादमा मुस्तफा, संतोष सैनी और प्रियंका शामिल रहे।

अंत में विद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा जिसकी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं।

### रफ्तार बनी मुसीबत: खड़े मुकर्रम अली को बाइक ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के मिलक सिरसी निवासी मुकर्रम अली पुत्र छीदन खान सड़क किनारे खड़े थे, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायल मुकर्रम अली को तुरंत कुंदरकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार तेज गति में था और संतुलन खो बैठा, जिसके चलते यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर थाना मैनाठेर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि फरार बाइक सवार की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।



### चक फाजलपुर में खूनी संघर्ष, दो पक्षों में हिंसक झड़प में आधा दर्जन घायल

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव चकफाजलपुर में शुक्रवार देर शाम मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया जब दो दिन पहले बच्चों के बीच हुए झगड़े को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी ने हिंसक झडप इतनी बढ़ गयी की दोनों ओर से लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया।

घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए, जिनमें शाहनवाज, आलिम, इमामी के साथ दूसरी ओर से नईम, शफी अहमद और जब्बार शामिल हैं। सभी को सिर में गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले बच्चों के बीच हुए विवाद को ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर शांत करा दिया था लेकिन शुक्रवार शाम फिर किसी बात को लेकर तनाव बढ़ गया और मामला बेकाबू हो गया। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जानकारी जुटाई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर देने की बात सामने आई है।

### मामूली कहासुनी को लेकर मारपीट एक घायल

**कुंदरकी।** मैनाठेर शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव ललवारा निवासी शहादत ने पुलिस में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका बेटा गांव में ही डॉक्टर से दवाई लेकर घर लौट रहा था तभी गांव के ही मोईन ने सर में ईट मार दी जिससे शाकिर (16) घायल हो गया और जब वह विरोध करने लगा तो उसके साथ लाठी डंडों से भी मारपीट की पुलिस ने घायल को कुंदरकी अस्पताल भेजा पिता ने शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही की मांग की है।



### कुत्तों ने बछड़े पर हमला कर किया घायल गो सेवकों ने कराया इलाज

**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्तियारपुर नवादा गांव में एक बेसहारा घूम रहे बछड़े पर कुत्तों ने हमला कर दिया बछड़ा मस्जिद के सामने गिर गया लोगों ने कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचा ली सूचना मिलने पर गो सेवा गति. विधि के संयोजक विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और उन्होंने पशु चिकित्सक को सूचना देकर उसका इलाज कराया। बाद में ग्राम प्रधान की मदद से बछड़े को पशु चिकित्सालय में ले जाया गया विकास शर्मा का कहना था कि लोग छोटे गोवंश को घर से बाहर कर रहे हैं जिसकी वजह से बछड़े कुत्तों का शिकार होते हैं हालांकि सेक्रेटरी और अन्य कर्मचारियों को ऐसे लोगों की सूची बनाकर कार्यवाही करने की जिम्मेदारी सौंपी हुई है मगर इस कार्य में की जा रही अनदेखी का शिकार गोवंश होता जा रहा है उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।



### परिवार परामर्श केंद्र में 64 मामलों की सुनवाई, 04 परिवारों में हुआ सुलह

**चन्दौसी।** शनिवार को पुलिस परिवार परामर्श एवं सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में आयोजित की गई। कार्यक्रम केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान पति-पत्नी के बीच उत्पन्न पारिवारिक विवादों को काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया गया। कुल 64 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई, जिनमें से 13 का निस्तारण किया गया। वहीं 4 परिवारों में आपसी सुलह कराते हुए उन्हें पुन: साथ रहने के लिए राजी किया गया। इसके अलावा 6 पत्रावलियों को आवेदक द्वारा रुचि न लेने के कारण बंद कर दिया गया, जबकि 3 मामलों में विधिक कार्रवाई की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत एवं महिला आरक्षी ज्योति सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अध्यापकों की मासिक बैठक में किया संचारी रोगों के प्रति जागरूक, जानकारी नई बैनर लगाया पुराना

**कांठ (शाह टाइम्स)।** अध्यापकों की मासिक बैठक के दौरान आज स्वास्थ्य विभाग ने अध्यापको को आगामी पहली अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में जागरूक करने का काम किया। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि अपने-अपने स्तर से वह संचारी रोग कैसे फैलते हैं इससे कैसे बचाव किया जा सकता है जल भराव न होने,घरों के आसपास सफाईरखने, कूलर को साफ रखने आदि के बारे में दूसरों को जागरूक करने का काम करें। हालांकि पहली अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक चलने वाले कार्यक्रम के बारे बताने के लिए आए स्वास्थ्य विभाग ने पुराने बैनर से नई जानकारी देने की को. शिश की बैनर में 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने एवं 11 से 31 अक्टूबर 2025 तक घर-घर पर दस्तक अभियान चलाने का सन्देश दिया। जिसे लेकर अध्यापकों ने चर्चा भी की। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के यासिर अली के साथ-साथ बिलारी के खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार भी मौजूद रहे।




## जनगणना कराने को लेकर लेखपालों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**कांठ (शाह टाइम्स)।** मई में शुरू होने जा रही जनगणना को लेकर आज से तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ तहसील सभागार में किया गया जिसमें लेखपाल अमीन राजस्व निरीक्षक को सुपरवाइजर के रूप में नामित किया गया और मास्टर ट्रेनर एवं फील्ड ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया की 20 मई से 20 जून तक जनगणना की जानी है। जिसमें डिजिटल जनगणना टूल्स पोर्टल पर प्रेक्टिस सुपरवाइजर की जिम्मेदारी प्रगणकों से कैसे काम कराना है आदि 34 सवालों को लेकर जानक. ारी दी गई। बताया गया कि किस क्षेत्र के अंदर उन्हें काम करना है और गजट के अनुसार ही सवाल पूछे जाने हैं। जनगणना में अपना रिकॉर्ड व्यक्ति खुद भी भर सकता है लेकिन यह पोर्टल 7 मई से 21 के बीच चालू होने वाला है जनगणना के दौरान परिवार के सदस्य मकान के कमरे कमरों में क्या-क्या सुविधा है लैपटॉप कंप्यूटर वाहन शौचालय आदि को लेकर 34 सवाल पूछे जाने हैं जिनका सही जवाब परिवार को देना है। इस काम के लिए फील्ड ट्रेनर्स भी तैनात किए गए हैं प्रशिक्षण के दौरान लेखपाल अमीन एवं राजस्व निरीक्षकों को इस संबंध में लोगों को जागरूक करने और सही जानकारी देने के लिए भी कहा गया तहसीलदार राजकुमार सिंह भी इस प्रशिक्षण का हिस्सा बने और उन्होंने लेखपाल अमीन एवं राजस्व निरीक्षकों को जनगणना के लिए दी गई जानकारी के अनुसार ही कार्य करने को कहा।



## साप्ताहिक हाट बाजार की 48 लाख 51000 हजार में हुई नीलामी, पिछली बार से ऊपर लगी बोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापाण्डे।** शनिवार को पांच ठेकेदारों ने मूंढापाण्डे हॉट सप्ताहिक बाजार की नीलामी मे बोली लगाई,जिसमें साप्ताहिक हाट बाजार का ठेका नीलाम किया गया। नीलामी में पांच ठेकेदारों ने प्रति भाग। लिया जिसमें पचास हजार रुपए की जमानत बोली लगाने वाले ठेकेदारों से ग्राम पंचायत की बैठक में राशि जमा कराई गई, इसके बाद बाजार नीलामी से पहले सभी नियम और शर्तें प्रधान प्रतिनिधि एव सचिव ने पढ़कर सुनाया गया, नीलामी की शुरुआत पंकज ने 31 लाख तीस हजार रुपए से सुरु की जिसके बाद ठेकेदारों ने बढ़-चढ़कर बोली लगाई। इसमें सबसे मंहगी बोली 48 लाख 50 हजार रुपए की लगी। दूसरी सबसे महंगी बोली 48 लाख 51 हजार रुपए की माखन सिंह ने लगाई, सप्ताहिक बाजार में ठेकेदार पंकज ने पहली बोली 3130000 की लगाई,दूसरी बोली राजकुमार ने 3510000 की,तीसरी बोली रविन्द्र सिंह 3509000 की,चोथी बोली आशीष कुमार ने 4850000 की लगाई,पांचवीं बोली माखन सिंह 4851000 की लगाई जिनको सप्ताहिक बाजार का ठेका एक वर्ष 2026-27 के लिए दे दिया गया है,इस बाजार हाट की नीलामी पिछले वर्ष 2025-26 की नीलामी 31 लाख रुपये में अनुज सिंह को मिली थी, जो इस वर्ष 1751000 हजार रुपये अधिक बोली छुटी है,इससे बाजार में फड़ ठेला लगाने वालों पर तय बजारी में पहले से ज्यादा तय बाजारी वसूल की जा सकती है, इस बाजार की सबसे अहम बात तो ये है कि पूर्व ठेकेदार अनुज सिंह पर पिछले बर्ष का बकाया 315666 रुपये बाकी है जो अभी तक पुराने ठेकदार ने सरकारी खाते में जमा नहीं किए गए हैं, इस अवसर पर ग्राम प्रधानपति शिव कुमार राघव,सचिव नीलेश कुमार ,पंचायत सहायक पूजा एव पुलिस फोर्स सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।




## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**बिलारी।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत थाना बिलारी में महिलाओं और बालिक. ाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निरीक्षक छाया बालियान ने की, जिसमें MST-17 टीम ने सक्रिय सहयोग किया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया। उप निरीक्षक छाया बालियान ने प्रतिभागियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजनाख्रकी विस्तृत जानकारी दी। पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। इसके अलावा, महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक हेल्पलाइन नंबर साझा किए गए, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 घरेलू हिंसा हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102/108 स्वास्थ्य सेवाएं, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन तथा 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों से बचाव, आत्मरक्षा, कानूनी अधिकारों और ऑनलाइन सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी जानकारी दी गई। महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट भी वितरित किए गए। गोष्ठी का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाना रहा, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें तथा सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें।




## हेरिटेज फॉरेंसिक कल्चर और साइंस में सेतु की मानिंद: डॉ. गुजमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूनिवर्सिटी ऑफ फिलिपिंस-मनीला के कॉलेज ऑफ आर्ट एंड साइंसेज की डीन डॉ. मा. टेरेसा गुआजोन डी गुजमान ने बिहेवियरल इकोलॉजीज ऑफ डेथ: हेरिटेज फॉरेंसिक्स एंड ह्यूमैनिटेरियन फॉरेंसिक्स इन आर्किपेलैजिक सोसाइटीज पर बोलते हुए कहा, फॉरेंसिक साइंस केवल क्राइम सॉल्विंग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि डेथ हेरिटेज और बिहेवियरल इकोसिस्टम को समझने में भी सहायक है। हेरिटेज फॉरेंसिक कल्चर और साइंस के बीच एक सेतु का काम कर रही है। बरसों पुराने मृत अवशेषों के अध्ययन से यह पता लगाया जा सकता कि उस समय उन लोगों के रीति-रिवाज क्या रहे होंगे? साथ ही फॉरेंसिक विज्ञान वैज्ञानिक पहचान बनाने और कानूनी उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डॉ. मा. टेरेसा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हैल्थ केयर साइंसेज की ओर से फ्यूचर ऑफ इन्नोवेशन एंड साइंस एंड टेक्नोलॉजी-एफआईएसटी थीम पर आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस- हैल्थ फॉरेंसिक- 2026 के समापन मौके पर बतौर की नोट स्पीकर ऑनलाइन बोल रहीं थीं। इससे पूर्व आरआईएमटी- पंजाब के प्रो. ओपी जसूजा, आईआईटी-रूड़की के डॉ. राजेश कुमार, स्वामी रामा हिमालयन यूनिवर्सिटी-देहरादून के सीनियर एमआरआई टेक्नोलॉजिस्ट श्री अनंत राम उनियाल, कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हैल्थकेयर साइंसेज के प्रिंसिपल एंड कॉन्फ्रेंस चेयरपर्सन प्रो. नवनीत कुमार, एचओडीज- डॉ. रूचि कांत, श्री रवि कुमार, अमित बिष्ट आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। एचओडी डॉ. रूचि कांत ने कॉन्फ्रेंस समरी प्रस्तुत की। सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया। अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर वेलिडिक्ट्री सत्र में बेस्ट- ओरल रिसर्च पेपर्स, पोस्टर्स प्रेजेंट और थीसिस के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। फॉरेंसिक विभाग के स्टुडेंट्स् की 06 टीमों- द ऐविडेंस इनिग. मास, फॉरेंसिक फैल्कॉन्स, द क्राइम सीन स्लूथस, ट्रेस टाइटंस, द साइलेंट विटनेस और द एनालिटिकल ऐसेस ने क्राइम सीन इंवेशटिगेशन भी किया। पैरामेडिकल के स्टुडेंट्स ने कॉन्फ्रेंस के दौरान कल्चरल प्रस्तुतियां भी दीं। संचालन फैकल्टी श्रीमती सौम्या त्रिपाठी ने किया। आरआईएमटी- पंजाब के प्रो. ओपी जसूजा ने 3-डी फॉरेंसिक फेशियल रिकंस्ट्रक्शन पर बोलते हुए कहा, 3-डी फॉरेंसिक फेशियल रिकंस्ट्रक्शन तकनीक से किसी भी स्कल्स को पहचान दी जा सकती है।



उन्होंने बताया कि आईआईटी रूड़की में बैंबू शार्क और ऊंट की एंटीबॉडीज पर शोध चल रहा है। यह शोध कैंसर इलाज को अधिक प्रभावी और सुरक्षित बना सकता है। भविष्य में कैंसर के इलाज के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है और मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित व प्रभावी उपचार विकल्प उपलब्ध करा सकता है। बैंबू शार्क और ऊंट की एंटीबॉडीज संरचनात्मक रूप से अलग और अधिक स्थिर होती हैं, जिससे वे कैंसर कोशिकाओं को अधिक प्रभावी ढंग से लक्ष्य बना सकती हैं। स्वामी रामा हिमालयन यूनिवर्सिटी-देहरादून के सीनियर एमआरआई टेक्नोलॉजिस्ट श्री अनंत राम उनियाल प्रिकॉशंस इन इमेजिंग एज एविडेंस पर चर्चा करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में उपयोग होने वाली इमेजिंग तकनीकों के सही, सुरक्षित और प्रमाण-आधारित उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया, आधुनिक इमेजिं. जंग तकनीकें जैसे एक्स-रे, सीटी स्कैन और एमआरआई रोगों के सटीक निदान में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मरीज को अनावश्यक रेडिएशन के जोखिम से बचाना जरूरी है। साथ ही हर निर्णय वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित होना चाहिए। उनियाल बोले, सही प्रोटोकॉल, प्रशिक्षित तकनीशियन और उचित व्याख्या इमेजिंग की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं।

उन्होंने कहा, जिम्मेदार और प्रमाण-आधारित इमेजिंग उपयोग से न केवल रोगों का सही निदान संभव है, बल्कि मरीज की सुरक्षा और उपचार की सफलता भी सुनिश्चित की जा सकती है।


**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र सचिन अरोडा व पुत्रवधू श्रीमती अंजू अरोड़ा व पोता देवांश अरोडा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में इनके द्वारा गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **सत्य प्रकाश अरोड़ा उर्फ ठाकुरदास पुत्र स्वर्गीय कालूराम निवासी J7 नवीन नगर एमडीए कॉलोनी तहसील व जिला मुरादाबाद, हाल निवासी D81, टीडीआई सिटी सिविल लाइंस मुरादाबाद।**



**तारीख पेशी:** 20.05.2026 W.S.Issues

**वाद के निपटारे के लिए सम्मन**

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

**न्यायालय M.A.C.T (जनपद न्यायाधीश) महोदय, मुरादाबाद।**

**M.A.C.P. No.:** 423 सन् 2024

**श्रीमती शमीम आदि बनाम ताहिर अहमद आदि।**

ताहिर अहमद पुत्र एजाज अहमद निवासी जरीफपुर थाना शीशगढ़ बरेली **(वाहन स्वामी)।**

**श्रीमती शमीम** ने आपको विरूद्व मुआवजा के लिए बाद संस्थित किया है। जो आपको इस न्यायालय में तारीख 20.05.2026 W.S.Issues को दिन में 10.30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस बात से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आपको उपसजाति के लिए जो दिन नियत किया गया। है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन के इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी। तारीख को इस न्यायालय में उपसजात नहीं जो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपको अनुपस्थित में किया जाएगा।

यह आज तारीख 26 मार्च 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय को मुद्रा लगाकर दिया गया।

READER
M.A.C.T.
MORADABAD.

## बहजोई के चामुंडा मंदिर परिसर में डांडिया नाइट की धूम, भक्ति और उत्साह के साथ थिरके कदम

**बहजोई।** राम नवमी के पावन अवसर पर नगर के गोला गंज स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर परिसर में आयोजित श्डांडिया नाइटश कार्यक्रम में श्रद्धा और उल्लास



का अद्भुत संगम देखने को मिला। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने जमकर आनंद लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां देर शाम शुरू हुए इस कार्यक्रम में पारंपरिक परिधानोंख्रलहंगा-चोली और साड़ियों में सजी युवतियों और बच्चों ने डांडिया की धुनों पर नृत्य किया। माता रानी के भजनों और ढोल की थाप पर भक्त झूमते नजर आए। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक लाइटों और फूलों से सजाया गया था। डांडिया के माध्यम से समाज में एकता और आपसी मेलजोल का संदेश दिया गया।घ्आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण के साथ उत्सव का समापन हुआ। इस अवसर पर भावना गोयल, खुशबू बंसल, दीक्षा गोयल, स्वेता बरनवाल, कृतिका गुप्ता, रश्मि गोयल, नीलम जैन, खुशबू वर्मा, विनीता गोयल, पायल वार्ष्णेय, पारुल जैन राशि गोयल आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन भावना गोयल ने किया।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का भाजपा के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी ने दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया शुभारंभ

**ठाकुरद्वारा।** शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बॉस के मार्गदर्शन में ग्राम प्रधान/स्थानीय प्राधिकारी/जनप्रतिनिधि की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन बीएस गार्डन रामूवाला गणेश में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर





अजय प्रताप सिंह द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं के सफल संचालन के लिए प्रधानाध्यापक तथा ग्राम प्रधानों में समन्वय की आवश्यकता है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कर बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा सके। खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल द्वारा शिक्षकों द्वारा किए गए बेहतर प्रयासों की सराहना की गई तथा कायाकल्प से छूटे कार्यों को वार्षिक विकास योजना में जोड़ने की बात कही गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत योगेंद्र सिंह ने विद्यालय में अवशेष कायाकल्प के विभिन्न पैरामीटर को आपसी सहयोग से पूर्ण करने के लिए सभी को प्रेरित किया। विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन रूपा आर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पीयूष कुमार प्रशांत,हरवीर सिंह,जयवेंद्र सिंह,वीर सिंह,राकेश कुमार,विजयपाल सिंह,अवधेश कुमार त्रिवेंद्र सिंह,नरेंद्र सिंह,ग्राम प्रधान मदन सिंह चौहान, लेखराज सिंह ,दमन चौहान,अंकुर सिंह,सपना चौहान,रजनी मिश्रा,शिवांगी वशिष्ठ,सोमवती शर्मा, कंचन,यासमीनआदि उपस्थित रहे।

## शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**ठाकुरद्वारा।** नगर में अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। शनिवार को कोतवाली प्रभारी मनोज परमार के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्गों-कोतवाली तिराहा, बुध बाजार, पुरानी घास मंडी, कामालपुरी मार्ग, अस्पताल रोड सहित अन्य मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान नगर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अफवाह, असामाजिक गतिविधि या शांति भंग करने के प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। फ्लैग मार्च में इंस्पेक्टर क्राइम विनोद कुमार, उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह, रजत चौधरी, विनीत कुमार, बलराम दीक्षित,विनय पाल तथा कॉन्स्टेबल परविंदर कुमार, राजू कुमार, निशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण से शनि बाजार चौराहा पर भीषण जाम, पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया

**ठाकुरद्वारा।** नगर के शनि बाजार चौराहा (ढाल चौराहा) पर अतिक्रमण और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण शनिवार को एक बार फिर भीषण जाम की स्थिति बन गई। सड़क किनारे खड़े वाहनों और बाजार में उमड़ी भीड़ के चलते आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया, जिससे लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ी। हर शनिवार लगने वाले शनि बाजार के दौरान यहां अतिक्रमण चरम पर पहुंच जाता है। दुक. ानदारों द्वारा सड़क तक फैलाया गया सामान और खरीदारों के बेतरतीब खड़े वाहन जाम की मुख्य वजह बने हुए हैं। शनिवार को भी हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को जाम खुलवाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

इस दौरान एक महिला पुलिसकर्मी भी ट्रैफिक संभालते हुए जाम खुलवाने में जुटी नजर आई। बताया जाता है कि शरीफ नगरदृसुरजन नगर हाईवे पर बढ़ते जाम को देखते हुए उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने पहले शनि बाजार को मुस्लिम इंटर कॉलेज छात्रावास के पास शिफ्ट कराया था, लेकिन सुविधाओं के अभाव का हवाला देकर व्यापारी दोबारा पुराने स्थान पर लौट आए। इसके चलते अब हर शनिवार यहां जाम लगना आम समस्या बन चुकी है।

## श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में ईद पर्व के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने ईद का पर्व मनाया

**कुंदरकी।** श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में ईद पर्व के अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने ईद का पर्व मनाया, इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पोस्टर स्लोगन के माध्यम से एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए ईद का पर्व मनाया, इस अवसर पर स्कूल की प्रधान अध्यापिका सोफिया हफीज ने कहा कि हमारे देश में सभी त्योहारमिलजुल कर मनाए जाते हैं, सभी पर्व वापसी एकता सद्भाव के प्रतीक होते हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## मेढ़ तोड़ने की शिकायत कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मुड़ियाखेड़ा निवासी एक परिवार ने खेत की मेढ़ तोड़ने का आरोप लगाते हुए समाधान दिवस अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार गाटा संख्या-323 स्थित भूमि में प्रार्थी की माता की आधी हिस्सेदारी है, जिस पर वह खेती करती आ रही हैं। बताया गया कि प्रार्थी मजदूरी के सिलसिले में पिछले एक वर्ष से मेरठ में रह रहा था और अपनी जमीन की देखरेख के लिए खेत ठेके पर दे रखी थी। वर्तमान में वह गांव लौटकर खेती करने की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने उनकी जमीन की दक्षिण दिशा की मेढ़ तोड़ दी।

## धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुआ विशाल भण्डारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बहेड़ी ब्रह्मनान स्थित प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में श्रीराम लीला मंच के नव निर्माण कार्य पूर्ण होने पर धार्मिक अनुष्ठान एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। यह निर्माण कार्य डिलारी ब्लॉक प्रमुख पूनम चौधरी की निधि से कराया गया। कार्यक्रम में पं. सुरेश चन्द्र शर्मा के निर्देशन में विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इसके बाद आयोजित भण्डारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। गौरतलब है कि बहेड़ी ब्रह्मनान का यह प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर क्षेत्रवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि चौधरी अर्जुन सिंह, प्रेम सिंह ढाका, मुन्ना चौधरी, शंकर सिंह कश्यप, मंदिर प्रबंधन समिति अध्यक्ष पं. राजकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार रूहेला (मुनीम ,ग्राम प्रधान अल्पना पंकज भारद्वाज, मयंक भारद्वाज, लक्ष्मीकांत कश्यप, कुलदीप रूहेला, राधेश्याम शर्मा, निरंकार रूहेला, डॉ. धर्मपाल सिंह, रामप्रसाद सैनी, विपिन शर्मा, हनी रूहेला, पं. योगेश शर्मा, अनिल शर्मा, सुमित शर्मा, दक्ष भारद्वाज, बलजीत कश्यप, वीरसिंह प्रजापति, भीमसिंह पाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर बजरंग दल को गाली देने के मामले में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सोशल मीडिया पर बजरंग दल व हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को गंदी गालियां देने के मामले में बजरंग दल के पदाधिकारी द्वारा दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

बिलारी सर्राफा बाजार निवासी रजनीश गर्ग ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि बिलारी के गांव सनाई निवासी गुलफाम मलिक पुत्र नवी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की। जिसका बजरंग दल के पदाधिकारी को गालियां बकी। जिससे बजरंग दल व हिंदू संगठन की भावनाओं को ठेस पहुंची है। इस मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी।

# मजदूरों की पीड़ा अब सरकार को सुनना चाहिए सीलपुर ब्लॉक में उबला गुस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कुंदरकी।** मजदूरों की पीड़ा अब सरकार सुनना चाहिए! कुंदरकी के सीलपुर ब्लॉक में उबला गुस्सा, प्रशासन को सख्त चेतावनी ख्र "ठेकेदारों की मनमानी बंद करो, अक्सर ठेकेदार मजदूरों के रुपये मारकर भाग जाते है जो ठेकेदार मजदूरों के रुपये लेकर भागेंगे उनके विरूद्ध प्रशास. निक स्तर पर शिकायत करके करवाई कराई जाएगी। प्रेम कुमार नेशनल एकेडमी फॉर सोशल मूवमेंट व नागरिक एकता परिषद की ओर से आज सीलपुर ब्लॉक, कुंदरकी, मुरादाबाद में मजदूर पाठशाला का आयोजन किया गया। ह्यूमन राइट डिफेंडर प्रेम कुमार ने लेबर राइट्स पर खुलकर बात की और कहा, "आज मालिक अदृश्य हो गया है। ठेकेदार-कॉन्ट्रैक्टर को आगे कर दिया गया है। मजदूर का एक्सीडेंट हो जाए, गंभीर दुर्घटना हो जाए ख्र कोई जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं। फंड, बोनस, ग्रेच्युटी, छुट्टियाँ ख्र कुछ भी नहीं। मजदूर मर भी जाए तो परिवार को न्याय नहीं मिलता।" प्रेम कुमार ने सरकार और जिलाधिकारी से तत्काल इन मांगों को पूरा करने की माँग की: गर्मी शुरू हो चुकी है ख्र सभी लेबर अड्डों पर शेड, शौचालय और पीने का पानी की व्यवस्था कराई जाए। वर्क प्लेस पर ''दोपहर में आराम करने की जगह और सेफ्टी टूल्स उपलब्ध कराए जाएँ। सभी मजदूरों का शिविर लगाकर श्रम पंजीकरण कराया जाए। आयुष्मान कार्ड हर मजदूर को बनाए जाएँ ख्र चाहे उसके यूनिट 2 हों या 4। - श्रमिक सम्मान निधि के रूप में प्रति मजदूर 5 हजार रुपये दिए जाएँ (किसानों को 7 हजार रुपये किसान सम्मान निधि दी जाती है, मजदूर क्यों कम?)। काम के घंटे 12 से घटाकर ८किए जाएँ। पाठशाला में कपिलराज ने निजी स्कूलों की लूट पर हमला बोला। न्याय की माँग अब प्रशासन के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। जिलाधिकारी मुरादाबाद, श्रम विभाग और संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर तुरंत जाना चाहिए। मजदूरों की ये आवाज दबाई नहीं जा सकती। मजदूर जिंदा है तो समाज जिंदा है। अब वक्त है कार्रवाई का, सिर्फ सुनवाई का नहीं। रमेश कुमार , यादराम प्रजापति, वसीम, होराम पाल, डालचंद्र, रफीक, पप्पी, रामचंद्र, रामपाल, रोहन पाल, इमामी, उमेश, वीरू सैनी, जसवीर सिंह, हरबू बाल्मीकि, रमेश आदि।

## जंगल में तेंदुए के शावक को देखकर उडे किसानों के होश

**कांठ( शाह टाइम्स )** जंगल में तेंदुए के शावक को देखकर किसानों के होश उड़ गए उन्होंने वन विभाग को सूचना दी लेकिन उन्होंने अगले दिन आने की बात कहकर अनसुना कर दिया सलेमपुर निवासी वीरेंद्र यादव के खेत फजलाबाद के पास है आज वह अपने खेत पर गन्ना छीलने के लिए गए थे उन्होंने खेत पर जाकर काम करना शुरू ही किया था तभी उन्हें आसपास तेंदुआ मंडराता दिखाई दिया थोड़ा आगे जाकर देखा तो वहां तेंदुए का शावक था तेंदुआ



और उसका शावक देखकर किसानों के होश उड़ गए फिर भी उन्होंने हिम्मत करके शावक की वीडियो बना ली और वन विभाग को सूचना दी किसानों का कहना था कि वन विभाग वालों ने अगले दिन आकर जरूरी कदम उठाने को कहा। किसान इस घटना के बाद अपने घर वापस आ गए और उन्होंने तेंदुए को पकड़वाए जाने की मांग उठाई।

## रोडवेज की बिजनौर चांदपुर और मुरादाबाद शाखा का चुनाव संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**मुरादाबाद।** प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ, मुरादाबाद क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद, मुरादाबाद डिपो, चांदपुर डिपो एवं बिजनौर डिपो की विभिन्न शाखाओं के वर्ष 2026-27 के वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में भारी संख्या में कार्मिकों की उपस्थिति में संपन्न हुए।

बसंघ के चुनाव में विशेष बात यह रही कि सभी पदों पर पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से निर्विरोध किया गया। नवनियुक्त शाखावार निर्वाचित पदाधिकारियों में क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद शाखा अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा मंत्री सतीश सिंह मुरादाबाद डिपो संचालन शाखा अध्यक्ष बदन सिंह मंत्री रविंद्र सिंह मुरादाबाद डिपो कार्यशाला शाखा अध्यक्ष अमित कुमार मंत्री चंद्रकेश चांदपुर डिपो संच. ालन शाखा अध्यक्ष अशोक कुमार राजप. ूत मंत्री अंशुल वर्मा बिजनौर डिपो संच. ालन शाखा अध्यक्ष राजवीर सिंह मंत्री धीरेंद्र सिंह बिजनौर डिपो कार्यशाला शाखा अध्यक्ष शशिकांत मंत्री अनिल कुमार नवनिर्वाचित सभी शाखा अध्यक्षों एवं मंत्रियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि वे संघ की रीति-नीति के अनुरूप कार्य करते हुए कर्मचारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे तथा संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि उनका कार्यकाल कर्मचारी हितों की रक्षा एवं संगठन की मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में कुंदरकी विधानसभा के भाजपा मुंडापांडे और दलपतपुर मंडल का दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ राष्ट्रीय सहसंयोजक पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान राजेन्द्र सिंह भंडारी, क्षेत्रीय सह संयोजक हरजिंदर कौर, कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह और जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने संयुक्त रूप से किया। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांत आज भी संगठन की आत्मा हैं। इन सिद्धांतों को अपनाकर ही कार्यकर्ता समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को श्संगठन व्यक्ति से बड़ाश और श्राष्ट्र सर्वोपरिश का संदेश देता है। प्रशिक्षण में वर्ग प्रभारी के रूप में सम्मिलित हुए कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता केवल चुनावी गति. विधियों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे समाज के मार्गदर्शक के रूप में भी कार्य करते हैं।

पार्टी में प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित होना जरूरी है।

## तालाब की भूमि पर कब्जे की शिकायत

**ठाकुरद्वारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम जाफराबाद निवासी एक व्यक्ति ने गांव के तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए एसडीम प्रीति सिंह को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। जाफराबाद निवासी रईस अहमद पुत्र अल्लाबख्श ने शिकायती पत्र में कहा कि बताया कि गांव में आराजी गाटा संख्या 74/1 रकबा 0.1500 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 62 रकबा 0.0450 हेक्टेयर, जो राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है, पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि संबंधित व्यक्तियों ने तालाब को पाटकर उसे अपने खेत में मिला लिया, जिससे जल स्तर प्रभावित होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ व्यक्तियों द्वारा तालाब की भूमि को नुकसान पहुंचाकर निजी उपयोग में लिया जा रहा है, जिससे सार्वजनिक हित प्रभावित हो रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उक्त भूमि को कब्जामुक्त कराते हुए तालाब का पुन: खुदान कराया जाए, ताकि जल संरक्षण सुनिश्चित हो सके।

## घर पर अकेली सास बहू के साथ मारपीट में चार नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )**घर पर अकेली सास बहू के साथ मारपीट करने में पुलिस ने चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। थाना छजलैट के गांव अन्यारी निवासी जतन सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह का कहना था कि 26 मार्च की रात लगभग 8:00 बजे उसके पुत्र विपिन के साथ जगदीश पुत्र नरोत्तम राजवीर पुत्र जगदीश अनमोल पुत्र राजवीर व मिथलेश पत्नी राजवीर ने मारपीट की थी जिससे विपिन के खुली व गुम चोट आई 27 मार्च को वह अपने पुत्र को इलाज हेतु मुरादाबाद लेकर गए तभी राजवीर और जगदीश ने घर पर अकेली उसकी पत्नी गीता व पुत्रवधू कंचन को अकेला पाकर जान से मारने की नियत से लाठी डंडों से हमला कर दिया जिसमें गीता के सिर पर चोट लगने से काफी खून बह गया वह पत्नी को इलाज के लिए मेरठ अस्पताल में ले गया और थाने पहुंचकर हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## ठाकुरद्वारा में रात 11 बजे के बाद पुलिस का 'डंडा राज', दुकानदार परेशान

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस द्वारा बिना किसी औपचारिक आदेश के रात्रि 11 बजे के बाद शहर में लॉकडाउन जैसी स्थिति पैदा कर दी गई है। पुलिसकर्मी रात में नगर में प्राइवेट वाहन से घूम-घूम कर खुले हुए होटल और चाय की दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों को धमकाते हैं और उनकी दुकानें जबरन बंद करवा देते हैं। इस मनमानी से दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि पहले से ही गैस की बढ़ी हुई कीमतों से जूझ रहे व्यापारियों के लिए पुलिस का यह डंडा एक नया संकट बनकर खड़ा हो गया है। दुकानदारों का आरोप है कि कोतवाली पुलिस अपनी मनमानी में इतनी तल्लीन है कि किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। उनका कहना है कि उत्तर प्रदेश में पुलिस राज का यही तरीका व्यापारियों के लिए मुसीबत बना हुआ है। होटल और चाय की दुकान संचालकों का कहना है कि रात के समय बाहरी लोग आकर चाय-पानी का लुत्फ उठाते हैं, जिससे उनके परिवार सहित दुकानों पर काम करने वाले मजदूरों के परिवार का पालन-पोषण होता है। पुलिस के इस सख्त रवैये के चलते उनकी रोजी-रोटी छिन रही है। व्यापारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन की ओर से ऐसा कोई आदेश नहीं है, जिसमें रात्रि 11.00 बजे के बाद दुकानें बंद करने का निर्देश दिया गया हो। बावजूद इसके, नगर दरोगा और उनकी टीम अपनी हठधर्मिता के चलते व्यापारियों की समस्याएं नहीं सुन रहे हैं। स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप कर पुलिस की इस मनमानी पर रोक लगाने की गुहार लगाई जाएगी । जबकि कोतवाली पुलिस का कहना है कि पहले यह नियम तो पहले से ही है कि रात्रि में दुकान बंद रहे ताकि नगर व क्षेत्र में बढ़ती चोरियों और अन्य अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लग सके। रात्रि में खुलने वाले होटल , चाय की दुकान या कोई अन्य दुकानों पर पहुंचकर बंद कराया जा रहा है, ताकि रात्रि में संदिग्ध व्यक्ति घूमते हुए दिखायी दे तो उनसे पूछताछ की जा सके। दुकानें बंद कराने का कोई शासनादेश नही है ,यह तो केवल में बढ़ती चोरियों व अन्य घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### एक नजर

## सृजन सम्मान से राहुल और अंजू को किया सम्मानित



**मुरादाबाद/लखनऊ।** यूपी प्रेस क्लब में आयोजित 167 में सृजन सम्मान समारोह में राहुल और अंजलि को सम्मानित किया गया यह सब सर पर अध्यक्ष सच्चिदानंद तिवारी श्शलभश मुख्य अतिथि केवल प्रसाद श्सत्यमश विशिष्ट अतिथि - डॉ. सुभाष गुरुदेव यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवींद्र सिंह यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने सृजन सम्मान राहुल द्विवेदी श्स्मितश व सृजन प्रेरणा सम्मान से श्रीमती अंजू हरि श्रीवास्तव को सम्मानित किया कार्यक्रम का संयोजन व संचालन - दीपक शर्मा श्सार्थकश वाणी वंदना - सुश्री वर्षा श्रीवास्तव कविसम्मेलन में विनोद शंकर शुक्ल श्विनोदश , के.पी. त्रिपाठी श्पुंजश , सुशील श्रीवास्तव , रमाशंकर सिंह , प्रमोद श्रीवास्तव , अवधी हरि , तेज नारायण श्रीवास्तव श्राहीश , डॉ. हिमांशु सक्सेना श्अर्श लखनवीश , सुनील त्रिपाठी , शशि नारायण त्रिपाठी , आहत लखनवी , नीलेश ज्वाला , फक्र जैदी , श्रीवास्तव बाहम , डॉ. सुभाष चंद्र श्रसियाश , योगी योगेश , अविरल शुक्ल , दिवाकर राज , सुनील मेहरोत्रा , सुनील राव , रविशंकर श्रीवास्तव , डॉ. संदीप शर्मा , रश्क लखनवी , कौसर रिजवी , प्रतिभा गुप्ता , अनीता सिन्हा , रश्मि शरद , सरोज बाला सोनी , प्रतिभा श्रीवास्तव , रजनी राय आदि सहित लगभग 50 लोगों ने काव्यपाठ किया । वरिष्ठ हास्य-व्यंग्य कवि मुकुल महान द्वारा सभी आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया ।

## महाकाली शोभायात्रा और मेला रामनवमी का समापन



**बिलारी।** नगर मेला कमेटी के तत्वाधान में निकाली गई महाकाली शोभायात्रा और मेल रामनवमी का देर रात समापन हुआ इसके उपरांत स्वरूपों, कलाकारों और सहयोगियों को कमेटी द्वारा पुरस्कृत किया गया। तहसीलदार प्रवीण कुमार, नायब तहसीलदार विजय कुमार श्रीवास्तव, कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप सिंह, नगर चौकी प्रभारी अमित कुमार के अलावा सफाई नायकों, लाइट डेकोरेशन, बैंड कलाकारों, विभिन्न स्वरूपों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया। सभी ने आयोजन को भव्य बताते हुए सराहना की। पुरस्कार वितरण में कमेटी अध्यक्ष संजय जैन, मेला संयोजक कौशल ठाकुर, पंकज चौहान, दुष्यंत चौहान, अखिलेश श्रीवास्तव, नीरज रोहिल्ला, अभिषेक शर्मा एडवोकेट आदि रहे।

## आज शाम 4 बजे सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल में होगा वार्षिक उत्सव का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )** आज शाम 4 बजे से सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी स्कूल के संस्थापक जितेंद्र बिश्नोई ने दी उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को दा



इंटेलिजेंस चौंपियनशिप आइक्यू टेस्ट का आयोजन स्कूल में किया गया था जिसका परीक्षा परिणाम आज घोषित किया जाएगा। इसमें प्रथम पुरस्कार 21000 द्वितीय पुरस्कार 11000 रुपए तृतीय पुरस्कार 5000 चतुर्थ पुरस्कार 2000 रुपए एवं पंचम पुरस्कार घ्1100 की धनराशि दी जाएगी इसके अलावा 50 सांत्वना पुरस्कार और मेडल ट्रॉफी और प्रमाण पत्र भी दिए जाने हैं जितेंद्र बिश्नोई ने सभी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों से कार्यक्रम में आने का आह्वान किया और कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों में छिपी प्रतिभा को उजागर करना है।

## ट्रांसफार्मर पर लगाए जा रहे मीटर इनसे क्षमता बढ़ाने में मिलेगी मदद

**कांठ( शाह टाइम्स )** बिजली विभाग कुछ महीनो से ट्रांसफार्मर पर मीटर लगाने का काम कर रहा है कल स्टेशन रोड स्थित ट्रांसफार्मर पर मीटर लगाए गए मीटर लगाने आए कर्मचारियों ने बताया कि इससे ट्रांसफार्मर पर पड़ने वाले लोड



का पता चलता है और यदि कनेक्शन के हिसाब से लोड ज्यादा है तो विभाग पहले ही उस ट्रांसफार्मर को हटाकर बड़ी क्षमता का ट्रांसफार्मर लगा देता है। जिससे अनावश्यक रूप से फूंकने वाले ट्रांसफार्मर को भी बचाया जा सकता है और विभाग का भी नुकसान बचाया जा सकता है इसके साथ-साथ ट्रांसफार्मर पर हुए कनेक्शन और उसकी क्षमता का भी कैलकुलेशन इससे हो जाता है उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग की इस कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया है।

**कार्यालय नगर पंचायत पाकबड़ा (मुरादाबाद)।**

**पत्रांक:**-309/न०पा०/2025.26 **दिनांक:**-28.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

समस्त फर्म/संस्था/ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, पाकबडा 15वां वित्त आयोग (टाईड/अनटाईड ग्रांट) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर मे अवस्थापना सुविधाओ के विकास हेतु नगर मे निम्न निर्माण/विकास कार्यों को कराये जाने हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा आमंन्त्रित की जाती है। उक्त ई-निविदा शासन के पत्रांक संख्या 3890/नौ-5-19-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 एवं निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय गोमती नगर विस्तार, सेक्टर-7 लखनऊ के पत्रांक संख्या एक/ 706/ कम्प्यू० सेल0/2019 लखनऊ दिनांक 27 सितम्बर 2019 के अधीन जारी की जा रही है। आनलाइन ई-निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in दिनांक 29.03.2026 अपरान्ह 01:00 बजे से दिनांक 20.04.2026 को अपरान्ह 01:00 बजे तक डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 20.04.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे उपस्थित सर्वसाधारण संस्था/फर्म/ठेकेदारो के समक्ष अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) महोदय, मुरादाबाद के कार्यालय में आनलाइन खोली जायेगी। ई-निविदा पत्र के साथ 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी नगर पंचायत पाकबडा के खाता संख्या-84030175545952 व IFSC Code:-BARB0BUPGBX में आनलाईन जमा कर जमा की गयी रशीद की मूल प्रति संलग्न करनी अनिवार्य होगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते ई-निविदा वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**विजय आनन्द**
**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पंचायत पाकबडा (मुरादाबाद)।**

**मौ० याकूब**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत पाकबडा (मुरादाबाद)।**

# मुंबई इंडियंस का लक्ष्य: मनहूस योग को पीछे छोड़ना

### रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में अपनी खोई हुई साख वापस पाने की कोशिश करेगा मुंबई

**मुंबई, वार्ता।** जब भी आईपीएल शुरू होता है, मुंबई पर एक अजीब तरह का सस्पेंस छा जाता है। यह सस्पेंस खिलाड़ियों की काबिलियत को लेकर किसी अनिश्चितता से पैदा नहीं होता, बल्कि एक पुरानी आदत की वजह से होता है।

मुंबई इंडियंस, एक ऐसी टीम जिसे ट्रॉफियां जीतने और पूरे सीजन पर अपना दबदबा बनाए रखने की आदत है, हर साल सीजन की शुरुआत में अपने ही इतिहास के एक दबे हुए बोझ के साथ मैदान पर उतरती है – यह बोझ है शुरुआती मैच जीतने में उनकी लगातार नाकामी का। अब यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं रह गया है, बल्कि एक अंधविश्वास बन गया है जो पीछा छोड़ने को तैयार नहीं है। रविवार शाम वानखेड़े स्टेडियम में, उन रोश. नियों के नीचे जिन्होंने कई रोमांचक मैच देखे हैं, मुंबई इंडियंस एक बार फिर इस कमी को दूर करने की कोशिश करेगी। उनके विरोधी, कोलकाता नाइट राइडर्स, शायद ऐसी कहानियों को लेकर ज्यादा भावुक न हों। वे इस मैच को मुंबई के लिए अपनी खोई हुई साख वापस पाने का कोई अनुष्ठान नहीं मानेंगे, बल्कि इसे एक मौके के तौर पर देखेंगे – एक सीधा, साफ और बिना किसी भावुकता वाला मौका – टूर्नामेंट की शुरुआत में ही बढ़त बनाने और एक मजबूत टीम को उसके अपने ही घरेलू मैदान पर बैकफुट पर धकेलने का मौका। हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली मुंबई की टीम के पास उम्मीदें भी हैं और अनुभव भी। उनकी बैटिंग लाइन. अप में एक जानी-पहचानी मजबूती है( यह एक ऐसी लाइन. अप है जो एक छोटे से स्कोर को भी एक बड़े और मजबूत स्कोर में बदल सकती है, या फिर किसी भी बड़े लक्ष्य का पीछा इतनी आसानी से कर सकती है, जैसे कि यह कोई पहले से की गई रिहर्सल हो। टॉप ऑर्डर में रोहित शर्मा की मौजूदगी टीम को एक शांत और मजबूत आधार देती है, वहीं सूर्यकुमार यादव अपनी अनोखी और अलग तरह की बैटिंग शैली के साथ टी20 क्रिकेट के आधुनिक चेहरे को दिखाते हैं – निडर, नए-नए प्रयोग करने वाले, और अक्सर गेंदबाजों को हैरान कर देने वाले। पंड्या खुद इस टीम की दोहरी भूमिका को बखूबी निभाते हैं: एक आक्रामक बल्लेबाज और एक चतुर कप्तान, जिनसे ऐसे अहम मौकों पर टीम के लिए योगदान देने की उम्मीद की जाती है, जब हिम्मत और सूझबूझ, दोनों की जरूरत होती है। उनके आस-पास तिलक वर्मा जैसे खिलाड़ी और मैच को फॉर्निश करने वाले अन्य विकल्प टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह पक्का हो जाता है कि मुंबई का मिडिल या लोअर ऑर्डर शायद ही कभी कमजोर पड़ता है। उनकी गें. दबाजी में भी एक ऐसी मजबूती है, जिसकी हर कोई इज्जत करता है। जसप्रीत बुमराह, अपनी अचूक गेंदबाजी और दबाव में भी बेहत. रीन प्रदर्शन करने की काबिलियत के साथ, एक ऐसे गेंदबाज हैं जो सिर्फ एक ही ओवर में पूरे मैच का रुख बदल सकते हैं। ट्रेंट बोल्ट की स्विंग और दीपक चाहर की कसी हुई गेंदबाजी का साथ मिलने से, मुंबई का गेंदबाजी आक्रमण सिर्फ कामचलाऊ नहीं, बल्कि बेहद धारदार और असरदार बन जाता है। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कम निश्चितताओं और ज्यादा सवालों के साथ इस मुकाबले में उतर रही है। अजिक्य रहाणे की कप्तानी में-जो अपनी शांत स्वभाव के लिए जाने जाते हैं, न कि दिखावे के लिए-टीम में खिलाड़ियों और सोच, दोनों में बदलाव आए हैं। उनकी बैटिंग लाइनअप में आक्रामकता और स्थिरता का बेहतरीन मेल है( इसमें ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो विस्फोटक पारियां भी खेल सकते हैं और संभलकर पारी को आगे भी बढ़ा सकते हैं। फिन एलन, सुनील नारायण और रिकू सिंह इसी विस्फोटक मिश्रण का प्रतिनिधित्व करते हैं-वे शानदार प्रदर्शन करने में सक्षम हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन उतना ही उनकी टाइमिंग और पिच के हालात पर भी निर्भर करता है। कोलकाता के लिए चुनौती सिर्फ उनकी बैटिंग में ही नहीं, बल्कि उनकी बॉलिंग में भी है। उन्हें ऐसी पिच पर खेलना होगा जो पारंपरिक रूप से स्ट्रोक लगाने वाले बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है।

# 2026 टूर पर मेरा आखिरी सीजन होगा: गोफिन



**नई दिल्ली, वार्ता।** बेल्जियम के डेविड गोफिन ने घोषणा की है कि 2026 एटीपी टूर पर प्रतिस्पर्धा करने का उनका आखिरी सीजन होगा। 35 वर्षीय बेल्जियम के खिलाड़ी ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट में इस फैसले की पुष्टि की। गोफिन , जो एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 7 खिलाड़ी रह चुके हैं, छह बार के टूर-स्तरीय चैंपियन हैं और उनका मैच रिकॉर्ड 357-275 है। गोफिन ने वीडियो में कहा, ष्कुछ फैसले लंबे समय तक आपके साथ रहते हैं।

मैंने इस खेल के लिए अपना सब कुछ दे दिया है, और टेनिस ने मुझे उससे कहीं ज्यादा दिया है जितना मैंने कभी सोचा भी नहीं था। मैच, मुकाबले, जीत, हार। भावनाएं। वे लोग जो इन सबमें मेरे साथ थे। और इसीलिए यह मेरी जदिगी के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक रहा है। इस बेल्जियम खिलाड़ी ने अब तक शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 21 जीत हासिल की हैं, जिनमें रोजर फेडरर के खिलाफ एक जीत, राफेल नडाल के खिलाफ दो जीत और नोवाक जोकोविच के खिलाफ एक जीत शामिल है। हाल ही में, गोफिन ने मियामी ओपन में कार्लोस अल्काराज को हराया था।

**खेल विशेष**

### इंटर मियामी ने अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी मेसी के नाम पर स्टैंड का नाम रखा

**फ्लोरिडा, वार्ता।** अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेसी के मौजूदा क्लब इंटर मियामी ने अपने नए स्टेडियम में एक स्टैंड का नाम उनके नाम पर रखा है। 38 वर्षीय मेसी, जिन्हें व्यापक रूप से अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है, ने बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के साथ यूरोप में ट्रॉफियों से भरे करियर के बाद 2023 में इस एमएलएस क्लब के साथ करार किया था। वह इस फ्लोरिडा क्लब के लिए 82 गोल के साथ रिकॉर्ड गोल करने वाले और 53 असिस्ट के साथ रिकॉर्ड असिस्ट देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। क्लब ने अपने 26,700 दर्शकों की क्षमता वाले नए स्टेडियम में एक सक्रिय खिलाड़ी को इस तरह सम्मानित करने का एक अनोखा कदम उठाया है। इंटर मियामी ने कहा: ष्परंपरागत रूप से, सम्मान अतीत की ओर देखते हैं। वे पुरानी यादों से बनते हैं। स्मृतियों से।

### नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में 'लक्ष्य 3.0' स्पोर्ट्स फेस्ट का सफल समापन

**ग्रेटर नोएडा, वार्ता।** नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव 'लक्ष्य 3-0' का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस आयोजन में देशभर के 37 विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रतिभा, प्रतिस्पर्धात्मक भावना और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस वर्ष प्रतियोगिता में 3 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कबड्डी, आर्म रेसलिंग और महिला बॉक्स क्रिकेट जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन डा. देवेश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुआ। उद्घाटन एवं समापन समारोह में कुलपति प्रो- (डा.) उमा भारद्वाज और रजिस्ट्रार डा. मुकेश पराशर की गरिमामई उपस्थिति रही।

# स्टेफनी टेलर की सेंचुरी के बावजूद विंडीज हारा, ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 की बढ़त बनाई

**सेंट किट्स, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सेंट किट्स में पहले मैच में वेस्ट इंडीज पर 103 रनों की आसान जीत के साथ, सोफी मोलिन्यू के वनडे कप्तान के तौर पर कार्यकाल की शुरुआत की। मेहमान टीम ने 341 रन बनाए और फिर वेस्ट इंडीज को 238/8 पर रोक दिया,

जबकि स्टेफनी टेलर ने 105 रन बनाकर नाबाद रहीं। बैटिंग करने का फैसला करते हुए, ऑस्ट्रेलिया ने 75 रनों की ओप. निंग पार्टनरशिप के साथ मजबूत शुरुआत की। जॉर्जिया वोल ने 32 गेंदों में 42 रन बनाए, जबकि फीबी लिचफील्ड ने 72 गेंदों में 77 रन बनाकर पारी को संभाला, इस दौरान वेस्ट इंडीज ने उन्हें दो बार कैच छोड़ने का मौका दिया। एलिस पेरी ने 46 गेंदों में 44 रन बनाकर लय बनाए रखी, लेकिन कुछ विकेट गिरने के बाद रन बनाने की गति थोड़ी धीमी हो गई। नंबर 4 पर बैटिंग करते हुए मोलिन्यू, डेब्यू करने वाली ताहलिया विल्सन द्वारा स्टंपिंग के दो मौकों से बच गईं और निकोला कैरी के साथ 91 रनों की पार्टनरशिप में 47 रन बनाए, निक. ोला कैरी ने खुद 49 रन बनाए। इस पार्टनरशिप के अलावा, जॉर्जिया वेयरहम (42) के आखिर में दिए गए योगदान ने ऑस्ट्रेलिया को 300 के पार पहुंचाया और उन्हें एक मजबूत स्कोर बनाने में मदद की। अफी फ्लेचर ने तीन विकेट लिए, लेकिन अपने 10 ओवरों में 83 रन खर्च किए। वेस्ट इंडीज को एक बड़े लक्ष्य का पीछा करना था, लेकिन उन्होंने कप्तान हेली मैथ्यूज सहित शुरुआती विकेट जल्दी खो दिए और जल्द ही मैच में पीछे रह गए। स्टेफनी टेलर ने एक नाबाद सेंचुरी के साथ पारी को संभाले रखा-यह 2021 के बाद उनकी पहली वनडे सेंचुरी थी-लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास मदद नहीं मिली। चिनले हेनरी के 38 रन वेस्ट इंडीज की ओर से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर था। किम गार्थ सबसे बेहतरीन गें. दबाज रहीं और उन्होंने दोनों ओपनर्स को आउट किया, उन्होंने 37 रन देकर 3 विकेट लिए। 16वें ओवर में एश्ले गार्डनर ने डियांड्रा डॉटिन को रन आउट कर दिया, और भले ही चिनले हेनरी और टेलर ने चौथे विकेट के लिए 73 रन जोड़े, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पूरे मैच के दौरान हावी रहा। गार्डनर ने भी 2 विकेट लेकर टीम में योगदान दिया।

# धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण आईपीएल के पहले 2 हफ्तों से बाहर



**चेन्नई, वार्ता।** दिग्गज बल्लेबाज एम.एस. धोनी, जिन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पांच खिताब दिलाए हैं, पिडली में खिचाव के कारण टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते नहीं खेल पाएंगे।

एक संक्षिप्त, एक-लाइन के बयान में, सीएसके ने कहा कि धोनी पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन (इलाज और सुधार) करवा रहे हैं और मौजूदा सीजन के पहले दो हफ्तों में उन्हें मैदान पर खेलते हुए नहीं देखा जाएगा। बयान में कहा गया कि एम.एस. धोनी इस समय पिंडली में खिचाव के लिए रिहैबिलिटेशन करवा रहे हैं। इसके चलते, उनके टाटा आईपीएल 2026 के पहले दो हफ्ते न खेल पाने की संभावना है। जल्दी ठीक हो जाइए, थाला! इस करिश्माई क्रिकेटर ने सीएसके को 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में खिताब जिताए हैं, यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जिसे वह मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के साथ साझा करते हैं। दरअसल, धोनी और रोहित ने अपनी-अपनी टीमों की कप्तानी उन सभी अभियानों में की है जिनमें उनकी टीमों ने खिताब जीते, और वे आरसीबी के विराट कोहली और मनीष पांडे के साथ उन चुनिंदा क्रिकेटरों में से हैं जिन्होंने आईपीएल के सभी 18 सीजन में हिस्सा लिया है। सीएसके, जो पिछले दो सीजन (2024 और 2025) में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी (इन दोनों सीजन में सीएसके ने सिर्फ चार मैच जीते थे, इस साल अपनी जीत के फॉर्मूले पर वापस लौटकर अपनी किस्मत बदलने की उम्मीद कर रही होगी। हालांकि, धोनी की चोट को लेकर अचानक पैदा हुई चिंताओं ने कुछ घबराहट पैदा कर दी है। मैदान पर उनके विशाल अनुभव और मार्गदर्शन की कमी सीएसके को बुरी तरह खलेगी, क्योंकि सीएसके अपने 2026 आईपीएल अभियान की शुरुआत गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी। इसके बाद, मैच वापस अपने घरेलू मैदान पर होंगे, जहां सीएसके 3 अप्रैल को यहां के ऐतिहासिक एम-ए- चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।

# एमआई के अभ्यास सत्र से नदारद रहे बुमराह, सैंटनर और जैक्स



**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 29 मार्च को होने वाले मुंबई इंडियंस (एमआई) के आईपीएल 2026 के पहले मुकाबले से दो दिन पहले आयोजित अनिवार्य ट्रेनिंग सत्र से जसप्रीत बुमराह, मिचेल सैंटनर और विल जैक्स नदारद रहे।

बुधवार को ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बताया था कि बुमराह स्ट्रेंथ और कंडिशनिंग पर काम करने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में हैं। बुमराह के पहला मैच खेलने की उम्मीद है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह दल से कब जुड़ेंगे। 8 मार्च को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का फाइनल हारने के बाद सैंटनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर पर तीन टी20 में न्यूजीलैंड की कप्तानी की थी और अंतिम दो मुकाबलों के लिए उन्हें ब्रेक दिया गया था। भारत के खिलाफ सेमीफाइनल खेलने वाले इंग्लैंड के दल में जैक्स मौजूद थे और इसके बाद वह दल के साथ चार्टर विमान में इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए थे। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि सैंटनर और जैक्स भारत पहुंचे हैं या नहीं। रविवार के मुकाबले से पहले एमआई और केकेआर दोनों ने वानखेड़े स्टेडियम में अभ्यास किया। एमआई से रोहित शर्मा ने सबसे पहले नेट्स पर स्ट्राइक लिया, एक घंटे से ज्यादा की बल्लेबाजी में उन्होंने तेज गेंदबा. जी का विशेष तौर पर सामना किया। शार्दुल ठाकुर और हार्दिक पंड्या ने उन्हें जमकर गें. दबाजी की, जिसमें काफी शॉर्ट पिच गेंदें शामिल थीं। हार्दिक ने लगभग एक घंटे की गें. दबाजी के साथ ही बल्लेबाजी में भी हाथ आजमाए। एमआई के लिए बड़ा सवाल सलामी जोड़ी को लेकर है कि रोहित के साथ रायन रिकल्टन और क्विंटन डी कॉक में से कौन पारी की शुरुआत करेगा। दोनों दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर बल्लेबाज अभ्यास सत्र में मौजूद थे।

रिकल्टन ने रोहित के साथ बल्लेबाजी करने के अलावा विकेटकीपिग का भी अभ्यास किया जबकि डी कॉक ने फील्डिग का अभ्यास किया। तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव ने भी बल्लेबाजी की और उन्होंने पावर हिटिंग का अभ्यास किया। दानिश मालेवर भी अभ्यास सत्र में मोजूद थे जिन्हें एक शानदार घरेलू सीजन के बाद आईपीएल 2026 की नीलामी में एमआई ने खरीदा। ट्रेनिंग के अंतिम चरण में गेंदबाजी कोच लसित मलिगा की निंगरानी में एमआई के तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, अश्विनी कुमार और मोहम्मद इजहार ने गेंदबाजी की।

# आईपीएल 2026 में झारखंड के सात युवा खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**रांची, वार्ता।** झारखंड के लिए आईपीएल 2026 खास मायने रखता है, क्योंकि राज्य के 6 युवा खिलाड़ी अलग-अलग टीमों के लिए मैदान पर उतरेंगे। क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का आगाज आज से हो रहा है और इसके साथ ही पूरे देश में क्रिकेट का खुमार चरम पर पहुंचने वाला है।

यदि महेंद्र सिंह धोनी को भी इसमें जोड़ लिया जाए, तो यह संख्या उनके प्रसिद्ध जर्सी नंबर की तरह 7 हो जाती है। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में झारखंड की शानदार जीत के बाद खिलाड़ियों का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। इस प्रदर्शन का असर आईपीएल चयन में भी दिखा है, जहां कई खिलाड़ियों को मौका मिला है। इस सीजन में सभी की नजरें इन खिलाड़ियों पर टिकी रहेंगी, जो अपने प्रदर्शन से झारखंड का नाम रोशन करने उतरेंगे। सबसे ज्यादा चर्चा कप्तान ईशान किशन की है, जो इस बार सनराइजर्स हैदराबाद की कमान संभालेंगे। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में टीम को खिताब दिलाने के बाद उनका आत्मविश्वास चरम पर है और वे शानदार फॉर्म में हैं। वहीं, युवा विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन मिज ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींचा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 166 की स्ट्राइक रेट से रन बनाते हुए डेथ ओवरों में टीम को मजबूती दी। ऑलराउंडर अनुकूल रॉय ने अपने प्रदर्शन से खास पहचान बनाई है। टूर्नामेंट में 303 रन और 18 विकेट लेकर वे मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने थे, जिससे उनकी उपयोगिता और बढ़ गई है। युवा बल्लेबाज कुमार कुशाग्र का घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 422 रन 161 की स्ट्राइक रेट से बनाए। इस बार वे गुजरात टाइटंस के लिए खेलेंगे, जहां उनका यह दूसरा सीजन होगा। तेज गेंदबाज सुशांत, जो अपनी तेज रफ्तार और बाउंसर के लिए जाने जाते हैं, को इस बार राजस्थान रॉयल्स ने टीम में शामिल किया है। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 22 विकेट लेकर अपनी काबिलियत साबित की है। वहीं, रांची के उभरते हुए स्पिनर अमित कुमार के लिए यह पहला आईपीएल सीजन होगा। अंडर-23 और एज ग्रुप क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें सीनियर टीम में मौका मिला है और अब वे बड़े मंच पर खुद को साबित करने के लिए तैयार हैं। कुल मिलाकर, आईपीएल 2026 झारखंड के इन खिलाड़ियों के लिए खुद को साबित करने का सुनहरा अवसर है। अगर ए खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से छाप छोड़ने में सफल रहते हैं।

# भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने आईपीएल टिकट लेने से मना किया



**बेंगलुरु, वार्ता।** राजनीतिक परंपरा से हटकर एक अनोखे कदम में, भाजपा विधायक सुरेश कुमार ने शनिवार को कर्नाटक की राजनीति में गहरे जमे ष्वीआईपी कल्चरष पर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने विधायकों को दिए जाने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टिकट लेने से मना कर दिया, और इस बात पर हैरानी भी जताई कि विधानसभा स्पीकर ने भी सदन की कार्यवाही के दौरान ऐसी ही मांगें दोहराईं।

अपने इस फैसले को विशेषाधिकार के खिलाफ एक स्टैंड बताते हुए, सुरेश कुमार ने कहा कि यह बहुत ही दुख की बात है कि ऐसा कल्चर सभी पार्टियों में फैला हुआ है, यहां तक कि एक ष्खुद को समाजवादी कहने वाले मुख्यमंत्रीष के नेतृत्व वाली सरकार में भी। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए, उन्होंने उस सरकार की कथनी और करनी में अंतर पर सवाल उठाया, जो समा. जवादी मूल्यों की बात तो करती है, लेकिन ऐसी प्रथाओं को चलने देती है। उन्होंने एक कड़े बयान में कहा कि यह वीआईपी कल्चर और विशेषाधिकार की राजनीति सभी पार्टियों में फल-फूल रही है। इसी वजह से, एक वर्ग के तौर पर राजनेताओं की छवि, विश्वसनीयता और इज्जत लोगों की नजरों में बहुत नीचे गिर गई है। हाल ही में हुई विधानसभा की कार्यवाही को याद करते हुए, राजाजीनगर के विधायक ने कहा कि ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी जैसे शासन से जुड़े मुद्दों पर होने वाली चर्चा अचानक आईपीएल मैचों और ज्यादा टिकटों की मांग की ओर मुड़ गई, खासकर उन मैचों के लिए जिनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खेल रही थी। उन्होंने कहा कि मैं विधायकों के लिए टिकट मांगने के विचार का विरोध करना चाहता था, लेकिन जब मैंने स्पीकर को भी वैसी ही बातें कहते सुना तो मैं हैरान रह गया, और इसलिए मैंने खुद को रोक लिया। उन्होंने इसे राजनीतिक विशेषाधिकार को संस्थागत रूप से स्वीकार किए जाने का एक गहरा संकेत बताया। सुरेश कुमार ने राजनीतिक आचरण में इस ष्विसंगतिष की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री ऐसे ष्वीआईपी कल्चरष का विरोध करेंगे, लेकिन उन्हें पिछले साल विधान सौध के सामने अपने परिवार के साथ आईपीएल की जीत का जश्न मनाने में मुख्यमंत्री की भागीदारी की याद आ गई। उन्होंने विधायकों में 'संवेदनहीनता' पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकारों की मांग ऐसे समय में की जा रही है, जब बेकसूर लोगों की जान जाने वाली एक पिछली त्रासदी की यादें अभी भी ताजा हैं।

### सिनर फाइनल में सनशाइन डबल से एक जीत दूर

**फ्लोरिडा, वार्ता।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जानिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ लगातार अपना सातवां मैच जीतकर चौथी बार मियामी ओपन के फाइनल में जगह बनाई। इटली के सिनर ने 6-3, 7-6 (7-4) से जीत हासिल की और रविवार को उनका मुकाबला चेक गणराज्य के जिरी लेहेका से होगा। सिनर तीन साल में अपना दूसरा मियामी खताब जीतने का लक्ष्य बना रहे हैं। साथ ही, इस महीने इंडियन वेल्स में जीत के बाद, वह 2017 में रोजर फेडरर के बाद 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बनने की भी कोशिश कर रहे हैं। चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता और मौजूदा विबलडन चैंपियन सिनर ने दो हफ्ते पहले इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में भी जर्मनी के दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव को हराया था। सिनर ने कहा कि यह एक शानदार दौर रहा है।

# बंगलादेश आईपीएल के प्रसारण पर लगे बैन पर फिर से विचार करेगा

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के सूचना और प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्रसारण पर लगा बैन, आवेदन मिलने पर हटाया जा सकता है। जर्मन ब्रॉडकास्टर डॉयचे वेले ने स्वपन के हवाले से कहा कि अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो उस आवेदन पर विचार किया जाएगा। स्वपन ने ब्रॉडकास्टर से कहा कि किसी ने भी हमसे आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन नहीं किया है।

हम खेल में राजनीति को नहीं मिलाना चाहते। हम इसे व्यावसायिक नजरिए से देखेंगे, और अगर कोई चैनल आईपीएल का प्रसारण करने के लिए आवेदन करता है, तो हम उस पर सकारात्मक रूप से विचार करेंगे। आईपीएल का 19वां सीजन शनिवार से शुरू होगा और इसका फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। स्वपन ने आगे कहा कि बांग्लादेश के केबल ऑपरेटरों पर भारतीय ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा टूर्नामेंट के प्रसारण को दिखाने पर कोई बैन नहीं है।

उन्होंने कहा कि हम किसी को भी इसका प्रसारण करने से नहीं रोकेंगे। अगर स्टार स्पोर्ट्स इसका प्रसारण करना चाहता है, तो वे कर सकते हैं। अगर हमारे चैनलों में से कोई इसका प्रसारण करना चाहता है, तो हम इसे सकारात्मक रूप से लेंगे, लेकिन हम किसी पर कोई जोर-जबरदस्ती नहीं करेंगे। इससे पहले, जब मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता में थी, तब आईसीटी मंत्रालय ने एक पत्र जारी किया था, जिसमें देश के सभी टेलीविजन चैनलों और रेडियो स्टेशनों को टूर्नामेंट का प्रसारण न करने का निर्देश दिया गया था। उस पत्र में दावा किया गया था कि यह फैसला 'जनहित' में लिया गया है।

# 15 साल पुराने मैनाठेर कांड में बड़ा फैसला, 16 दोषियों को कोर्ट ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद के बहुचर्चित मैनाठेर कांड में अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए 16 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला करीब 15 साल पुराना है, जिसमें तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार पर जानलेवा हमला किया गया था। शनिवार को एडीजे-द्वितीय कृष्ण कुमार की अदालत ने सजा पर सुनवाई पूरी करने के बाद यह निर्णय सुनाया।इससे पहले 23 मार्च 2026 को अदालत ने सभी 16 आरोपियों को दोषी करार दिया था। सजा सुनाए जाने के दौरान अदालत परिसर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सभी दोषियों को पुलिस हिरासत में कोर्ट में पेश किया गया।

फैसला सुनते ही उनके परिजनों में मायूसी छा गई और कई लोग भावुक हो उठे।घटना 6 जुलाई 2011 की है, जब मैनाठेर थाना क्षेत्र के असालतनगर बघा गांव में पुलिस एक आरोपी की तलाश में दबिश देने पहुंची थी। इसी दौरान



धार्मिक पुस्तक के अपमान का आरोप लगाकर स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया।उग्र भीड़ ने मुरादाबाद-संभल रोड पर कई स्थानों पर जाम लगा दिया और मैनाठेर थाने के साथ-साथ डींगरपुर पुलिस चौकी में आगजनी कर दी। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर पहुंचे तत्कालीन डीआईजी अशोक कुमार और डीएम राजशेखर को भीड़ ने घेर लिया। इस दौरान डीआईजी पर हमला किया गया और उनकी पिस्टल भी छीन ली गई थी।इस मामले में पीआरओ रवि कुमार की तहरीर पर 33 नामजद और लगभग 300 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के बाद 25 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। इनमें से छह आरा. पी नाबालिग पाए गए, जिनकी फाइल किशोर न्यायालय भेज दी गई। वहीं सुनवाई के दौरान तीन आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है।अदालत ने जिन 16 आरोपियों



को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है, उनमें मंजूर अहमद निवासी डींगरपुर, मो. अली, हाशिम निवासी ललवारा थाना मैनाठेर, मो. कमरुल, मो.मुजीफ निवासी मसेबी रसूलपुर थाना मैनाठेर, मो.यूनुस, अम्बरीश निवासी शाहपुर चामरान, कासिम निवासी परियावली थाना असमोली जिला संभल, मो.मोबीन उर्फ मोहम्मद मो. हसिन निवासी बरखेड़ा थाना डिडौली जिला अमरोहा, मो. मुजीब, तहजीब आलम निवासी असदपुर थाना मैनाठेर, जाने आलम निवासी मिलक नवाब मैनाठेर, मो. निवासी असदपुर मैनाठेर और मैनाठेर के लालपुर निवासी रिजवान और ताहरपुर निवासी मो. फिरोज शामिल हैं। अदालत के इस फैसले को कानून व्यवस्था के लिहाज से अहम माना जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि इस निर्णय से कानून का राज मजबूत होगा और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

## रामनवमी पर सीता रोड चौराहे पर देवी हवन, सजा भव्य दरबार

**चन्दौसी।** रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार/शनिवार की मध्य रात्रि में सीता रोड चौराहे पर अद्भुत धार्मिक दृश्य देखने को मिला। आम दिनों में राहगीरों से खचाखच भरा रहने वाला यह चौराहा उस रात भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया। जानकारी के अनुसार सीता रोड स्थित यह चौराहा लगभग डेढ़ सौ वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। परंपरा के अनुसार यहां हर वर्ष रामनवमी की अर्धरात्रि में 'चौराहे वाली माता' का हवन, पूजन एवं पाठ वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के साथ किया जाता है। इस वर्ष 27 मार्च 2026, शुक्रवार को लक्ष्मीनारायण मंदिर के निकट चौराहे पर माता रानी का भव्य हवन-पूजन धूमधाम से संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं का मानना है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना माता रानी पूर्ण करती हैं। यही कारण है कि इस हवन में शामिल होने के लिए दूर-दूर से भक्त पहुंचते हैं। कार्यक्रम के दौरान पूरे सीता रोड चौराहे को आकर्षक लाइटों, गुब्बारों और माता रानी के भव्य दरबार से सजाया गया, जिसने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार गुरु, दिव्यांशु नारायण, कौशल किशोर 'वंदेमातरम', सुशील वार्ष्णेय 'छोटू', विनय कुमार, पवन कुमार, ललित कुमार, सुमित, नीरज, हर्षित, चिराग, आवेश वार्ष्णेय, अनिल वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, राजकुमार, सतीश, नवीन वार्ष्णेय, पंकज मास्टर, राजा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित

कांठ(शाह टाइम्स) बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा सत्र 2026 का परिणाम घोषित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई। प्रधानाचार्य डॉ. अंजना शर्मा एवं प्रबंधक सुशील कुमार ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया। कक्षा 6 आलिया नूर ख्र प्रथम, तस्मिया ख्र द्वितीय, वंशिका माली ख्र तृतीय कक्षा 7 दिशिख्र प्रथम, प्रिया ख्र द्वितीय, एलिशख्र तृतीय कक्षा 8 कामिनीख्र प्रथम, आलिया ख्र द्वितीय, दिव्यांशी, अक्शाख्र तृतीय कक्षा 9 गोसिया हातिफ ख्र प्रथम, समीरा खानम ख्र



द्वितीय, दीपिकाख्र तृतीय कक्षा 11 सोफिया ख्र प्रथम, आफिया द्वितीय, झुमकी तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यालय की छात्रा कामिनी ने 94.78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर का स्थान हासिल किया। सभी मेधावी छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने ने छात्राओं को अनुशासन, कड़ी मेहनत एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण का महत्व बताया। कहा कि बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और समाज का नाम रोशन कर रही हैं। प्रधानाचार्य डॉ. अंजना शर्मा ने सभी सफल छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि यह सफलता आपके परिश्रम, आपके अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। मैं आशा करती हूं कि आप सभी भविष्य में भी इसी लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ती रहेंगी और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी। प्रबंधक सुशील कुमार ने छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। संचालन चंद्रप्रभा देवी एवं नीरज यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर मौजूद अभिभावको ने बेटियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। अंत में प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजना शर्मा ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## नगर निगम की टीम ने सिविल लाइन्स क्षेत्र में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, फुटपाथ कराए खाली

**मुरादाबाद।** शहर में बढ़ते जाम और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने सिविल लाइन क्षेत्र में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह अभियान कौशल्या स्कूल से लेकर डिप्टी गंज चौराहे तक संचालित किया गया, जहां फुटपाथों पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकानें सजाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान टीम ने सड़क किनारे रखे सामान, ठेले और अस्थायी दुकानों को हटवाया तथा कई स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी भी दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फुटपाथ आम जनता के आवागमन के लिए होते हैं और उन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।नगर निगम



अधिकारियों के अनुसार, लगातार मिल रही शिकायतों और बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण के कारण न केवल पैदल चलने वालों को परेशानी होती है, बल्कि यातायात भी बाधित होता है, जिससे जाम की स्थिति बनती है।अभियान के दौरान कुछ दुक. ानदारों ने विरोध भी जताया, लेकिन टीम ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई जारी रखी। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि यदि दोबारा अतिक्रमण किया गया तो जुर्माना और कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

साथ ही प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और शहर को जाम मुक्त बनाने में सहयोग दें।

## जिला चिकित्सालय में राजकीय नर्सेस संघ का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न, नई कार्यकारिणी का हुआ गठन

**मुरादाबाद।** महानगर में राजकीय नर्सेस संघ, उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा का वार्षिक अधिवेशन शनिवार को जिला चिकित्सालय स्थित नर्सेस हॉस्टल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा द्वारा किया गया। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष संदीप बडगेला उपस्थित रहे।कार्यक्रम में डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के मंडलीय सचिव हेमंत चौधरी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा सहित जनपद के बड़ी संख्या में नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे। अधिवेशन के दौरान जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि संदीप बडोला ने अपने संबोधन में कहा कि स्वास्थ्य विभाग में नर्सेस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मरीजों की देखभाल में नर्सेस का योगदान अहम होता है और चिकित्सकों की अनुपस्थिति में भी नर्सेस ही मरीजों की



जिम्मेदारी संभालती हैं। उन्होंने आश्वा. सन दिया कि किसी भी नर्स के उत्पीड़न की स्थिति में संगठन पूरी मजबूती से हस्तक्षेप करेगा और न्याय दिलाने का कार्य करेगा।अधिवेशन के पश्चात चुनाव अधिकारी हेमंत चौधरी एवं पर्यवेक्षक चंद्रशेखर शर्मा की देखरेख में जनपद शाखा का वार्षिक चुनाव सम्पन्न कराया गया। चुनाव में पूनम मैसी को अध्यक्ष, सत्यता स्मृति को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ज्योति को उपाध्यक्ष, प्रतिमा शर्मा को जिला मंत्री, रेखा देवी को संगठन मंत्री, कु. फिरोज बी को लिपिक मंत्री, सीमा भारती को कोषाध्यक्ष तथा अन्य पदों पर पदाधिकारी निर्वाचित किए गए।चुनाव के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूनम मैसी एवं जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा ने कहा कि जनपद में किसी भी नर्सिंग अधिकारी का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन उनके हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में कई अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## आत्मा शाश्वत, चेतन और स्वतंत्र सत्ताः डॉ. दिनेश चंद्र शास्त्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तराखंड संस्कृति यूनिवर्सिटी-हरिद्वार के पूर्व कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र शास्त्री ने जैन दर्शन के मूल तत्व- आत्मा और कर्म को गहराई से स्पष्ट करते हुए बताया, आत्मा एक शाश्वत, चेतन और स्वतंत्र सत्ता है। आत्मा अपनी वास्तविक प्रकृति को इसलिए नहीं पहचान पाती, क्योंकि उस पर कर्मों का सूक्ष्म आवरण चढ़ जाता है। उन्होंने कर्म को केवल एक दार्शनिक अवधारणा न मानकर एक सूक्ष्म भौतिक तत्व के रूप में व्याख्यायित किया, जो व्यक्ति के विचार, वाणी और क्रिया के जरिए आत्मा से जुड़ता है। उन्होंने कषायों- राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया एवं लोभ को कर्म बंधन का प्रमुख कारण बताया। उन्होंने स्पष्ट किया, सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र के त्रिवेणी संगम से आत्मा कर्मों से मुक्त हो सकती है। डॉ. शास्त्री भारतीय दार्शनिक परिषद की ओर से तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के जैन अध्ययन केंद्र और भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र-आईकेएस के संयुक्त तत्वावधान में जैन कर्म सिद्धांत की समकालीन प्रासंगिकता पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व पूर्व कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र शास्त्री, बीएल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडोलॉजी, नई दिल्ली की प्रो. राका जैन, डॉ. राजमल जैन, डॉ. जय कुमार जैन, डॉ. पुनीत जैन, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, जैन स्टडीज के



डायरेक्टर प्रो. विपिन जैन, डॉ. करुणा जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस मौके पर टीएमयू आईकेएस सेंटर की कोर्डिनेटर डॉ. अलका अग्रवाल, श्रीमती अहिंसा जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। वैलिडिक्टरी सत्र में टीएमयू के कुल. पति प्रो. वीके जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम स्टुडेंट्स के बौद्धिक एवं नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरण किए गए। समापन राष्ट्रगान के संग हुआ। संचालन डॉ. प्रतिभा शर्मा और डॉ. नम्रता जैन ने किया। कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. रत्नेश जैन ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। बीएल इंस्टिट्यूट ऑफ इंडोलॉजी, नई दिल्ली की प्रो. राका जैन ने जैन दर्शन के कर्म सिद्धांत और पंच नमस्कार मंत्र को जैन परंपरा का आधार बताते हुए पंच परमेष्ठी- अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कर्मों के वर्गीकरण को विस्तार से समझाते कहा, घातिया कर्म ज्ञानावरणीय, दर्शनावरणीय, मोहनीय और अंतराय आत्मा के मूल गुणों को बाधित करते हैं, जबकि अघातिया कर्म- नाम, गोत्र, आयु और वेदनीय जीव के बाह्य अस्तित्व से संबंधित होते हैं। कर्म बंध सिद्धांत पर बोलते हुए उन्होंने कषायों को कर्म बंधन का मूल कारण और संयम, साधना और आत्म-अनुशासन को मुक्ति का साधन बताया। उन्होंने स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा, आत्म-अनुशासन, समय प्रबंधन और नैतिक मूल्यों का पालन ही वास्तविक सफलता का आधार है।

टीएमयू की डॉ. अर्चना जैन ने जैन दर्शन के दार्शनिक आधार को तत्त्वार्थ सूत्र के संदर्भ में अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने आत्मा की आध्यात्मिक यात्रा को सात तत्वों- जीव, अजीव, आस्रव, बंध, संवर, निर्जरा और मोक्ष के जरिए स्पष्ट किया। उन्होंने बताया, जब जीव में कषाय उत्पन्न होते हैं, तो आस्रव के माध्यम से कर्मों का प्रवाह आत्मा की ओर होता है और बंध की अवस्था में वे आत्मा से जुड़ जाते हैं। संवर के माध्यम से नए कर्मों के प्रवेश को रोका जा सकता है, जबकि निर्जरा के माध्यम से पुराने कर्मों का क्षय होता है।

## मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजीः परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को शिव शांति आदर्श जूनियर हाईस्कूल एवं राजेश कुमार पब्लिक स्कूल सैमरटोला में परीक्षाफल वितरण



समारोह का आयोजन किया गया। जैसे ही बच्चों को उनका परिणाम मिला, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक एस.के. सक्सेना ने कहा कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की सच्ची कुंजी है। यदि विद्यार्थी लक्ष्य के प्रति समर्पण और लगन के साथ मेहनत करें, तो सफलता निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही आगे बढ़ने का सबसे बड़ा अस्त्र है और जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल जुनून और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। उन्होंने यह भी कहा कि शॉर्टकट कुछ समय के लिए भले ही लाभकारी लगे, लेकिन लंबे समय में यह परेशानी का कारण बनता है। देश के महान व्यक्तियों ने भी कठिन परिश्रम के बल पर ही सफलता हासिल की है। इस दौरान उन्होंने समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण परीक्षा परिणाम तैयार करने के लिए प्रधानाचार्य राजेश कुमार एवं वर्षा गर्ग को बधाई दी और छात्रों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### शटर लगाने को लेकर विवाद में चली गोली, युवक घायल

**चन्दौसी।** नगर के व्यस्ततम बड़े बाजार क्षेत्र में शुक्रवार सुबह शटर लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला गोल. ीबारी तक पहुंच गया। घटना में एक युवक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निखिल गुप्ता का आरोप है कि उनका विशांत व प्रशांत गुप्ता से दादलाई संपत्ति को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा है, जो न्यायालय में विचाराधीन था। कुछ दिन पूर्व आपसी मध्यस्थता के जरिए मामला सुलझा लिया गया था, जिसमें करीब 50 लाख रुपये मूल्य की जमीन आरोपी पक्ष को दी गई थी और उस पर निर्माण भी कराया जा चुका था। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह जब उक्त स्थान पर शटर लगाने के लिए मजदूर बुलाए गए, तभी दूसरे पक्ष के निशांत व प्रशांत वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि मजदूरों के साथ भी अभद्रता की गई। विरोध करने पर कहासुनी बढ़ गई और इसी दौरान निशांत गुप्ता ने निखिल को जान से मारने की धमकी देते हुए गोली चला दी, जो उसके हाथ में जा लगी। गोली चलने से बाजार में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है। दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### विकासखंड बनियाखेड़ा में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी शिक्षा योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी




**चन्दौसी।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने के उद्देश्य से विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम आटा स्थित ज्ञानवती बैंक्वेट हॉल में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय प्राधिकारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके पश्चात कंपोजिट विद्यालय आटा के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। संगोष्ठी में डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूते-मोजे एवं स्टेशनरी खरीद हेतु धनराशि सीधे अभिभावकों के खातों में भेजने की प्रक्रिया, निपुण भारत मिशन, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी), बालिका शिक्षा, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं ऑपरेशन कायाकल्प जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं निपुण भारत अभियान पर बनाई गई आकर्षक रंगोली ने उपस्थित शिक्षकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। संगोष्ठी में विकासखंड बनियाखेड़ा के सभी प्रधानाध्यापकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन शालिनी सक्सेना (संभल) द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. गौरव मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार, अशोक पाठक, ऋषभ सक्सेना, अमन, खुशाल सिंह, राजकुमार, मोहित सिंह, अरविंद कुमार, अंकुर सक्सेना, प्रियंका रस्तोगी, पूजा गिरी, आंशिक गोयल, कु. जौली सहित अनेक लोगों का सहयोग रहा।

### अधिवक्ताओं के लिए आयकर विवरणी दाखिल करना आवश्यक, स्वाध्याय मंडल आयोजित




**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में स्व. अजीत सिंह एडवोकेट सभागार में 'अधिवक्ताओं के लिये आयकर विवरणी दाखिल करना क्यों आवश्यक है' विषय पर अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल द्वारा स्वाध्याय मण्डल आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता विभोर कुमार बंसल कर अधिवक्ता ने बताया कि जिन लोगों की व्यक्तिगत आय 12 लाख रुपये वार्षिक तक है, ऐसे लोग शून्य कर के दायरे में आते हैं परन्तु यदि किसी व्यक्ति की आय 04 लाख रुपये वार्षिक से अधिक है तो आयकर विवरणी दाखिल करनी आवश्यक है अन्यथा अधिकतम 10 हजार रुपये के अर्थदंड का प्रावधान है। यदि कोई अधिवक्ता वकालत के अतिरिक्त अन्य कोई व्यावसायिक कार्य करता है तो ऐसी आय भी उसकी वार्षिक आय में सम्मिलित होगी। अधिवक्ताओं को भी अपनी आय एवं व्यय का हिसाब किताब रखना चाहिये, ताकि उनके व्यवसाय से होने वाले शुद्ध आय का लेखा जोखा तैयार किया जा सके, इसका लाभ यह होगा कि अधिवक्ताओं की आय का रिकार्ड रखा जा सकेगा और उनकी पूंजी और परिसंपत्तियों का निर्माण हो सकेगा और इसका लाभ उन्हें बैंक से ऋण लेने में भी मिलेगा। यदि डिजिटल लेन देन किये जा रहे हैं तो भी आयकर विवरणी दाखिल करनी आवश्यक हो जाती अन्यथा सीमा से अधिक लेन देन होने पर बैंक खाते फ्रीज किये जा सकते हैं। कार्यक्रम में श्रीगोपाल शर्मा, विष्णु शर्मा, अमरीश अग्रवाल, सचिन गुप्ता, चरण सिंह, रजनी शर्मा, रिंकी, विनीत कुमार, यश गौतम, यशपाल राणा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। विषय प्रस्तुतिकरण स्वाध्याय मंडल प्रभारी विक्रम सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव शर्मा एवं संचालन प्रवीण गुप्ता ने किया।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के द्वितीय चरण के अंतर्गत शनिवार को जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों और धार्मिक स्थलों सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचकर महिला पुलिसकर्मियों ने पंपलेट वितरित किए। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके अलावा मोबाइल पर इमरजेंसी कॉल एवं पैनिक बटन के उपयोग का डेमो भी दिया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। पुलिस द्वारा बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।



**नई दिल्ली। दिलशाद कॉलोनी में एलपीजी सिलेंडर की जारी आपूर्ति संकट के बीच सिलेंडर खरीदने के लिए कतार में खड़े लोग।**

## रूस-ईरान ने पश्चिम एशिया संकट और मानवीय सहायता पर चर्चा की

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने टेलीफोन पर बातचीत कर पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर चर्चा की है। इस दौरान मंत्रियों ने ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की 'बिना उकसावे की आक्रामक कार्रवाई' से उत्पन्न 'गंभीर सैन्य-राजनीतिक संकट' पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के आधार पर और क्षेत्र के सभी देशों के वैध हितों को ध्यान में रखते हुए इस संघर्ष को राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# ईरान में बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र इलाके में एक और हमला: IAEA

## महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने की अधिकतम संयम बरतने की अपील

**मॉस्को।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि ईरान ने अपने बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी) के इलाके में उसे एक और हमले की जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि हमले से कोई रेडिएशन नहीं फैला हैऔर न ही रिएक्टर को कोई नुकसान पहुंचा है। आईएईए ने एक्स पर कहा कि ईरान ने हमें बुशेहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के इलाके में एक नए हमले की जानकारी दी है, पिछले 10 दिनों में यह तीसरी ऐसी घटना है।

इसमें उसके चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है और न ही कोई रेडिएशन फैला है। संयंत्र की स्थिति सामान्य है। एजेंसी ने बताया कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने अधिकतम संयम बरतने की अपील की है। आईएईए ने कहा कि महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र के आसपास सैन्य गतिविधियों की हालिया रिपोर्टों पर फिर से गहरी चिंता व्यक्त की है। अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है। महानिदेशक ग्रॉसी ने परमाणु दुर्घटना के



**■ अगर रिएक्टर को नुकसान पहुंचता है, तो इससे एक बड़ी रेडियोलॉजिकल घटना हो सकती है**

जोखिम से बचने के लिए अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपनी अपील दोहराई है। इस बीच, एजेंसी ने कहा कि खोंदाब में ईरान के भारी जल उत्पादन संयंत्र पर हमले के बाद रेडिएशन फैलने का कोई खतरा नहीं है। एजेंसी ने एक्स पर कहा कि ईरान ने आईएईए को जानकारी दी है कि आज खोंदाब स्थित भारी जल उत्पादन संयंत्र पर भी हमला हुआ है। चूंकि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है, इसलिए रेडिएशन का कोई खतरा नहीं है। इसके अलावा, ईरान ने आज यह भी बताया कि एक औद्योगिक इकाई-माप-तोल के लिए सीलबंद खुजेस्तान स्टील उत्पादन फैक्ट्री जो सीओ.60 और सीए.137 रेडियोधर्मी स्रोतों का उपयोग करती है। उस पर भी हमले हुए, लेकिन इससे बाहर कोई रेडिएशन नहीं फैला।

### परमाणु संयंत्रों पर हमले रोकने के लिए रूस प्रयासरत: उल्यानोव

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह अमेरिका और इजरायल के साथ संपर्क में है और उन्हें परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (एनपीपी) विशेष रूप से बुशेहर परमाणु संयंत्र की मौजूदा स्थिति के मद्देनजर हमलों से बचने की सलाह दे रहा है। वियना स्थित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती से कहा कि रूसी संघ इजरायल और अमेरिका दोनों के साथ आवश्यक संवाद कर रहा है और उन्हें याद दिलाया गया है कि परमाणु संयंत्रों पर हमलों को पूरी तरह खारिज किया जाना चाहिए। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सफोंकोव ने कहा कि रूस ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए पक्षों को ठोस विकल्प सुझा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉस्को न केवल मध्यस्थ की भूमिका निभाने के लिए तैयार है, बल्कि इस दिशा में सक्रिय कदम भी उठा रहा है। सफ्रोंकोव ने बताया कि रूस सभी पक्षों के साथ लगभग दैनिक संपर्क बनाए हुए है और उन्हें राजनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंताओं को दूर करने के लिए रूस ठोस प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका के रूस से प्रतिबंध हटाने की संभावना नहीं: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** 'यूनाइटेड रशिया' पार्टी से जुड़े और राज्य ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के प्रथम उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति कार्यकाल की समाप्ति तक अमेरिका के रूस के विरुद्ध लगाए गए प्रतिबंधों को हटाने की संभावना कम है। गुरुवार और शुक्रवार को अमेरिका का दौरा करने वाले रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख निकोनोव ने संवाद समिति 'रिया नोवोस्ती' को बताया कि इस मामले में उनका जवाब 'संभवत: 'नहीं' है।

### ओली की गिरफ्तारी देश में न्याय की नई शुरुआत: गुरुंग

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्री सुदन गुरुंग ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की गिरफ्तारी पर शनिवार को कहा कि यह देश में न्याय की नई शुरुआत है। गुरुंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और यह गिरफ्तारी किसी के खिलाफ प्रतिशोध नहीं है, यह सिर्फ न्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा 'मेरा मानना है कि देश अब नई दिशा में बढ़ रहा है।' पुलिस ने आज सुबह नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री ओली तथा पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक को उनके निवास स्थानों से गिरफ्तार कर लिया था।

### खड़गे ने बालेंद्र शाह को दी प्रधानमंत्री बनने पर बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह को पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी है। खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में शनिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह कांग्रेस की ओर से प्रधानमंत्री पद ग्रहण करने पर बधाई देते हैं। उन्होंने लिखा भारत-नेपाल संबंध अत्यंत गहरे और जन-से-जन संपर्क और साझा सांस्कृतिक विरासत पर आधारित हैं। मुझे विश्वास है हमारे मजबूत संबंध तथा साझेदारी आने वाले समय में और सुदृढ़ होगी, जिससे दोनों देशों के लोगों के लिए शांति, समृद्धि और पारस्परिक प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

### प्रोपेन सिलेंडरों के फटने के बाद टोरंटो के शहर के बीचों-बीच धमाके

**टोरंटो।** कनाडा के ओंटारियो प्रांत के टोरंटो शहर के निचले क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक निर्माणाधीन इमारत की छत पर रखे प्रोपेन सिलेंडरों के फटने से जोरदार धमाके हुए और घना धुआं उठता देखा गया। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रिचमंड स्ट्रीट वेस्ट और जॉन स्ट्रीट के पास हुई, जहां दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया।

# अब अगला नंबर क्यूबा का: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने यूएस सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए दी धमकी

**मियामी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अमेरिकी सैन्य उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब अगला नंबर क्यूबा का है। मियामी में सऊदी समर्थित एक व्यावसायिक मंच पर ईरान के साथ संघर्ष में ट्रम्प ने संकेत दिया कि हवाना पर वाशिंगटन दबाव बढ़ा सकता है या संभावित कार्रवाई कर सकता है।

उन्होंने कहा कि और वैसे, क्यूबा अगला है, हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका कौन से कदम उठा सकता है, जबकि क्यूबा गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। ट्रम्प ने हाल के दिनों में वेनेजुएला में अमेरिकी कदमों और जारी ईरान संघर्ष के बाद हवाना पर दबाव बढ़ाने के संकेत दिए हैं, हालांकि उन्होंने किसी संभावित योजना का विवरण नहीं दिया है। वह क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कानेल को वाशिंगटन के साथ किसी समझौते की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ऐसे किसी समझौते की रूपरेखा अभी स्पष्ट नहीं है। ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया। इसके साथ ही नाटो की आलोचना भी की और कहा कि उसने तेहरान के खिलाफ वाशिंगटन के अभियान का पर्याप्त समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि 47 वर्षों से ईरान पश्चिम एशिया का दबंग माना जाता रहा है, लेकिन अब वह दबंग नहीं रहा। वह पीछे हट रहा है, जिस पर सभा में हल्की तालियां बजीं। उन्होंने दोहराया कि यदि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई नहीं होती तो ईरान 'दो से चार सप्ताह' के भीतर परमाणु हथियार विकसित कर लेता और पहले के हमलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल दिया है। उन्होंने सऊदी प्रतिभागियों को इस अभियान की आवश्यकता के बारे में समझाने की कोशिश करते हुए कहा कि वे इसका इस्तेमाल आप पर, इजराइल पर और सभी पर करते। ट्रम्प ने यह भी संकेत दिया कि दूसरे कार्यकाल से पहले सऊदी नेतृत्व ने उन्हें कम आंका था। ट्रम्प ने अपने संबोधन में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर भी भरोसा जताया, जो इस संघर्ष से जुड़े बाजार उतार-चढ़ाव के बावजूद मजबूत बताई गई है। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था फिर से उभर रही है। उन्होंने कहा कि जब यह युद्ध खत्म होगा, तो यह रॉकेट की तरह होगा। मुझे लगा था कि हम और नीचे जाएंगे और तेल की कीमतें इससे अधिक बढ़ेंगी। यह अभी खत्म नहीं हुआ है। यह लगभग खत्म है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।



**■ ट्रम्प ने फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव में संबोधन के दौरान मुख्य रूप से ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई के लाभों और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर ध्यान केंद्रित किया**

### ईरान के खिलाफ 'सैन्य अभियान' बहुत अच्छी स्थिति में: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी सैन्य अभियान ष्बेहतरीन ढंग सेष आगे बढ़ रहा है ।लेकिन इसी दौरान ईरान ने सऊदी अरब स्थित प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें 12 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच टुथ सोशल पर कहा कि ईरान में हमारा सैन्य अभियान बहुत अच्छा चल रहा है, हालांकि उन्होंने इस पर कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह संयुक्त मिसाइल और ड्रोन हमला ईरान के साथ जारी एक महीने लंबे संघर्ष के दौरान अमेरिकी वायु रक्षा में 'सबसे गंभीर सेंध' में से एक माना जा रहा है। रिपोर्टों में कहा गया है कि हमले के समय घायल सैनिक एक संरचना के भीतर मौजूद थे, जिस पर कम से कम एक बैलिस्टिक मिसाइल और कई ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले में अमेरिकी सैन्य ईंधन भरने वाले विमानों को भी नुकसान पहुंचा। इसी बीच, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका को उम्मीद है कि ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान 'महीनों नहीं, बल्कि कुछ हफ्तों में' समाप्त हो जाएगा।

### नाटो से समर्थन वापस ले सकता है अमेरिका: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हालिया घटनाक्रम को लेकर असंतोष जताते हुए संकेत दिया है कि वह नाटो को दिए जा रहे अपने समर्थन को वापस ले सकते हैं। ट्रम्प ने मियामी में आयोजित एक कार्यक्रम में शुक्रवार को कहा कि हम नाटो पर हर साल सैकड़ों अरब डॉलर खर्च करते हैं, हम उनकी सुरक्षा करते हैं और हमेशा उनके साथ खड़े रहे हैं, लेकिन अब उनके हालिया रवैए को देखते हुए शायद हमें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने एक दिन पहले कहा था कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नाटो के लिए अमेरिका के प्रति समर्थन की परीक्षा थी और इस मामले में गठबंधन के रुख से वाशिंगटन निराश है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका को अब नाटो की सहायता की आवश्यकता नहीं है। ट्रम्प ने 17 मार्च को कहा था कि नाटो ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य अभियान का समर्थन नहीं कर 'बहुत बड़ी गलती' की है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश नाटो देश इस अभियान में शामिल नहीं होना चाहते, जो उनके लिए आश्चर्यजनक नहीं है, और उन्होंने गठबंधन को 'एकतरफा व्यवस्था' करार दिया।

# डब्ल्यूटीओ में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत हो: भारत

**■ व्यापार समझौतों में विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही को दूर करने पर बल दिया**
**■ भारत ने विश्व व्यापार संगठन में सर्वसम्मति पर आधारित निर्णय व्यवस्था मजबूत रखने पर दिया जोर**

**नई दिल्ली।** भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सर्वसम्मति के आधार पर निर्णय की व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और पिछले दौर के व्यापार समझौतों में उन सामान व्यवस्थाओं को दूर करने पर बल दिया है, जो विकासशील देशों के हितों के विरुद्ध काम कर रही हैं। कैमरून के याउंडे में चल रहे डब्ल्यूटीओ के चौदहवें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दूसरे दिन सदस्य देशों के व्यापार मंत्रियों की बैठक में भारतीय दल के नेता और वाणिज्य तथा उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सर्वसम्मति से निर्णय की व्यवस्था डब्ल्यूटीओ की वैधता का आधार है। इस बैठक में मंत्रियों ने डब्ल्यूटीओ की कार्य प्रणाली में सुधार संबंधी मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि डब्ल्यूटीओ के सुधारों में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं का समाधान होना चाहिए। 'पूर्व में तय एजेंडा सहित निर्णय लेने की प्रक्रिया' के मुद्दे पर बोलते हुए, गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि सर्वसम्मति आधारित निर्णय लेना विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की वैधता का आधार है, और यह महत्वपूर्ण है कि यह बहुपक्षीय संगठन सदस्यों के संप्रभु अधिकारों की अनदेखी न करे और ऐसे नियम थोपना की कोशिश न की जाए, जिन पर आम सहमति नहीं है। सर्वसम्मति से निर्णय लेने में आने वाली चुनौतियों पर काबू पाने के लिए विश्वास के पुनर्निर्माण के महत्व को रेखांकित करते हुए, भारत ने इस बात पर बल दिया कि डब्ल्यूटीओ को वर्तमान गतिरोध और इसके मूल कारणों का सावधानीपूर्वक आकलन करना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चाएं पारदर्शी, समावेशी और सदस्य-संचालित हों। भारत ने यह भी कहा कि एक एकीकृत बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली अपने संस्थागत ढांचे के भीतर टकराव के रहते हुए फल-फूल नहीं सकती। इस बैठक में सदस्यों को 'समान अवसर मिलने के मुद्दों' पर गोयल ने इस बात पर जोर दिया कि चर्चाओं में उरुग्वे दौर से उत्पन्न असमानताओं को ध्यान में रखा जाना चाहिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक सुरक्षा मानक (पीएसएच) और कपास पर एसएसएम जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया।

## ईरान जंग पर बात करने पाक जाएंगे 3 देशों के विदेश मंत्री

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान जंग का 29वां दिन है। ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच तुर्की, मिस्र और सऊदी अरब के विदेश मंत्री 30 मार्च को पाकिस्तान पहुंचेंगे। यहां वे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। इस्लामाबाद में होने वाली इस बैठक में मिडिल ईस्ट के हालात पर चर्चा होगी।

युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें कई देशों के विदेश मंत्री एक साथ शामिल होंगे। दूसरी तरफ यूएई भी अमेरिका और इजरायल के साथ मिलकर ईरान के खिलाफ जंग में शामिल हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले तीन हफ्तों में ईरान ने यूएई पर 2200 से ज्यादा मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें से 95 प्रतिशत को रोक दिया गया। पाकिस्तान के ईरान और सऊदी अरब दोनों से बेहतर रिश्ते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसलिए पाकिस्तान को विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए बेहतर जगह माना जा रहा है। यह मीटिंग पहले तुर्की में होनी थी, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान शिफ्ट कर दिया गया। कतर और यूक्रेन ने एक रक्षा सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। कतर के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस समझौते के तहत दोनों देश मिसाइल और ड्रोन हमलों से निपटने के लिए तकनीक और अनुभव शेयर करेंगे।

### रूस की स्टेट ड्यूमा के साथ संबंधों के लिए समूह बनाया: निकोनोव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संसद में रूस की संघीय सभा (ड्यूमा) के साथ बातचीत के लिए एक समूह बनाया जाएगा। यूनाइटेड रशिया पार्टी के सदस्य और स्टेट ड्यूमा की अंतर्राष्ट्रीय मामलों की समिति के पहले उपाध्यक्ष व्याचेस्लाव निकोनोव ने यह जानकारी दी है। वह हाल ही में अमेरिका की यात्रा पर गए हैं। निकोनोव ने अमेरिका में पांच रूसी सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को वॉशिंगटन में अमरीकी कांग्रेस के सहयोगियों और अमरीकी प्रशासन के अधिकारियों से मुलाकात की।

# पाक को आईएमएफ से 1.2 अरब डॉलर का फंड मंजूर

## इस पैसे से पाक को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया

**इस्लामाबाद।** आर्थिक बदहाली और महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान के लिए राहत भरी खबर आई है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और पाकिस्तान के बीच करीब 1.2 अरब डॉलर को लेकर कर्मचारी स्तर का समझौता हो गया है।

यह समझौता हफ्तों तक चली लंबी बातचीत के बाद हुआ है। इस पैसे से पाकिस्तान को अपनी डूबती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ और समय मिल गया है। आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा। पहला है 'विस्तारित कोष सुविधा' (ईएफएफ) और दूसरा लचीलापन और स्थिरता सुविधा। ईएफएफ उन देशों को दी जाती है जो गंभीर संकट से जूझ रहे होते हैं, यानी जो लंबे समय तक भुगतान करने में सक्षम नहीं होते।



**■ आईएमएफ के मुताबिक, यह फंड दो अलग-अलग व्यवस्थाओं के तहत दिया जाएगा**

आईएमएफ मिशन की प्रमुख इवा पेत्रोवा ने कहा कि आईएमएफ बोर्ड की अंतिम मंजूरी मिलने के बाद पाकिस्तान को ईएफएफ के तहत लगभग 1 अरब डॉलर और आरएसफ के तहत 21 करोड़ डॉलर मिलेंगे। इस समझौते तक पहुंचना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं था। आईएमएफ की टीम ने 25 फरवरी से 2 मार्च तक इस्लामाबाद और कराची में डेरा डाला था। पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ आमने-सामने की बातचीत में कई पेंच फंसे थे, जिसके कारण टीम बिना किसी समझौते के वापस लौट गई थी। इसके बाद कई दौर की वर्चुअल मीटिंग्स हुईं। दावा किया गया है कि इस दौरान पाकिस्तान सरकार ने भविष्य में कड़े आर्थिक फैसले लेने का भरोसा दिलाना दिलाया है। इसके बाद बातचीत बनी है। आईएमएफ का कहना है कि पाकिस्तान को अपनी व्यापक आर्थिक नीतियों को और सख्त बनाना होगा। इसका सीधा मतलब है कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान की जनता पर टैक्स का बोझ बढ़ सकता है। इतना ही नहीं, बिजली-गैस की कीमतों में और इजाफा हो सकता है।

# रूस 4 महीने तक पेट्रोल नहीं बेचेगा, 1 अप्रैल से बैन शुरू

## घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए उठाया कदम, भारत पर कम, चीन-तुर्की व ब्राजील पर ज्यादा असर

**मास्को।** रूस ने 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर रोक का फैसला किया है। उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय से इस प्रस्ताव को तैयार करने को कहा। रूस के मुताबिक यह कदम घरेलू सप्लाई बनाए रखने और कीमतें नियंत्रित रखने के लिए है। नोवाक ने कहा कि मिडिल ईस्ट में चल रहे इजरायल-ईरान जंग की वजह से ग्लोबल तेल और पेट्रोलियम प्रोडक्शन बाजार में अस्थिरता बढ़ी है।

इससे कीमतों में उतार-चढ़ाव हो रहा है। रूस रोजाना 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल निर्यात करता है। निर्यात रोकने से चीन, तुर्की, ब्राजील, अफ्रीका और सिंगापुर जैसे देशों पर असर पड़ सकते हैं। ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं। भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है। रूस के उप प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने देश में पेट्रोल और दूसरे तेल उत्पादों की उपलब्धता और कीमतों की स्थिति की समीक्षा की। एक्सपर्ट्स का मानना है कि भारत सीधेतौर पर पेट्रोल जैसे तैयार ईंधन पर ज्यादा निर्भर नहीं है, बल्कि कच्चे तेल (क्रूड आयल) पर निर्भर है। क्रूड आयल को ही रिफाइन कर पेट्रोल और डीजल बनाए जाते हैं। भारत अपनी जरूरत का करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें से लगभग 20 प्रतिशत रूस से आता है। भारत बहुत कम मात्रा में पेट्रोल या अन्य तैयार ईंधन आयात करता है। इसके बजाय देश अपने बड़े रिफाइनरी नेटवर्क के जरिए कच्चे तेल को खुद प्रोसेस करता है। यही वजह है कि रूस के पेट्रोल निर्यात पर लगी रोक का भारत पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। भारत रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चा तेल रिफाइन करता है। यह न सिर्फ अपनी घरेलू जरूरत पूरी करता है, बल्कि तैयार ईंधन का निर्यात भी करता है। हालांकि एक्सपर्ट्स का यह भी मानना है कि रूस के फैसले से अगर वैश्विक सप्लाई पर असर पड़ता है, तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। पहले से ही जंग के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। मास्को में पेट्रोल एक्सपोर्ट के बैन को लेकर बैठक हुई थी। इसमें खासतौर पर यह जोर दिया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ईंधन कीमतें नियंत्रित रखना चाहते हैं। मंत्री नोवाक ने बैठक में कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। तेल कंपनियों ने कहा कि पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टाक है और रिफाइनरियां पूरी या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं, जिससे जरूरत पूरी हो रही है। रूस पहले भी कीमत नियंत्रण और घरेलू सप्लाई के लिए पेट्रोल-डीजल निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले साल भी ऐसा हुआ था, जब यूक्रेन हमलों से रिफाइनरियां प्रभावित हुई थीं। इंडस्ट्री के आंकड़ों के मुताबिक, रूस ने पिछले साल करीब 50 लाख मीट्रिक टन पेट्रोल एक्सपोर्ट किया था, यानी हर दिन लगभग 1.17 लाख बैरल के बराबर है।



**■ ये देश रूसी तेल उत्पादों के बड़े खरीदार हैं, भारत पर असर कम होगा क्योंकि वह पेट्रोल नहीं, कच्चा तेल खरीदता है**

# 27 करोड़ से अधिक बच्चे हैं स्कूलों से बाहर

**■ यूनेस्को शिक्षा रिपोर्ट में 2030 लक्ष्य पर बड़ा खतरा, लगातार सातवां साल जब यह संख्या बढ़ी**

**पेरिस/नई दिल्ली।** यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) रिपोर्ट-2026 के अनुसार दुनिया भर में 27.3 करोड़ (273 मिलियन) बच्चे, किशोर और युवा स्कूल से बाहर हैं।

रिपोर्ट के अनुसार यह लगातार सातवां साल है जब यह संख्या बढ़ी है और वैश्विक स्तर पर हर छठा बच्चा स्कूल से बाहर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2015 के बाद लगभग हर क्षेत्र में स्कूल में बच्चों को बनाए रखने की प्रगति धीमी पड़ गई है। सबसे ज्यादा असर उप-सहारा अफ्रीका और पश्चिम एशिया के संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में देखा जा रहा है। संघर्ष वाले इलाकों में रहने वाले हर छह में एक से ज्यादा शिक्षा से वंचित है। पेरिस स्थित यूनेस्को मुख्यालय में ग्लोबल एजुकेशन कोएलिशन की बैठक में इस रिपोर्ट को 25 मार्च को जारी किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2030 तक 'सबके लिए शिक्षा' लक्ष्य हासिल करने की राह में मुश्किल है। इस गति से हम 2030 तक दुनिया के सभी बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे। हालांकि, रिपोर्ट यह भी स्पष्ट करती है कि इससे वैश्विक शिक्षा एजेंडा को विफल नहीं माना जा सकता।

महिमा मकवाना एक भारतीय अभिनेत्री हैं, जो हिंदी टीवी सीरियल्स और फिल्मों में अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सपने सुहाने लड़कपन के रचना और सलमान खान के साथ बॉलीवुड फिल्म अंतिम द फाइनल ट्रुथ 2021 में काम करके पहचान बनाई। 5 अगस्त 1999 को मुंबई में जन्मी महिमा ने बाल कलाकार के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी।



# महिमा मकवाना संग दिखी अपारशक्ति की बेहतर केमिस्ट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना ने अपना नया गाना तेरे पीछे रिलीज किया है, जिसमें महिमा मकवाना भी नजर आ रही हैं। यह गाना अपारशक्ति खुराना के नए अल्बम का हिस्सा है और अब स्पॉटिफाई और यूट्यूब पर उपलब्ध है।

अपारशक्ति खुराना ने गाने के बारे में बात करते हुए कहा, तेरे पीछे एक सुकून देने वाला प्यार भरा गाना है, जो प्यार की गर्माहट और उसकी नाजुकता को महसूस कराता है। यह मेरे सबसे खास गानों में से एक है, जिसे मैंने साक्षी रट्टी और मीर देसाई के साथ बनाया है। यह कविता और मधुर संगीत का खूबसूरत मेल है, जिसे आप अपने किसी खास के साथ सुनना चाहेंगे।

तेरे पीछे एक दिल को छू लेने वाला गाना है, जो प्यार, तड़प और भावनाओं को दर्शाता है। अपारशक्ति की आवाज और महिमा मकवाना की परफॉर्मेंस इसे और भी खास बनाती है। इस अल्बम में दो और गाने भी हैं गुलाबी आसमान और आखिरी वार, जो अलग-अलग संगीत शैली में हैं लेकिन आम जिदगी की भावनाओं से जुड़े हुए हैं। तेरे पीछे के बोल साक्षी रट्टी और अपारशक्ति खुराना ने लिखे हैं, जिनमें कविता और आधुनिक अंदाज का अच्छा मेल है। इस अल्बम के जरिए अपारशक्ति ने दिखाया है कि वह एक्टिंग के साथ-साथ संगीत में भी अपनी पहचान बना रहे हैं और नए प्रयोग कर रहे हैं।



# अल्लू ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा किया

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 23 साल का फिल्मी सफर पूरा कर लिया है। अल्लू अर्जुन को पैन-इंडिया इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक माना जाता है, जिनकी फैन फॉलोइंग न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में बहुत ज्यादा है। अपनी कमाल की स्क्रीन प्रेजेंस, स्टाइल और शानदार एक्टिंग के दम पर उन्होंने जहां भी गए अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 23 साल पहले अपने डेब्यू से लेकर आज भारतीय सिनेमा के आइकॉन स्टार के रूप में पहचाने जाने तक, उनका यह सफर वाकई में प्रेरणा देने वाला रहा है। अल्लू अर्जुन ने अपने शानदार करियर में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। पुष्पा राज के अपने किरदार से वह एक ग्लोबल पहचान बन गए और दुनिया भर के लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस बेहतरीन करियर और इस मुकाम को सेलिब्रेट करने के लिए उनकी टीम ने एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उनके अब तक के सफर और उस विरासत का जश्न मनाया गया है जिसे वह हर कदम के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन की टीम ने लिखा, इंडियन सिनेमा में आइकॉन स्टार /अल्लू अर्जुन के 23 साल। यह एक ऐसा सफर है जो जुनून, मेहनत और लगातार खुद को बेहतर बनाने से बना है। अपनी यादगार परफॉर्मेंस से लेकर स्टाइल, डांस और एक्टिंग में नए रिकॉर्ड बनाने तक, वह आज



भी करोड़ों लोगों के लिए एक प्रेरणा हैं। इन 23 शानदार सालों का जश्न और आगे आने वाले कई और बड़े मुकामों के लिए ढेर सारी बधाई।

## राम चरण के जन्मदिन पर पेड्डी पहलवान का लुक रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार रामचरण के जन्मदिन के अवसर पर उनकी आने वाली फिल्म पेड्डी से पेड्डी पहलवान लुक हुआ रिलीज हो गया है। फिल्म पेड्डी 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, जिसमें ग्लोबल स्टार राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं। अब मेकर्स ने शानदार कंटेंट पेड्डी पहलवान रिलीज किया है, जिसमें राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन दिखाया गया है, और यह इंडस्ट्री के बेहतरीन ट्रांजिशन्स में से एक नजर आता है। पेड्डी पहलवान में राम चरण का क्रिकेट से कुश्ती की ओर ट्रांजिशन काफी यूनिक है। यह उनके फैंस के लिए किसी बेहतरीन बर्थडे गिफ्ट से कम नही है। आरआरआर के बाद उनका यह नया अवतार बेहद एक्साइटिंग लग रहा है। इससे पहले हमने आरआरआर में उनका शानदार ट्रांसफॉर्मेशन देखा था।

# अडीवी सेश को जापानी फैन से मिला खास सरप्राइज

**मुंबई।** अभिनेता अड़ीवी सेश को हाल ही में सेट पर एक बेहद भावुक और खास पल का अनुभव हुआ, जब उनकी एक जापानी फैन उनसे मिलने के लिए खासतौर पर हैदराबाद पहुंची। यह फैन, जिनका नाम रीना है, उनकी आने वाली फिल्म डकैत के लिए शुभकामनाएं देने आई थी। इस मुलाकात को और भी खास बनाते हुए रीना ने सेश के लुक को अपनाया था। उन्होंने अड़ीवी सेश की तरह कपड़े पहने थे और यहां तक कि सेश का घर का नाम जैकेट पर सनी भी लिखा हुआ था। इस पूरे पल को अभिनेता ने एक वीडियो के ज़रिए सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। रीना, फिल्म बाहुबली के समय से ही अड़ीवी सेश की बड़ी फैन रही हैं और यह उनका तीसरा मौका था जब वह सिर्फ उनसे मिलने के लिए जापान से भारत आईं। उन्होंने अपने लुक में भी खास ध्यान दिया अपने बालों को सेश की पहली फिल्म कर्मा से प्रेरित स्टाइल में बनाया और वैसे ही लाल जूते पहने जैसे सेश ने एक फोटोशूट में पहने थे। इसके अलावा, वह उनके लिए खाने का सामान भी लेकर आईं, जिससे यह मुलाकात और भी



खास बन गई। अड़ीवी सेश ने भी पूरे दिल से उनके इस प्यार का जवाब दिया, जिससे यह पल और भी भावुक हो गया। वीडियो में दोनों के बीच एक सच्चा और खूबसूरत जुड़ाव देखने को मिलता है।

## रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को होगी रिलीज

**मुंबई।** फिल्मकार नमित मल्होत्रा की आने वाली फिल्म रामायण की अगली झलक राम 2 अप्रैल को रिवील होगी। रामायण 2026 की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसे एक भव्य सिनेमाई स्पेक्टेकल के रूप में ग्लोबल स्तर पर बनाया जा रहा है। नितेश तिवारी के निर्देशन में और नमित मल्होत्रा के प्रोडक्शन में बन रही यह दो भागों में आने वाली महाकाव्य फिल्म दुनिया भर के बेहतरीन क्रिएटिव टैलेंट को साथ लेकर एक ऐतिहासिक सिनेमाई इवेंट बनने की तैयारी में है। यह एक ऐसी कहानी है जो हम सभी की है और जो भी कदम हम उठा रहे हैं।

# मुस्कान बामने महाराष्ट्रीयन लुक में हुईं वायरल

**मुंबई।** अभिनेत्री मुस्कान बामने नेसोनी सब के शो पुष्पा इम्पॉसिबल में नौवारी साड़ी और नथ के साथ पारंपरिक महाराष्ट्रीयन लुक में सबको चौंका दिया। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी दिल छू लेने वाली कहानियों और सांस्कृतिक पलों से दर्शकों का दिल जीत रहा है।


हाल ही में गुड़ी पड़वा के मौके पर दिखाए गए सीक्वेंस ने स्क्रीन पर त्यौहार की रौनक और रंगीन माहौल भर दिया। किरदारों ने मिलकर इस शुभ अवसर को असली महाराष्ट्रीयन अंदाज़ में सेलिब्रेट किया। मुस्कान बामने, जो शो में शनाया का किरदार निभा रही हैं, इस सीक्वेंस में पारंपरिक लुक में नज़र आईं। उन्होंने गुलाबी रंग की नौवारी साड़ी पहनी थी, जिसे कॉन्ट्रास्टिंग ब्लाउज़ के साथ पेयर किया गया था। मुस्कान बामने ने कहा, जैसे ही मैंने नौवारी साड़ी पहनी, मेरा मूड तुरंत बदल गया। रंग इतने ब्राइट थे कि पूरा माहौल ही बदल गया। जब नथ और ज्वेलरी पहन ली, तो ऐसा लगा ही नहीं कि मैं सिर्फ कॉस्ट्यूम पहन रही हूं। शूटिंग के दौरान एक घरेलू सीन करते वक्त अचानक लगा कि सब कुछ कितना रियल है सेट, एनर्जी, लोग। ऐसा बिल्कुल नहीं लगा कि हम शूट कर रहे हैं, बल्कि ऐसा लगा जैसे घर पर असली सेलिब्रेशन हो रहा हो। यही वो पल हैं जो हमेशा याद रहते हैं। पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।



## बिलियनेयर को लेकर अटकलें तेज

# अर्जुन रामपाल निभा रहे हैं विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल ओटीटी सीरीज बिलियनेयर में उद्योगपति विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। हंसल मेहता की अपकमिंग ओटीटी सीरीज बिलियनेयर की घोषणा के साथ ही इंडस्ट्री में चर्चाएं तेज हो गई हैं। अर्जुन रामपाल इस सीरीज में एक ताकतवर उद्योगपति की भूमिका में नजर आएंगे, जिसकी कहानी महत्वाकांक्षा, सत्ता और नैतिक पतन के इर्द-गिर्द घूमती है। भले ही निर्माता इसे पूरी तरह काल्पनिक बता रहे हैं, लेकिन कहानी में नजर आ रही समानताओं ने अटकलों को हवा दे दी है। चर्चा है कि अर्जुन रामपाल इस सीरीज में विजय माल्या और ललित मोदी से प्रेरित किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। सूत्रों के अनुसार बिलियनेयर का मुख्य किरदार



किसी एक व्यक्ति पर आधारित नहीं है, बल्कि कई वास्तविक हस्तियों के गुणों का मिश्रण हो सकता है, जिससे कहानी और ज्यादा प्रभावशाली बनती है। हंसल मेहता इससे पहले भी स्कैम जैसी चर्चित सीरीज में सच और फिक्शन के बीच की रेखा को बारीकी से पेश कर चुके हैं, जिससे इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्सुकता और बढ़ गई है।फिलहाल मेकर्स ने कहानी को लेकर चुप्पी साध रखी है, लेकिन इतना तय है कि बिलियनेयर सत्ता, सफलता और उसकी कीमत की एक दिलचस्प कहानी पेश करेगी। इस सीरीज का निर्देशन हंसल मेहता और रॉबी ग्रेवाल ने किया है। लेखन अनुभाव चोपड़ा और शांतनु सागर का है, जबकि प्रभलीन संधू ने इसे ऑलमाइटी मोशन पिक्चर के बैनर तले प्रोड्यूस किया है। यह शो अमेज़न एमएक्स प्लेयर की ओरिजिनल लाइनअप का हिस्सा है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108